नई दिल्ली

सोमवार 23 मार्च 2026

चैत्र मास शुक्ल पक्ष, पंचमी वर्ष : 29, अंक : 338

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 22

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


शहीद दिवस आज




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## पंचम:स्कंध माता



सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥

## खबर संक्षेप

### पूर्वी गोदावरी में दूध पीने से किडनी फेल, 16 की मौत

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में मिलावटी दूध पीने से मरने वाले की संख्या



बढ़कर 16 हो गई है। जबकि तीन लोगों का राजमहेंद्रवरम के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। यह घटना फरवरी के मध्य की है, जब लालचेरुवु के कुछ हिस्सों में सप्लाई किए गए मिलावटी दूध के कारण कथित तौर पर कई ग्राहक गंभीर रूप से बीमार पड़ गए। इनमें उल्टी, पेट दर्द, पेशाब न आना और किडनी का अचानक काम करना बंद कर देना शामिल था, जिसके चलते कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

## ईरान ने युद्ध समाप्ति के लिए नई शर्तों के साथ क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचा बनाने का प्रस्ताव रखा

# ईरान भी दो कदम पीछे आया, युद्ध समाप्ति के लिए रखी शर्त, गारंटी दें कि हमले नहीं होंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



डोनाल्ड ट्रंप

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने पश्चिम एशिया में बिना किसी विदेशी दखल के शांति, सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र के देशों को मिलाकर एक सुरक्षा ढांचा बनाने का प्रस्ताव रखा। इसके साथ ही उन्होंने चल रहे युद्ध को खत्म करने की शर्तें दोहराईं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक फोन कॉल में यह बात कही, जिसमें दोनों पक्षों ने आपसी संबंधों के साथ-साथ ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद हुए नए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर भी चर्चा की। रिपोर्ट में कहा गया है कि पेजेश्कियन ने कहा कि युद्ध खत्म करने के लिए ईरान की पहली शर्त अमेरिका और इजराइल के हमलों को तुरंत रोकना और यह गारंटी देना है कि भविष्य में ऐसे हमले दोबारा नहीं होंगे। उन्होंने ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अली खामेनेई, बड़े सैन्य कमांडरों और आम लोगों की हत्या करने और देश के पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाने के लिए अमेरिका और इजराइल की कड़ी निंदा की। बीते दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि युद्ध का मकसद देश को न्यूक्लियर हथियार बनाने से रोकना है। हालांकि, पेजेश्कियन ने अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों को खारिज कर और इस बात पर जोर दिया कि ईरान के पूर्व नेता परमाणु हथियार बनाने के सख्त खिलाफ थे और उन्होंने इस तरह की किसी भी कोशिश को रोकने के लिए जरूरी आदेश जारी किए थे।

*अब युद्ध तेल ठिकानों के बाद परमाणु ठिकानों पर हमले में बदल गया है। हालांकि, ईरान-इजराइल के मिसाइल अटैक किसी भी परमाणु केंद्र पर नहीं हुए, उनसे कुछ किमी दूर हुए हैं पर आशंका गहरा गई है कि यदि परमाणु ठिकानों पर मिसाइल पहुंचती है तो रेडिएशन से दुनिया कराह उठेगी*

- डोनाल्ड ट्रंप ने भी संकेत दिया था कि युद्ध पर हो सकती है बातचीत
- ट्रंप ने तेहरान को होर्मुज पूरी तरह से खोलने के लिए 48 घंटे की समय सीमा दी

**ट्रंप ने दावा किया था कि युद्ध का मकसद ईरान को न्यूक्लियर हथियार बनाने से रोकना है**

**ईरान ने कहा कि पूर्व नेता खामेनेई परमाणु हथियार बनाने के सख्त खिलाफ थे**

### गैस-कच्चा तेल लेकर 5 जहाज भारत आ चुके

*पिछले 7 दिनों में करीब पांच जहाज गैस-कच्चा तेल लेकर समुद्र के रास्ते भारत पहुंचे। इससे पहले 18 मार्च को क्रूड ऑयल टैंकर 'जग लाडकी' गुजरात में अडाणी पोर्ट्स आया था। वहीं, दो अन्य एलपीजी कैरियर एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी करीब 92,712 मीट्रिक टन गैस लेकर 16 और 17 मार्च को भारत आए थे। हालांकि, ये तीनों जहाज होर्मुज के रास्ते से होकर गुजरे थे। अब दो जहाजों को मिलाकर कुल पांच जहाज आ चुके हैं। फारस की खाड़ी में अभी भी करीब 22 भारतीय जहाज फंसे हुए हैं। हालांकि, वे सभी सुरक्षित हैं। फारस की खाड़ी में मौजूद होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के अहम शिपिंग रूट्स में शामिल है। यहां से दुनियाभर की करीब 20% ऑयल की सप्लाई होती है। ट्रंप ने तेहरान को होर्मुज को ठीक उसी समय से पूरी तरह से फिर से खोलने के लिए 48 घंटे की समय सीमा दी। उन्होंने सुबह 5:14 बजे यह बात पोस्ट की, जिससे तेहरान को मंगलवार सुबह तक का समय मिला।*

### अमेरिका से एलपीजी सिलेंडर और रूस से पेट्रोल डीजल लेकर पहुंचा जहाज

*रूस से कच्चे तेल से लदा 'एक्वा टाइटन' और अमेरिका से एलपीजी लेकर निकला जहाज 'पिक्सिस पायोनियर' रविवार सुबह कर्नाटक के मंगलुरु बंदरगाह पहुंच गया। इससे घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतों को स्थिर रखने में मदद मिलेगी। ये जहाज मूल रूप से चीन जा रहा था, लेकिन बीते दिनों अमेरिका ने समुद्र में फंसे रूसी तेल को बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी किया था। इसके बाद इस जहाज को दक्षिण चीन सागर में कोर्स बदलकर भारत की ओर मोड़ दिया गया था।*

### भारत में धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हालात

*सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कमर्शियल एलपीजी का 20 प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन मंजूर कर दिया है, जिससे कुल आवंटन बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि घरेलू उत्पादन में बढ़ोतरी से हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं।*

**पश्चिम एशिया युद्ध :** पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक में मंथन

## देश में ऊर्जा सप्लाई बाधित नहीं होने देंगे संकट से निपटने बनेगा विशेष समूह

- ईंधन आपूर्ति के लिए अन्य स्रोत तैयार करने और कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की अहम बैठक में संकट से निपटने के लिए विशेष समूह बनाने का फैसला लिया गया। इस बैठक में तेल, गैस और उर्वरक की सप्लाई को सुरक्षित रखने पर खास जोर दिया गया। करीब साढ़े तीन घंटे चली इस उच्च स्तरीय बैठक में प्रधानमंत्री ने कच्चे तेल, गैस, बिजली और उर्वरक सेक्टर की स्थिति की समीक्षा की। सरकार का मुख्य फोकस यह रहा कि देश में किसी भी तरह की सप्लाई बाधित न हो। जमाखोरी और कालाबाजारी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसको लेकर राज्यों के साथ मिलकर काम किया जाए। इसके लिए लॉजिस्टिक्स को मजबूत करने, वितरण व्यवस्था सुधारने और जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ▸▸ शेष पेज 5 पर

यह उपलब्धि केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि दशकों तक लगातार नेतृत्व, जनसमर्थन और राजनीतिक स्थिरता की कहानी भी

## पीएम मोदी देश के सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने वाले नेता बने, चामलिंग का रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब देश के सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने वाले नेता बन गए हैं। उन्होंने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। देखा जाए तो यह उपलब्धि केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि दशकों तक लगातार नेतृत्व, जनसमर्थन और राजनीतिक स्थिरता की कहानी भी है। पीएम मोदी अब तक कुल 8931 दिन सरकार के मुखिया (हेड ऑफ गवर्नमेंट) के रूप में काम कर चुके हैं। चामलिंग 8930 दिन तक सिक्किम में सरकार के प्रमुख रहे थे। पीएम मोदी के लिए यह पूरी उपलब्धि सिर्फ किसी एक सरकार का नेतृत्व करते हुए नहीं आई है। बल्कि उनकी इस उपलब्धि में 15 साल तक ▸▸ शेष पेज 5 पर

चौधरी चरण सिंह के सपनों को पूरा करना चाहते हैं ताकि किसान खुशहाल हों:त्यागी

## केसी त्यागी रालोद में हुए शामिल, जयंत चौधरी ने पार्टी की सदस्यता दिलाई

- केसी त्यागी जैसे अनुभवी नेता के आने से पार्टी को नई ताकत मिलेगी : जयंत

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



जेडीयू के वरिष्ठ नेता रहे पूर्व सांसद केसी त्यागी रविवार को जयंत चौधरी के राष्ट्रीय लोक दल में शामिल हो गए। नई दिल्ली में हुई अपने समर्थकों की सभा के बीच त्यागी ने केंद्रीय मंत्री और रालोद प्रमुख जयंत चौधरी की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने उन्हें रालोद की सदस्यता दिलाई। इस दौरान केसी त्यागी ने कहा कि दोनों ही दलों में कोई अंतर नहीं है। त्यागी ने कहा कि उन्होंने अपना राजनीतिक जीवन ही लोक दल से शुरू किया था। ये उसी का स्वरूप है, इसमें कुछ नया नहीं है, जो चौधरी चरण सिंह का बचा हुआ सपना है, उसे पूरा करने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि जदयू और आरएलडी में कोई फर्क नहीं है। एक दिन ऐसा भी था जब नीतीश कुमार और चौधरी चरण सिंह एक पार्टी बनाने वाले थे। इन दोनों में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा है कि दोनों की दलों की सोच में ज्यादा फर्क नहीं है। उन्होंने बताया है कि दोनों ही दल चौधरी चरण सिंह, राम मनोहर लोहिया और कर्पूरी ठाकुर जैसे नेताओं के विचारों से ही प्रेरित हैं। हम चौधरी चरण सिंह के छोड़े हुए मुद्दों को मजबूत करना चाहते हैं ताकि किसान खुशहाल हों और भारत मजबूत बने। हमारा मकसद लोक दल को मजबूत बनाना है ताकि उत्तर प्रदेश में फिर से एनडीए की सरकार बने। मैं पहले भी एमएलए और एमपी रह चुका हूं। चुनाव नहीं, मजबूत संगठन पर जोर आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने साफ कहा कि उनका मकसद चुनाव लड़ना नहीं है। उन्होंने कहा कि वह पहले विधायक और सांसद रह चुके हैं, इसलिए अब उनकी प्राथमिकता पार्टी को मजबूत करना है। त्यागी ने कहा कि वह चाहते हैं कि जयंत चौधरी उसी तरह बड़े नेता बनें, जैसे चौधरी चरण सिंह बने थे। इस मौके पर जयंत चौधरी ने कहा कि केसी त्यागी जैसे अनुभवी नेता के आने से पार्टी को नई ताकत ▸▸ शेष पेज 5 पर

## हवाई यात्रा होगी हवा हवाई, आज से कंपनियों को किराया वसूलने की छूट, किराया पर सरकारी बंदिशें खत्म

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने घरेलू उड़ानों पर लगाई गई अस्थायी किराया सीमा (एयरफेयर कैप) को हटाने का फैसला लिया है। यह फैसला कल आज सोमवार से प्रभावी हो जाएगा। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब भारतीय एयरलाइंस पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण परिचालन व्यवधानों, जेट ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि और रुपये की गिरावट से जूझ रही हैं। दिसंबर 2025 में इंडिगो की बड़े पैमाने पर उड़ान रद्द होने और परिचालन व्यवधानों के कारण घरेलू टिकटों की कीमतें आसमान छू रही थीं। इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 6 दिसंबर को घरेलू उड़ानों पर किराया कैप लगाया था। इसमें दूरी के आधार पर अधिकतम किराया सीमा तय की गई थी। ▸▸ शेष पेज 5 पर

**तय फार्मूला था, जिसे आज से हटा लिया गया**

- 500 किमी तक: 7,500 रुपया
- 500-1,000 किमी: 12,000
- 1,000-1,500 किमी: 15,000
- 1,500 किमी से अधिक: 18,000 रुपया

### मंत्रालय की रहेगी नजर

*मंत्रालय ने स्पष्ट चेतावनी भी दी है कि यदि कोई एयरलाइन अत्यधिक या अनुचित तरीके से किराए बढ़ाती है, खासकर पीक डिमांड, व्यवधान या आपात स्थिति में, तो इसे गंभीरता से लिया जाएगा। सरकार रीयल-टाइम आधार पर किराया ट्रेंड की निगरानी करेगी और सार्वजनिक हित में नियामक या प्रशासनिक कदम उठा सकती है, जिसमें किराया नियंत्रण दोबारा लागू करना भी शामिल है।*

### पश्चिम एशिया युद्ध का प्रभाव

पश्चिम एशिया (मुख्य रूप से ईरान-इजराइल-अमेरिका संघर्ष) में चल रहे युद्ध ने भारतीय एयरलाइंस को दोहरी मार दी है। क्षेत्र में एयरस्पेस प्रतिबंध और एयरपोर्ट बंद होने से यूरोप, अमेरिका और अन्य लंबी दूरी की उड़ानों के रूट लंबे और घुमावदार हो गए हैं। इससे उड़ान समय बढ़ रहा है और अतिरिक्त ईंधन खपत हो रही है। जेट ईंधन, जो भारतीय एयरलाइंस के परिचालन लागत का 40 फीसदी से अधिक हिस्सा है, उसकी अंतरराष्ट्रीय कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। रुपये की डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक निचले स्तर पर गिरावट से डॉलर-आधारित लागत और बढ़ गई है। कई प्रमुख एयरलाइंस ने पहले ही ईंधन सरचार्ज की घोषणा कर दी है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस ने सरकार से कैप हटाने की मांग ▸▸ शेष पेज 5 पर

## 100 करोड़ से अधिक लागत वाली जल जीवन मिशन परियोजनाओं की होगी सख्त जांच, केंद्र ने उठाए कदम

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

देश में बढ़ती लागत और अनियमितताओं की आशंकाओं के बीच केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत चल रही बड़ी परियोजनाओं पर सख्ती बढ़ा दी है। अब 100 करोड़ या उससे अधिक लागत वाली सभी परियोजनाओं की गहन जांच की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार राज्यों को फंड जारी करने से पहले इन परियोजनाओं की लागत और कार्यप्रणाली की समीक्षा करेगी। इस कदम का उद्देश्य लागत में हो रही वृद्धि को रोकना और योजनाओं को अधिक पारदर्शी बनाना है। जल जीवन मिशन का लक्ष्य देश के हर ग्रामीण घर तक प्रतिदिन प्रति व्यक्ति कम से कम 55 लीटर स्वच्छ पेयजल नल के माध्यम से उपलब्ध कराना है। पहले इस योजना को 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य था, जिसे अब बढ़ाकर 2028 कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि 100 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं और शहरी/सेक्टोरल जल मांग से जुड़ी योजनाओं की जांच द्वारा की जाएगी, जो आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है। सरकार ने राज्यों को यह भी बताया है कि रेट्रोफिटिंग (पुरानी योजनाओं के सुधार) के लिए केंद्र से कोई वित्तीय सहायता नहीं दी जाएगी। ऐसे खर्च राज्य सरकारों को अपने संसाधनों से वहन करने होंगे। केंद्र ने जल जीवन मिशन 2.0 के तहत फंड जारी करने के लिए चार अनिवार्य शर्तें भी तय की हैं। राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा समझौता पर हस्ताक्षर के साथ 'सुजल गांव' आईडी बनाकर सभी ग्रामीण जल योजनाओं की डिजिटल मैपिंग को जरूरी कर दिया गया है। समय पर वित्तीय मिलान संचालन एवं रखरखाव के लिए भी नीति की अधिसूचना जारी कर दी गई है। हाल ही में केंद्रीय कैबिनेट ने इस योजना के विस्तार को मंजूरी देते हुए 2028 तक इसके लिए अतिरिक्त 1.51 लाख करोड़ के बजट का प्रावधान किया है। इसके साथ ही योजना का कुल बजट अब 8.70 लाख करोड़ हो गया है, जिसमें केंद्र का हिस्सा 3.59 लाख करोड़ है। अब तक उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात सहित आठ राज्यों ने इस योजना के तहत केंद्र के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। सरकार का यह कदम जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाने और लागत पर नियंत्रण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।




## चांदनी चौक में अचानक की गई तलाशी के दौरान अवैध शराब जब्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति के अध्यक्ष सत्य शर्मा के नेतृत्व में रविवार को किए गए अचानक निरीक्षण के दौरान दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में अवैध शराब जब्त की गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शर्मा ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर जारी एक बयान और वीडियो में प्रवर्तन एजेंसियों की लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ₹चांदनी चौक इलाके में अचानक किए गए निरीक्षण के दौरान अवैध शराब जब्त की गई। दिल्ली पुलिस की मिलीभगत और एमसीडी की लापरवाही के कारण ऐसी गतिविधियां फल-फूल रही हैं। इस मामले को गंभीर बताते हुए शर्मा ने कहा कि तत्काल जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा, ₹यह एक बेहद गंभीर मामला है जिस पर कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को पूरी तरह से रोका जा सके।₹ इस मामले में दिल्ली पुलिस या दिल्ली नगर निगम की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

### मालवीय नगर इलाके का मामला

# अपनी दो बेटियों की हत्या करने के आरोप में मां गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के मालवीय नगर स्थित अपने घर में अपनी दो बेटियों की कथित तौर पर हत्या करने के बाद आत्महत्या का प्रयास करने वाली 54 वर्षीय महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि छह मार्च को 34 और 28 वर्ष की दो बहनों के शव मालवीय नगर के एफ-ब्लॉक स्थित उनके भूतल वाले आवास के अलग-अलग कमरों में पाए गए थे, जबकि उनकी मां दूसरे कमरे में बेहोश पाई गई थीं। उन्होंने बताया कि जहरीले पदार्थ का कथित तौर पर सेवन करने वाली आरोपी मां को शुक्रवार को उसकी चिकित्सा जांच के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने शुरू में हत्या-आत्महत्या के प्रयास का संदेह जताया था और हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया, जबकि घटनाक्रम जानने के लिए महिला का बयान दर्ज करने की प्रतीक्षा की जा रही है। पुलिस के अनुसार, जांचकर्ताओं ने कहा कि मानसिक रूप से दिव्यांग बड़ी बेटी के चेहरे पर तकिया रखा हुआ मिला, जबकि कानून की छात्रा छोटी बेटी के गले में फंदा लगा हुआ था। पुलिस ने बताया कि मां ने जहरीले पदार्थ का कथित तौर पर सेवन किया था।

पुलिस के अनुसार, महिला अपने पति से तनावपूर्ण संबंधों और दूसरों पर आर्थिक निर्भरता के कारण कथित तौर पर परेशान थी, जो इस अपराध का कारण हो सकता है। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# महिपालपुर में एलपीजी जमाखोर 74 सिलेंडर के साथ अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर में एलपीजी सिलेंडर की कथित रूप से जमाखोरी करके उन्हें अधिक कीमत पर बेचने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान कृष्णा, दिनेश साहू और मिथिलेश के रूप में हुई, जिनकी उम्र क्रमशः 33, 46 और 39 वर्ष है। ये सभी बिहार के मूल निवासी हैं लेकिन दिल्ली में रहते हैं। एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार को की गई छापेमारी में पुलिस ने 74 एलपीजी सिलेंडर (70 घरेलू और चार वाणिज्यिक) के साथ-साथ एक परिवहन वाहन और रीफिलिंग उपकरण जब्त किए। अधिकारी ने बताया, ₹तीनों आरोपी अवैध रूप से एलपीजी सिलेंडर जमा कर रहे थे और बिना बिल या लाइसेंस के स्थानीय ग्राहकों को इनकी आपूर्ति कर रहे थे। आरोप है कि वे भरे सिलेंडरों से गैस खाली सिलेंडरों में भरने के लिए धातु पाइप का इस्तेमाल करते थे।₹ अधिकारी ने कहा, ₹छापेमारी के दौरान बड़ी संख्या में एलपीजी सिलेंडर, वजन करने की मशीन और गैस भरने के उपकरण बरामद हुए। आरोपी सिलेंडर के भंडारण या वितरण से संबंधित कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके।₹ उन्होंने बताया कि बरामद की गई वस्तुओं में 54 भरे हुए और 16 इस्तेमाल किए गए घरेलू सिलेंडर, तीन भरे हुए और एक इस्तेमाल किया हुआ वाणिज्यिक सिलेंडर, वजन मापने का एक इलेक्ट्रॉनिक पैमाना, वजन मापने की मशीन और गैस रीफिलिंग के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण शामिल थे। वसंत कुंज नॉर्थ पुलिस थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ये तीनों दो दशकों से अधिक समय से दिल्ली में रह रहे हैं और कथित तौर पर पिछले तीन वर्षों से महिपालपुर क्षेत्र में अवैध एलपीजी व्यापार में शामिल थे।

## जनकपुरी में कार की टक्कर से कांस्टेबल घायल, चालक पकड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के जनकपुरी इलाके में वाहनों की जांच के दौरान एक कार चालक ने भागने की कोशिश की और इसी दौरान दिल्ली यातायात पुलिस का एक कांस्टेबल टक्कर लगने से घायल हो गया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया और आरोपी चालक नीलेश कुमार को गिरफ्तार किया है, जो दिल्ली के द्वारका के बागडोला इलाके का निवासी है। उन्होंने बताया कि यह घटना शनिवार शाम को लाल साई मार्ग पर भारती कॉलेज के निकट हुई, जब यातायात कर्मी शराब पीकर गाड़ी चलाने पर अंकुश लगाने के लिए नियमित जांच कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक गुरदीप सिंह और कांस्टेबल मोहन पाल की टीम ने संदेह होने पर एक कार को रुकने का इशारा किया। हालांकि, चालक ने कथित तौर पर भागने की कोशिश की और इस दौरान उसने वाहन से कांस्टेबल को टक्कर मार दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कांस्टेबल को सामने से टक्कर लगी और वह कार के बोनट पर गिर पड़े, जिसके बाद कुछ मीटर आगे जाकर वह सड़क पर जा गिरे। पुलिस ने बताया कि यातायात कर्मियों की शिकायत के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उसने बताया कि घायल कांस्टेबल को चिकित्सा उपचार दिया गया है।

## विश्व जल दिवस पर कार्यक्रम, 'जल और जेंडर' विषय पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली



आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), नई दिल्ली के जल प्रौद्योगिकी केंद्र ने रविवार को 'विश्व जल दिवस' के अवसर पर "जल और जेंडर" विषय पर एक तकनीकी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर एएसआरबी के सदस्य (एनआरएम) डॉ. एस.के. अंबास्ट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. अंबास्ट ने अपने संबोधन में भारतीय समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से जल संकट और खारे पानी वाले क्षेत्रों में महिलाओं को दूर-दूर से पानी लाने में आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए, सतत जल संसाधन प्रबंधन के लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को जरूरी बताया। साथ ही उन्होंने भूजल के अत्यधिक दोहन की वर्तमान स्थिति पर चिंता जताई और भूजल पुनर्भरण को मजबूत करने के उपायों पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में लगभग 140 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें किसान, विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर, वैज्ञानिक, कर्मचारी और छात्र शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान "जल साक्षरता और शासन के माध्यम से महिला किसानों को सशक्त बनाना" विषय पर एक रैपिड ब्रेनस्टॉर्मिंग सत्र भी आयोजित किया गया, जो धन फाउंडेशन, मदुरई (तमिलनाडु) के सहयोग से हुआ। इसमें 6 राज्यों - तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार, ओडिशा और दिल्ली-से आए 17 किसानों (जिनमें 8 महिला किसान शामिल थीं) ने जल संसाधनों के कुशल उपयोग के अपने अनुभव साझा किए। विशेष अतिथियों के रूप में संयुक्त निदेशक (शिक्षा) एवं डीन डॉ. अनुपमा सिंह, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) डॉ. सी. विश्वनाथन और संयुक्त निदेशक (विस्तार) डॉ. आर.एन. पडारिया भी उपस्थित रहे। डॉ. अनुपमा सिंह ने पारंपरिक जल संचयन संरचनाओं के महत्व और जल सुरक्षा में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. विश्वनाथन ने स्वचालित सिंचाई और जलवायु अनुकूल जल प्रबंधन के सकारात्मक प्रभावों की चर्चा की। डॉ. पडारिया ने बुंदेलखंड क्षेत्र में 'जल सहेलियों' की भूमिका और जल प्रबंधन में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने की आवश्यकता बताई।

## तरुण व इलेक्ट्रीशियन के परिवार को एक-एक करोड़ का मुआवजा और सरकारी नौकरी दे सरकार : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी ने दिल्ली सरकार से उत्तम नगर में दलित युवक तरुण और वजीरपुर में इलेक्ट्रीशियन की हत्या मामले में पीड़ित परिवार को एक-एक करोड़ रुपए मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। 'आप' दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह दोनों हत्याएं भाजपा सरकार की नाकामियों के चलते हुई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को तरुण और इलेक्ट्रीशियन के परिवार को भी मुआवजा और नौकरी देनी होगी। अगर नहीं देती है तो आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करेगी। सौरभ ने कहा कि जिस तरह से उत्तम नगर में तरुण खटीक की निर्मम हत्या की गई, उसके परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। इसी तरह वजीरपुर में कोली समाज के एक इलेक्ट्रीशियन की हत्या हुई, जिसकी तीन छोटी बेटियां हैं। एक बेटी नर्सरी में है, दूसरी शायद दूसरी कक्षा में है और तीसरी छठी कक्षा में है। अब उनके घर में कमाने वाला कोई नहीं है। उस परिवार को भी एक करोड़ रुपए की आर्थिक मदद और एक सरकारी नौकरी दी जाए। सौरभ ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उन्होंने तरुण के परिवार और कोली परिवार को एक करोड़ रुपए तथा सरकारी नौकरी नहीं दी, तो उनकी सरकार की ईंट से ईंट बजा दी जाएगी। आम आदमी पार्टी को इस सरकार के होश ठिकाने लगाने आते हैं। हम इनसे केवल निवेदन नहीं करते रहेंगे, बल्कि इनके खिलाफ बड़े बड़े विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## 'विकसित भारत' के लिए खेल, योग और वेलनेस पर मंथन कल'

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान, विकासपुरी में कल, 24 मार्च 2026 को एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के प्राचार्य प्रो संदीप तिवारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि "भारतीय दृष्टि से खेल सृष्टि : योग, शारीरिक गतिविधि और वेलनेस के माध्यम से विकसित भारत का निर्माण" विषय पर आधारित यह सम्मेलन सुबह 9 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चलेगा। यह आयोजन क्रीड़ा भारती, दिल्ली के सहयोग से किया जा रहा है। इस सम्मेलन में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं अर्जुन अवार्डी (तैराकी) एवं क्रीड़ा भारती, दिल्ली के अध्यक्ष भानु सचदेवा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# प्रॉपर्टी डीलर बनकर धोखाधड़ी करने वाला व्यक्ति दबोचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने रविवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसने कथित तौर पर खुद को प्रॉपर्टी डीलर बताकर खरीदारों और विक्रेताओं का विश्वास जीता, अग्रिम भुगतान एकत्र किया और फिर फरार हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी राहुल पासवान दिल्ली के लक्ष्मी नगर का निवासी है और मूल रूप से बिहार के लखीसराय जिले का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि उसको शनिवार को कश्मीरी गेट के पास पार्किंग क्षेत्र से उस समय पकड़ा गया जब वह शहर छोड़ने के प्रयास में था। उन्होंने बताया कि लक्ष्मी नगर पुलिस थाने में अप्रैल 2022 में आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज धोखाधड़ी के मामले में उसे तीन फरवरी, 2023 को भगोड़ा अपराधी घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार, पासवान धोखाधड़ी के कई मामलों में शामिल है और लगभग एक साल से फरार था, इस दौरान वह गिरफ्तारी से बचने के लिए हरियाणा के फरीदाबाद में रहा था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ₹विश्वसनीय सूचना के आधार पर, टीम ने गिरफ्तार कर लिया।₹

पुलिस के मुताबिक, पासवान खुद को एक असली प्रॉपर्टी डीलर के रूप में पेश करता था। पुलिस के अनुवास वह संभावित ग्राहकों को फ्लैट या प्रॉपर्टी दिखाता, उनका भरोसा जीतता और शुरुआती भुगतान लेने के बाद सौदा पूरा किए बिना गायब हो जाता था। उन्होंने बताया कि लक्ष्मी नगर पुलिस थाने में दर्ज कम से कम तीन प्राथमिकी में उसकी तलाश थी, जिनमें 2022 और 2024 में दर्ज मामले भी शामिल हैं, जो सभी धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित हैं। अधिकारियों ने बताया कि गुरुग्राम और फरीदाबाद में भी उसके खिलाफ कई शिकायतें दर्ज की गई हैं।

## खाड़ी युद्ध से उभरे ऊर्जा संकट पर सरकार को सजग रहना होगा: कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

खाड़ी में चल रहे ईरान इजरायल और अमेरिकी युद्ध से बढ़ते ऊर्जा संकट और सरकार की चुप्पी पर कांग्रेस शुरू से हमलावर रही है। तीन सप्ताह से चल रहे इस युद्ध संघर्ष पर दिल्ली कांग्रेस ने भी सरकार पर हमला बोला है। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सरकार की निष्क्रियता और विदेश नीति के फेलियर को लेकर जमकर हमला बोलते हुए कहा "मोदी सरकार की अमेरिका-परस्त विदेश नीति ने ईरान और खाड़ी देशों से भारत के रिश्तो को कमजोर किया हैं। अब युद्ध के चलते होर्मुज रास्ता बाधित होने से एलपीजी की सप्लाई में कमी आई है। दिल्ली में 14.2 किलो घरेलू सिलेंडर का दाम 853 से बढ़कर 913 हो गया, यानि आम लोगो को 60 का सीधा झटका दिया गया है ! कमर्शियल सिलेंडर भी 115 महंगा कर दिया गया है। इससे लाखों होटल और घरों में रसोई ठप, महिलाएं और छोटे होटल मालिक परेशान हो रहे हैं।"इसी मामले पर करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का कहना है कि जिस तरह से क्रूड ऑयल के दाम 70-73 से $108-110 प्रति बैरल पहुंच गया है तो निश्चित ही पेट्रोल डीजल के दामों में बढ़ोतरी होनी तय है। सरकार इंडस्ट्रियल डीजल में 22 रुपए की वृद्धि कर इसके संकेत दे चुकी है। एलपीजी पर मोदी जी भले ही गैस की कमी नहीं जैसे दावे कर कांग्रेस पर लोगो में पैनिक फैलाने के इल्ज़ाम लगा चुके हों लेकिन खाड़ी युद्ध शुरू होने के 3 दिन बाद ही कमर्शियल सिलेंडर पर 115 रुपए और घरेलू सिलेंडर पर 60 रुपए की बढ़ोतरी और बुकिंग की समय सीमा 25 दिन करके सरकार खुद ही गैस की कमी होने का इशारा कर पैनिक फैला चुकी है। साथ ही अमेरिकी दबाव के चलते हम पहले ही रूस और ईरान के साथ अन्य खाड़ी देशों से मिलने वाले सस्ते पेट्रोलियम पदार्थों का आयात बहुत कम कर अमेरिका से महंगा और ज्यादा सामान खरीद रहे हैं।आदेश भारद्वाज ने खाद की होने वाली संभावित किल्लत पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र की एक संस्था यूएनसी-टीएडी के मुताबिक होर्मुज के रास्ते लगभग 13.4 लाख टन खाद का आयात निर्यात किया जाता है। और इस रास्तेके लम्बे समय तक बंद हो जाने से खाद की किल्लत होगी ही होगी जिससे यूरिया खाद पर निर्भर रहने वाली फसल गेहूं, मक्का और चावल जैसी फसलों की पैदावार पर असर डालेगी। क्योंकि भारत 40% यूरिया-फॉस्फेट मध्य पूर्व से आयात करता है।

# 'नरेला के डीडीए पार्क में खुला मौत का नाला, जिम्मेदार कौन?'

- पॉकेट-4 पार्क में गहरा खुला नाला बना हादसे का कारण
- स्थानीय लोगों ने डीडीए और सरकार की लापरवाही पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



### बड़ी त्रासदी का कारण बन सकती यह लापरवाही

स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह मामला दिल्ली सरकार और डीडीए प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यदि समय रहते इस खुले नाले को नहीं ढका गया, तो यह लापरवाही किसी भी दिन एक बड़ी त्रासदी का कारण बन सकती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से इस नाले को ढककर सुरक्षित किया जाए, ताकि किसी निर्दोष की जान जोखिम में न पड़े।

दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा स्थित सिंघोला गांव के पास डीडीए के पॉकेट-4 पार्क में एक बड़ा और गहरा नाला खुलेआम मौत को दावत दे रहा है। पार्क के बीचों-बीच मौजूद इस नाले को अब तक ढका नहीं गया है, जिससे यहां कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह पार्क डीडीए के मंहगे फ्लैटों के पास स्थित है, जहां रोजाना बच्चे खेलते हैं और महिलाएं, बुजुर्ग आदि लोग टहलने आते हैं। ऐसे में खुले नाले की मौजूदगी सीधे तौर पर लोगों की जान के साथ खिलवाड़ है। निवासियों ने आरोप लगाया कि डीडीए अधिकारियों की घोर लापरवाही के चलते इस गंभीर समस्या की अनदेखी की जा रही है। लोगों में इस बात को लेकर भी गहरा रोष है कि जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी केवल हादसे के बाद ही सक्रिय होते है। एक स्थानीय निवासी ने कहा कि जब कोई बड़ा हादसा हो जाएगा, तब सरकार के मंत्री और सभी दलों के नेता यहां संवेदना जताने जरूर पहुंचेंगे, लेकिन उससे पहले इस खतरे को खत्म करने के लिए कोई आगे नहीं आ रहा है।

### समान वेतन और बिना ब्रेक सेवा विस्तार के दावों के बीच मनमानी के आरोप

# मिनिमम वेज एग्रीमेंट के दबाव पर एमटीएस कर्मियों में प्रशासन के प्रति रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में एमटीएस कर्मचारियों के बीच इन दिनों भारी नाराजगी दे खने को मिल रही है। एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन में महासचिव देवानंद ने आरोप लगाया है कि निगम प्रशासन कर्मचारियों पर 50 रुपए के एग्रीमेंट के जरिए मिनिमम वेज पर हस्ताक्षर करने का दबाव बना रहा है, जो पूरी तरह अनुचित और निंदनीय है। यूनियन के अनुसार, वर्ष 2012 से लगातार हर साल 1 अप्रैल से एमटीएस कर्मचारियों का सेवा विस्तार बिना किसी ब्रेक के किया जाता रहा है। हालांकि, वर्ष 2023 में पहली बार अधिकारियों द्वारा ब्रेक देकर एग्रीमेंट लेने का दबाव बनाया गया, जबकि उपलब्ध रिकॉर्ड यह दर्शाते हैं कि सेवा विस्तार हमेशा बिना रुकावट के होता आया है। मनमाने रूख के चलते एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो कर्मचारी सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह निगम प्रशासन की होगी। दूसरी ओर, निगम हाउस द्वारा वर्ष 2026 के बजट सत्र में एमटीएस कर्मचारियों के लिए ग्रेड पे, वेरिएबल डीए और "समान पद-समान वेतन" को मंजूरी दी जा चुकी है। इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को मिनिमम वेज पर एग्रीमेंट करने के लिए बाध्य करना कई सवाल खड़े करता है।

### सख्त मौखिक आदेशों के जरिए दबाव बना रहे

यूनियन का आरोप है कि निगम के सभी 12 जोनों में डीएचओ और वार्ड स्तर के इंचार्ज कर्मचारियों पर सख्त मौखिक आदेशों के जरिए दबाव बना रहे हैं। इतना ही नहीं, हाईकोर्ट के आदेश के बाद 1996 से कार्यरत कर्मचारियों की सीनियरिटी तय होने के बावजूद भी समान वेतन देने में भेदभाव किया जा रहा है।

### बैठक के लिए भी समय नहीं दे रहें अधिकारी

यूनियन का कहना है कि अधिकारियों की मनमानी के चलते कुछ को लाभ दिया जा रहा है, जबकि अन्य को नजरअंदाज किया जा रहा है। यूनियन ने यह भी आरोप लगाया कि कई बार मौखिक और लिखित अनुरोध के बावजूद अधिकारियों ने बैठक का समय तक नहीं दिया, जिससे कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।



## निगम शिक्षकों का अपनी मांगों को लेकर जंतर-मंतर पर सामूहिक उपवास आज

**नई दिल्ली।** शिक्षक न्याय मंच नगर निगम ने अपने आठवें स्थापना दिवस एवं शहीदी दिवस (23 मार्च) के अवसर पर निगम शिक्षकों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर जंतर-मंतर पर एक दिन के सामूहिक उपवास (अनशन) का ऐलान किया है। इस आंदोलन का उद्देश्य शिक्षकों की समस्याओं को सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना और समाधान के लिए दबाव बनाना है। संगठन ने सभी शिक्षक साथियों से अपील की है कि वे 23 मार्च को अपने-अपने स्कूलों में काली पट्टी बांधकर और मांगों के पोस्टर के साथ फोटो साझा करें, ताकि शिक्षक एकता का संदेश पूरे प्रदेश में मजबूती से पहुंचे। वहीं, जंतर-मंतर पर दोपहर 3 बजे सभी शिक्षकों के एकत्र होने का आह्वान किया गया है। संगठन के शिक्षक कुलदीप खत्री ने बताया कि शिक्षक न्याय मंच का गठन 23 मार्च 2018 को रोहिणी जोन में नॉर्थ एमसीडी के शिक्षकों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए किया गया था। तब से अब तक संगठन लगातार शिक्षक हितों के लिए संघर्षरत है। संगठन का कहना है कि तीनों निगमों के एकीकरण के बाद अब सभी शिक्षक एकजुट होकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवाज उठा रहे हैं।

### एमसीडी में भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन आज

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में नगर निगम (एमसीडी) के कुछ अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और अवैध निर्माण को संरक्षण देने के आरोपों के बीच जनता का आक्रोश अब खुलकर सामने आ रहा है। इसी क्रम में क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आज, 23 मार्च 2026 को लाजपत नगर स्थित एमसीडी सेंट्रल जोन कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। प्रदर्शन करने वालों का कहना है कि यह प्रदर्शन सुबह 11 बजे शुरू होगा और पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा। उनका कहना है कि बार-बार शिकायतें करने और न्यायालय के आदेश होने के बावजूद अवैध निर्माण के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे आम जनता के अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है।

‘देश की राजधानी को बनाएंगे चिकित्सा शिक्षा और शोध का राष्ट्रीय केंद्र’

# अस्पतालों के एकीकरण से बढ़ेंगी एमबीबीएस और पीजी की सीटें, रिसर्च को मिलेगी नई उड़ान : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों के एकीकरण से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा बल्कि चिकित्सा शिक्षा को भी बड़ा लाभ मिलेगा और एमबीबीएस तथा पोस्ट ग्रेजुएट सीटों में उल्लेखनीय वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। यह बात रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कही है।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि इस परियोजना का एक प्रमुख उद्देश्य पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) सीटों में बड़े स्तर पर वृद्धि करना है ताकि अधिक से अधिक डॉक्टरों को विशेषज्ञ प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को मजबूत किया जा सके। इसके तहत राजीव गांधी अस्पताल, दिल्ली कैंसर इंस्टीट्यूट और जीटीबी अस्पताल में चल रहे समान विषयों और विभागों को एकीकृत किया जाएगा। वर्तमान में कई विभाग अलग-अलग संस्थानों में संचालित हो रहे हैं, जिसके कारण उपलब्ध संसाधनों और मानवबल का पूर्ण उपयोग नहीं हो पा रहा है। इंटीग्रेशन के बाद इन सभी विभागों के फैकल्टी (एसिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रोफेसर) को एक साथ जोड़कर उनकी क्षमता के अनुरूप पीजी सीटों में वृद्धि की जाएगी। मेडिकल नियमों के अनुसार, एक एसोसिएट प्रोफेसर दो पीजी सीट और एक प्रोफेसर तीन पीजी सीट सपोर्ट कर सकता है इसलिए फैकल्टी को एकीकृत करने से सीटों में स्वतः वृद्धि होगी। विभाग के अनुसार रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी और एनेस्थीसिया जैसे विषयों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की संभावना है। रेडियोलॉजी में जहां पहले सीटों की संख्या सीमित या शून्य थी, वहीं एकीकरण के बाद यह संख्या बढ़कर लगभग 22 तक पहुंच सकती है। वहीं पैथोलॉजी में सीटों की संख्या करीब 26 तक और एनेस्थीसिया में लगभग 48 तक बढ़ने का अनुमान है। यह वृद्धि केवल विभागों को जोड़ने से ही नहीं बल्कि खाली पड़े पदों को भरने से भी संभव होगी क्योंकि अभी कई अस्पतालों में फैकल्टी की नियुक्ति पूरी नहीं है। इसके अतिरिक्त, कुछ विशेष विभाग ऐसे भी हैं जहां वर्तमान में पीजी सीटें उपलब्ध नहीं हैं, जैसे दिल्ली कैंसर इंस्टीट्यूट और राजीव गांधी अस्पताल के कुछ विशिष्ट विभाग। एकीकरण के बाद इन विभागों में नए डॉक्टरों की नियुक्ति कर पीजी कोर्स शुरू किए जाएंगे। दिल्ली कैंसर इंस्टीट्यूट में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, न्यूक्लियर मेडिसिन, कैंसर रिसर्च और आईसीयू जैसे विभागों में लगभग 26 नई पीजी सीटें जोड़ी जा सकती हैं। वहीं राजीव गांधी अस्पताल में हृदय रोग और हृदय शल्य चिकित्सा (कार्डियक सर्जरी) जैसे विभागों में भी लगभग 14 नई सीटों की संभावना है।

### एम्स मॉडल पर विकसित होगा एकीकृत मेडिकल संस्थान

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार गुरु तेग बहादुर अस्पताल (जीटीबी), दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट (डीएससीआई) और राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल (आरजीएसएसएच) को एकीकृत कर एम्स मॉडल की तर्ज पर एक स्वायत्त संस्थान विकसित करने जा रही है। साथ ही, इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर ऐंड एलाइड साइंसेज (इहबास) को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान-2 (एनआईएमएचएएनएस-2) के रूप में विकसित करने की दिशा में भी पहल की जा रही है।

### भविष्य में एमबीबीएस सीटें बढ़ाने का भी खुलेगा रास्ता

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिस्तरों की संख्या, मरीजों की संख्या और फैकल्टी बढ़ने से भविष्य में एमबीबीएस सीटों की संख्या बढ़ाने की संभावनाएं भी मजबूत होंगी। इसके लिए हॉस्टल, आधुनिक प्रयोगशालाओं, लेक्चर थिएटर और अन्य शैक्षणिक सुविधाओं के विकास की योजना बनाई जाएगी ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

सत्या शर्मा ने सौरभ के बयान पर दी प्रतिक्रिया

## ‘जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी राजनीति कर रहे आप नेता’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी जनहित से जुड़े गंभीर मुद्दों पर भी अनावश्यक राजनीति कर रही है। दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के बयान पर यह प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सौरभ भारद्वाज पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने अवैध गतिविधियों के इस विषय को बिना कारण राजनीतिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने स्थित पार्किंग क्षेत्र में संदिग्ध एवं अवैध गतिविधियों का खुलासा करना पूरी तरह से जनता की सुरक्षा, पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही से जुड़ा विषय है, न कि राजनीति का। अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि उन्होंने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए दिल्ली के हित में यह मुद्दा उठाया, लेकिन आम आदमी पार्टी इसे भटकाने और राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रही है। इससे यह स्पष्ट होता है कि पार्टी हर गंभीर विषय को भी राजनीतिक चश्मे से देखने की आदी हो चुकी है। सत्या शर्मा ने कहा कि भाजपा दिल्ली के समग्र विकास, पारदर्शी प्रशासन और जनकल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जबकि आम आम आदमी पार्टी केवल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति में उलझी हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में दिल्ली की जनता एक बार फिर भाजपा के विकास कार्यों पर मुहर लगाएगी।

सत्या शर्मा ने आप प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज को सलाह दी कि वे हर मुद्दे पर बयानबाज़ी करने के बजाय दिल्ली की जनता के हित में सकारात्मक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी है और अवैध गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठाना उसका दायित्व है।

## ‘सुनियो की अंतिम तिथि 31 मार्च, महापौर ने किया जल्द कर निपटान का आह्वान’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि वे संपत्तिकर निपटान योजना (सुनियो) 2025-26 का लाभ उठाने में देरी न करें। उन्होंने कहा कि इस योजना की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 निर्धारित की गई है, जिसके बाद यह विशेष छूट समाप्त हो जाएगी। महापौर ने बताया कि इस योजना के तहत वर्ष 2020-21 से पहले के लंबित संपत्तिकर पर ब्याज और दंड में पूरी छूट दी जा रही है। हालांकि, इसके लिए शर्त है कि करदाता को वर्तमान वर्ष 2025-26 तथा पिछले पाँच वर्षों का मूल कर जमा करना अनिवार्य होगा। महापौर ने यह भी बताया कि योजना के अंतर्गत केवल 5 प्रतिशत विलंब शुल्क के साथ कर निपटान की सुविधा दी जा रही है, जिससे करदाताओं को बड़ी राहत मिल सकती है। साथ ही, पूरी प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। महापौर ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे समय रहते अपने लंबित संपत्तिकर का भुगतान कर इस योजना का लाभ उठाएं और अतिरिक्त दंड से बचें। उन्होंने कहा कि यह योजना करदाताओं के हित में लाई गई है, इसलिए इसे नजरअंदाज न करें।

## दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू, सियासी घमासान के आसार

विनोद मणि गौतम ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र आज सोमवार से शुरू हो रहा है। 23 से 25 मार्च तक चलने वाले इस बजट सत्र में सियासी घमासान देखने को मिल सकता है। सत्र की शुरुआत आज ‘खीर सेरेमनी'के साथ शुरू होगी, जबकि 24 मार्च को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बजट पेश करेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर खीर सेरेमनी में शामिल होंगी। खीर सेरेमनी की परंपरा की शुरुआत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पिछले साल की थी। उधर विपक्ष सरकार को कई मुद्दों पर घेरने के लिए तैयार है। हालांकि निलंबित सदस्यों के मुद्दे पर विपक्ष ने बजट सत्र का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। विधानसभा सचिवालय के अनुसार सदन की कार्यवाही आज सुबह 11 बजे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गान के साथ शुरू होगी। इसके बाद नियम 280 (विशेष उल्लेख) के तहत सदस्य अपने अपने क्षेत्रों की समस्याएं उठाएंगे। इसके बाद नियम 114 के तहत सदस्य शिखा राय लोक सभा अध्यक्ष को हटाने के खिलाफ संसद में विपक्ष के द्वारा लाए गए प्रस्ताव के संबंध में निंदा प्रस्ताव लाएंगी। इसके बाद सदस्यों द्वारा सदन पटल पर विभिन्न समितियों के प्रतिवेदन सदन पटल पर रखे जाएंगे।

### मुख्यमंत्री सदन में पेश करेगी दिल्ली की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट

आज से शुरू होने वाले विधानसभा के बजट सत्र में सदन की नेता और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट (2025-26) सदन में पेश करेंगी। इसके बाद मुख्यमंत्री वित्तीय समितियों के गठन संबंधी प्रस्ताव सदन में पेश करेंगी। इसके बाद मुख्यमंत्री कई रिपोर्टों को सदन पटल पर रखेंगी।

### पहले दिन पेश होंगी कैग की कई रिपोर्टें

सत्र के पहले दिन मंत्री आशीष सूद द्वारा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की कई अहम रिपोर्टें सदन में रखी जाएंगी। इनमें दिल्ली सरकार के वित्त, राजस्व, बच्चों की देखभाल से जुड़े मुद्दे और दिल्ली जल बोर्ड से संबंधित ऑडिट रिपोर्ट भी शामिल होंगी। वहीं मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा अपने विभाग खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की रिपोर्ट सदन में पेश करेंगे।

### 24 मार्च को पेश होगा बजट

दिल्ली की मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री रेखा गुप्ता 24 मार्च को अपना दूसरा वार्षिक बजट पेश करेंगी। पिछले साल उन्होंने एक लाख करोड़ रुपये का पहला बजट पेश किया था। अबकी बार बजट में यमुना की सफाई, प्रदूषण नियंत्रण, अनधिकृत कॉलोनियों की समस्याएं और मोहल्ला क्लीनिक से जुड़े मुद्दों पर ठोस कदम उठाने की चुनौती सरकार के सामने होगी। बजट की तैयारी के तहत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गिग वर्कर्स, मजदूरों, किसानों और ग्रामीण प्रतिनिधियों, युवाओं के साथ अलगअलग कई बैठकें कीं। इन बैठकों में बेहतर कार्य परिस्थितियों, सामाजिक सुरक्षा, कृषि सब्सिडी, ईवाहन इंफ्रास्ट्रक्चर और महिलाओं के लिए योजनाओं पर सुझाव दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बजट में सभी वर्गों की बातों को तरजीह दी जाएगी।

### भारत पूरे विश्व को नेतृत्व देने की रखता है क्षमता : सचदेवा



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस अणुव्रत विकास यात्रा के दौरान उन्होंने ना सिर्फ भारत को एक स्वावलंबी देश बनाया है बल्कि उनकी छवि के चलते आज भारत पूरे विश्व को नेतृत्व देने की क्षमता रखता है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा है कि रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र सेवा को समर्पित प्रशासन प्रमुख के तौर पर 8931 दिन का कार्यकाल पूरा करके जहां भारत में शासन प्रमुख के रूप में एक कीर्तिमान स्थापित किया है। सचदेवा ने कहा है कि चार बार गुजरात से विधायक एवं तीन बार उत्तर प्रदेश से लोकसभा सांसद चुने जा कर नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रियता की एक अनूठी मिसाल स्थापित की है। सचदेवा ने कहा है कि 24 फरवरी 2002 को पहली बार विधायक चुनने से 22 मार्च 2026 तक की 8931 की जन सेवा यात्रा में नरेन्द्र मोदी ने पहले गुजरात राज्य को फिर 2014 से पूरे देश को अपने अनुकरणीय विजन से एक अद्भुत अनूठे विकास मार्ग से जोड़ा है। सचदेवा ने कहा है कि यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजपथ को कर्तव्यपथ, प्रधानमंत्री आवास के पते को लोक कल्याण मार्ग एवं राजभवनों को लोकभवन का नाम देकर सारे देश को सत्य सेवा समर्पण के मार्ग से जुड़ने को प्रेरित किया है।

## पंजाबी बाग : सड़क किनारे फेंका मिला शिशु पोषण आहार

दया राम ⏭ नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली के पंजाबी बाग क्षेत्र में सड़क किनारे वेरा -शिशु आहार के पैकेट पड़े मिलने से दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग की पोषण योजनाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यह शिशु आहार दिल्ली के आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों और गर्भवती/धात्री माताओं को वितरित किया जाता है, जिसका उद्देश्य कुपोषण को दूर करना है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यहां अक्सर कई पैकेट खुले में पड़े मिलते हैं, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि लाभार्थी इस आहार को उपयोग में नहीं ला रहे हैं।

हालांकि, यह भी स्पष्ट नहीं है कि इन पैकेट्स को किसने और किन परिस्थितियों में यहां फेंका। वहीं, इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया गया लेकिन उनकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। लोगों का कहना है कि एक तो इतनी महंगाई है कि लोग खाने की वस्तुओं के लिए लाइनों में तक लग जाते है और यदि पैकेट में पोषक आहार की गुणवत्ता, स्वाद और उपयोगिता बेहतर होती, तो इसे इस तरह सड़क किनारे कौन फेंक कर जाता। बता दें कि यहां ये पैकेट ब्रिटानिया चौक से पंजाबी बाग की तरफ जाने वाले मार्ग के बाई तरफ बसी स्लम कॉलोनी के निकट फेंके गए हैं। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर लाभार्थी दिल्ली सरकार की इस पोषक सामग्री को स्वीकार क्यों नहीं कर रहे हैं।

सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों का मानना है कि सरकारी योजनाओं की सफलता केवल वितरण तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह भी जरूरी है कि लाभार्थी उसे अपनाएं और उसका सही उपयोग करें। यदि शिशु आहार का उपभोग नहीं हो रहा है, तो यह योजना के उद्देश्य पर सवाल खड़ा करता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए न केवल इसकी जांच की जाए, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम भी उठाए जाएं, ताकि बच्चों और माताओं को वास्तव में पोषण का लाभ मिल सके।

- शिशु आहार की गुणवत्ता और स्वीकार्यता पर उठ रहे सवाल

## विपक्ष के सदस्यों का निलंबन रद्द नहीं किया गया तो ‘आप’ करेगी बजट सत्र का बहिष्कार : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने रविवार को कहा कि अगर विधानसभा अध्यक्ष द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) के चार विधायकों का निलंबन रद्द नहीं किया गया तो उनकी पार्टी बजट सत्र का बहिष्कार करेगी। आतिशी ने रविवार को विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर निष्कासित विपक्ष के सदस्यों को सदन में शामिल करने की मांग की है।

आतिशी ने प्रैसवार्ता में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर विशेषाधिकार उल्लंघन के नोटिस और निलंबन के माध्यम से पार्टी की आवाज दबाने का आरोप लगाया। आतिशी ने कहा कि पिछले सत्र में आप के चार विधायकों को निलंबित कर दिया गया था और उन्हें दिल्ली के 70 सदस्यों के आधिकारिक व्हाट्सएप समूह से हटा दिया गया था। आतिशी ने कहा कि दिल्ली विधानसभा की लोक लेखा समिति के सदस्य और आम आदमी पार्टी के सदस्य कुलदीप कुमार को न तो बैठकों में बुलाया गया और न ही समिति की मसौदा रिपोर्ट भेजी गई। आतिशी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर संजीव झा, कुलदीप कुमार, सोमदत्त और जरनैल सिंह सहित चार सदस्यों का असंवैधानिक निलंबन रद्द नहीं किया गया, तो आगामी बजट सत्र में आम आदमी पार्टी का कोई भी सदस्य भाग नहीं लेगा। आतिशी ने कहा कि उन्हें अकेले ही विशेषाधिकार उल्लंघन के चार नोटिस भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष की आवाज दबाई गई तो पार्टी लाखों लोगों को लेकर उनके निर्वाचन क्षेत्रों में सड़कों पर उतरेगी। दिल्ली विधानसभा में सत्तारूढ़ भाजपा के 48 सदस्य हैं, जबकि मुख्य विपक्षी दल आम आदमी पार्टी के 22 सदस्य हैं।

आतिशी ने मांग करते हुए कहा कि उपरोक्त परिस्थितियों को देखते हुए सभी विपक्षी विधायकों का यह आग्रह है कि विधानसभा अध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि जिन सदस्यों को चतुर्थ सत्र की प्रथम बैठक में अनावश्यक रूप से बाहर किया गया है, उन्हें द्वितीय बैठक में सम्मिलित किया जाए। साथ ही, सदन निष्पक्ष रूप से संचालित हो, विपक्ष के सदस्यों को लोकहित के मुद्दे उठाने से न रोका जाए तथा उन्हें उचित समय प्रदान किया जाए। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि विधानसभा अध्यक्ष इन सभी विषयों का संज्ञान लेकर यह सुनिश्चित करेंगे कि सदन विधायी परंपराओं के अनुरूप संचालित हो।

### इस बार बजट में लुभावने वायदे किए जाएंगे : यादव

नई दिल्ली। इस बार के बजट में भी भाजपा की दिल्ली सरकार के द्वारा लोक लुभावने वायदे किए जाएंगे ताकि जनता इनकी पिछले एक वर्ष की नाकामियों को भूल जाए। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली सरकार द्वारा सोमवार, 23 मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र से पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की कछुआ की चाल की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए यह आरोप लगाए। यादव ने कहा कि पिछले बजट में की गई घोषणाओं की वास्तविक स्थिति को सामने रखते हुए कहा कि दिल्ली के विकास के लिए योजनाओं, परियोजनाओं और कार्यक्रमों के लिए निर्धारित 57,850 करोड़ रुपये के बजट में से आधे के बराबर लगभग 43 प्रतिशत राशि खर्च ही नहीं की जा सकी, जो रेखा गुप्ता सरकार की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक क्षमता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार होने के बावजूद, पिछले बजट भाषण में घोषित योजनाओं के लिए दिल्ली को केंद्र सरकार से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलना चिंताजनक रहा है।

ट्रांसपोर्ट सेंटर में कूड़े कचरे से अटे हुए हैं नाले

# ‘निगम का ‘विशेष सफाई अभियान’ कागजों में सिमटा, जमीनी हकीकत ने खोली पोल’



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा 9 मार्च से 18 मार्च तक चलाए गए 10 दिवसीय विशेष सफाई अभियान के दावे कुछ स्थानों पर जमीनी हकीकत के सामने फीके पड़ते नजर आ रहे हैं। जहां निगम नेताओं ने इस अभियान को दिल्ली को स्वच्छ और बेहतर बनाने की दिशा में बड़ा कदम बताया था, वहीं कई इलाकों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह नदारद दिखी। पश्चिमी दिल्ली के पंजाबी बाग स्थित रानी बाग आरयूबी के पास ट्रांसपोर्ट सेंटर में नालों की सफाई नहीं होने से यहां आने वाले लोगों में भारी नाराजगी है।

लोगों का कहना है कि पूरे अभियान के दौरान यहां निगम का कोई भी विभाग सफाई के लिए नहीं पहुंचा, जिससे नालों में गंदगी जस की तस बनी हुई है। इतना ही नहीं, राजधानी के कई अन्य इलाकों में भी सड़कों पर कूड़े के ढेर देखने को मिले, जो निगम के दावों की पोल खोलते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना रहा है कि यदि विशेष अभियान के दौरान भी सफाई नहीं हो पा रही थी, तो सामान्य दिनों में व्यवस्था का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। नागरिकों ने सवाल उठाया है कि क्या यह अभियान केवल कागजी औपचारिकता बनकर रह गया है? उन्होंने निगम प्रशासन से मांग की है कि सिर्फ घोषणाएं करने के बजाय जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि दिल्ली को वास्तव में स्वच्छ बनाया जा सके।

### केंद्र ने टिकटों पर लगी सीमा हटाकर हवाई यात्रा को मिडिल क्लास की पहुंच से किया बाहर : केजरीवाल

नई दिल्ली। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से घरेलू हवाई यात्रा किराए पर लगी सीमा को हटाने पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने तय सीमा को हटाने की वजह से हवाई यात्रा पर लागत बढ़ने की संभावना जताई है। अरविंद केजरीवाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि केंद्र सरकार के इस कदम से मिडिल क्लास के लिए हवाई यात्रा पहुंच से बाहर हो सकती है। 23 मार्च से लागू हो रहे इस फैसले के बाद हवाई किराए में भारी उछाल आने की आशंका है। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि हवाई यात्रा का किराया मिडिल क्लास की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। मोदी सरकार हवाई किराए पर लगी सीमा को हटा रही है। इस फैसले से टिकटों की कीमतों में भारी उछाल आ सकती है।



## खबर संक्षेप

### प्रवासी परिषद ने 114वां बिहार दिवस मनाया



**फरीदाबाद।** एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के गांव कुरैशीपुर में प्रवासी परिषद द्वारा 114वें बिहार दिवस कार्यक्रम बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एनआईटी क्षेत्र के विधायक सतीश फागना के भाई एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कविन्द्र चौधरी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुई, बिहार की समृद्ध संस्कृति और विकास पर विचार-विमर्श किया गया। एनआईटी-86 विधानसभा के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन भी किया गया।

### भाजपा जिला ओबीसी मोर्चा के मण्डल अध्यक्षों की घोषणा



**फरीदाबाद।** भाजपा जिला ओबीसी मोर्चा फरीदाबाद के जिलाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने सैक्टर-15 भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल में ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष मदन चौहान व भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल से विचार-विमर्श कर फरीदाबाद जिला ओबीसी मोर्चा की टीम में विस्तार करते हुए मंडल अध्यक्षों की संगठनात्मक नियुक्तियां की है। इस अवसर पर भाजपा के जिला प्रभारी नरेन्द्र वत्स भी विशेष रूप से उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि बड़खल विधानसभा के अन्तर्गत गुरू नानक मंडल का दीपक कपूर को अध्यक्ष, सैनिक (बड़खल) वेद नागर को, पटेल मंडल श्याम को, मेवला मंडल का जितेन्द्र को, सूरजकुंड मंडल का सुजीत को अध्यक्ष नियुक्त किया है। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ओल्ड फरीदाबाद मंडल का चन्द्रभान, अजरोंदा मंडल से कमल आदि।

# स्पार्क मिंडा ने 19वें मानव रचना कॉर्पोरेट क्रिकेट चैलेंज 2026 की ट्रॉफी जीती

## विजेता खिलाड़ियों को प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम ने पुरस्कृत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद




स्पार्क मिंडा ने 19वें मानव रचना कॉर्पोरेट क्रिकेट चैलेंज 2026 का खिताब जीता, फाइनल में आज तक को 49 रन से हराया। यह रोमांचक और हाई-स्कोरिंग मैच मानव रचना क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को हरियाणा प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम ने पुरस्कृत किया। मानव रचना शैक्षिक संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भल्ला, उपाध्यक्ष डॉ.अमित भल्ला, संस्थान के निदेशक खेल सरकार तलवार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पहले बल्लेबाजी करते हुए स्पार्क मिंडा ने 20 ओवर में 311-9 का मजबूत स्कोर बनाया। अमेया सिंह ने केवल 39 गेंदों में शानदार 114 रन बनाए, जबकि अंकुर धांकर ने 43 गेंदों में 107 रन जोड़कर टीम का दम बढ़ाया। जवाब में आज तक की टीम 19.4 ओवर में 262 रन पर ऑल आउट हो गई, हालांकि काशिफ ने 129 रन की मेहनती पारी खेली। इस टूर्नामेंट की शुरुआत जनवरी में हुई थी और इसमें मारुति सुजुकी, होंडा, हीरो मोटोकॉर्प, सोनी इंडिया, इंडियन ऑयल, टीसीएस और एडिडास जैसे कई बड़े कॉर्पोरेट्स ने हिस्सा लिया। यह टूर्नामेंट शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोग के बड़े उद्देश्य को दर्शाता है।

इस अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों व दर्शकों को संबोधित करते हुए प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम ने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन में संतुलन और ताकत लाने की क्षमता रखते हैं। हमारी रोजमर्रा की जिम्मेदारियों के बीच खेल हमें मजबूत और फोकस्ड रहने में मदद करते हैं। ऐसे टूर्नामेंट लोगों को प्रेरित करते हैं, समाज से जोड़ते हैं और दिखाते हैं कि अनुशासन, सकारात्मकता और उद्देश्य के साथ जीवन कैसे जिया जा सकता है।

इस मौके पर मानव रचना शैक्षिक संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भल्ला ने कहा कि यह कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट इस विश्वास को दर्शाता है कि शिक्षा और उद्योग को सांझा उद्देश्य के साथ मिलकर काम करना चाहिए।

जब हम अपने प्रयासों को एक साथ जोड़ते हैं, तो समाज के लिए वास्तविक प्रभाव पैदा कर सकते हैं। इस पहल के पीछे की सोच को दोहराते हुए संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला ने कहा कि यह टूर्नामेंट डॉ. ओ. पी. भल्ला द्वारा शुरू विजन को आगे बढ़ाता है, लोगों को एक साथ लाता है और सांझा अनुभव के माध्यम से कनेक्शन मजबूत करता है। टूर्नामेंट की विरासत के बारे में संस्थान के खेल निदेशक सरकार तलवार ने कहा कि सालों से मानव रचना कॉर्पोरेट क्रिकेट चैलेंज ने खेलों के माध्यम से कॉर्पोरेट दुनिया को जोड़ा है और इसमें भागीदारी और खेल मूल्यों को हमेशा प्राथमिकता दी गई है। इस मौके पर खेल मंत्री गौतम ने स्पार्क मिंडा को विजेता ट्रॉफी, आज तक को उपविजेता ट्रॉफी, एकॉर्ड अस्पताल को फेयर प्ले ट्रॉफी के अलावा मैन ऑफ द मैच फाइनल अमेया सिंह स्पार्क मिंडा, बेस्ट बैट्समैन अली अदनान आज तक को, बेस्ट बॉलर फहाद आज तक को, बेस्ट फील्डर शांतनु सिंह स्पार्क मिंडा को, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट विक्रांत गुप्ता आज तक को भेंट की।

## सीएम ने कहा-सरकार ने केवल वादे नहीं किए, उन्हें पूरी प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर उतारकर दिखाया है

# मुख्यमंत्री सैनी ने 2709 लाभार्थियों को सौंपी उनके सपनों के घर की चाबियां

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जो क्षेत्र कभी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसते थे, आज वही विकास की नई मिसाल बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह बदलाव इस बात का प्रमाण है कि सरकार ने केवल वादे नहीं किए, बल्कि उन्हें पूरी प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर उतारकर दिखाया है। मुख्यमंत्री रविवार को बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव कांकरौला में आयोजित विकसित बादशाहपुर महारैली एवं मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के आवास आबंटन समारोह में बोल रहे थे।

हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के समन्वय से आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने की। जिसमें मुख्यमंत्री ने 2709 लाभार्थियों को उनके आवास की चाबियां सौंपी। सीएम ने उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री एवं बादशाहपुर के विधायक राव नरबीर सिंह द्वारा प्रस्तुत मांग पत्र पर क्षेत्र के समग्र एवं सतत विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। जिनमें फर्रुखनगर-गुरुग्राम मार्ग को लगभग 365 करोड़ रुपए की लागत से फोर-लेन व चंदू बाईपास का निर्माण शामिल है। वहीं गांव बुढ़ेड़ा में लगभग 65 लाख रुपए की लागत से एक आधुनिक सामुदायिक केंद्र का निर्माण, न्यू गुरुग्राम के सेक्टर-90 से 95 में भूमि उपलब्ध होने पर श्मशान घाट का निर्माण, गुरुग्राम, मानेसर और फर्रूखनगर में भूमि उपलब्धता के आधार पर फायर स्टेशन स्थापित करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि हरियाणा स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड द्वारा 28.17 किलोमीटर लंबाई की 13 सड़कों तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा 84.86 किलोमीटर लंबाई की 30 सड़कों का रखरखाव किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 41.57 करोड़ रुपए की लागत से 21.3 किलोमीटर लंबाई की 11 सड़कों की विशेष मरम्मत कराई जाएगी। गांवों में खेतों तक जाने वाले रास्तों को भी पक्का किया जाएगा। सीएम ने कहा कि विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने में हरियाणा अग्रणी भूमिका निभा रहा है। बादशाहपुर हलके के विकास को गति देने के लिए बीते साढ़े 11 वर्षों में कुल 81 सीएम अनाउंसमेंट की गईं, जिनमें से 60 पूरी हो चुकी हैं और आठ पर कार्य प्रगति पर है। इस अवधि में बादशाहपुर क्षेत्र में 15,166 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं लागू की गईं। उन्होंने कहा कि नवरात्रों के पावन अवसर पर गुरुग्राम में 2,709 गरीब परिवारों को उनके सपनों का घर सौंपना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरकार की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 23,154 नए मकानों का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत प्रदेश के 16 शहरों में 30 वर्ग गज के 15,251 प्लॉट पात्र परिवारों को आवंटित किए जाएंगे। हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि कृषि प्रधान प्रदेश हरियाणा वर्ष 2047 तक औद्योगिक क्रांति का अग्रदूत बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र विशेषकर गुरुग्राम और मानेसर अहम भूमिका निभाएंगे। वर्ष 2024 के बाद से नगर निगम गुरुग्राम द्वारा क्षेत्र में लगभग 236 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य शुरू किए गए हैं, जिनमें सड़कों का सुदृढ़ीकरण, सीवरेज, जल निकासी तथा बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से जुड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं।

## फरीदाबाद को गोल्ड कप देकर सम्मानित किया

# 38 वीं अंतर-पॉलिटेक्निक एथलेटिक मीट में फरीदाबाद महिला पॉलिटेक्निक को मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक झज्जर में 18 मार्च से 20 मार्च तक आयोजित 38वीं राज्य स्तरीय अंतर पॉलिटेक्निक एथलेटिक मीट में राजकीय महिला पॉलिटेक्निक फरीदाबाद की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालिका वर्ग में समग्र विजेता के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए मुख्य अतिथि डीसीपी क्राइम अमित दहिया, तकनीकी शिक्षा हरियाणा निदेशक डॉक्टर वाई पी एस बैरवाल, प्रधानाचार्य जी पी डब्ल्यू, सिरसा मंजू गेरा, संस्थान के प्रधानाचार्य दिगपाल सिंह ने महिला पॉलिटेक्निक फरीदाबाद को गोल्ड कप देकर सम्मानित किया।

इस उपलब्धि को प्राप्त करने वाली सभी छात्राओं का संस्थान की प्रिंसिपल मीनू वर्मा एवं प्रेसिडेंट स्पोर्ट्स रीना कपूर ने फूल माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया।

## भारतीय संगीत इकोसिस्टम को मजबूत करेंगे रहमान

# एआर रहमान यामाहा म्यूजिक इंडिया के बने ब्रांड एंबेसडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



ऑस्कर विजेता संगीतकार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संगीत आइकन एआर रहमान ने भारतीय संगीत को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी यह प्रेरक यात्रा भारतीय प्रतिभा की वैश्विक क्षमता को दर्शाती है, जो यामाहा म्यूजिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की भारत में संगीत संस्कृति को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता से मेल खाती है। यह साझेदारी भारत के संगीत इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का एक अहम मील का पत्थर साबित होगा। यामामोटो ताकेतोशी, मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा, संगीत यामाहा म्यूज़कि इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सोच के केंद्र में है। भारत की समृद्ध संगीत विरासत को वैश्विक पहचान मिलनी चाहिए।

## उद्देश्य कन्याओं की रक्षा व सुरक्षा की जिम्मेदारी करना

# भारत उत्थान फाउंडेशन ने 23 वां 108 कन्याओं का पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



भारत उत्थान फाउंडेशन द्वारा सेक्टर-43 स्थित गदाखोर बस्ती में चैत्र नवरात्र के अवसर पर 23वां 108 कन्याओं का पूजन किया गया। कन्या पूजन के अवसर पर मां सरस्वती वंदना की और वंदे मातरम से शुभारंभ किया।

इस अवसर पर भारत उत्थान फाउंडेशन की संस्थापक प्रतिभा तिवारी ने बताया कि उनकी संस्था के सदस्यों ने वर्ष में दो बार इस तरह का कन्या पूजन कार्यक्रम करते है। जिसका मुख्य उद्देश्य कन्याओं की रक्षा व सुरक्षा की जिम्मेदारी के साथ-साथ उनकी शिक्षा व उनके भोजन की व्यवस्था करना शामिल है। सभी अतिथियों व पदाधिकारियों ने कन्या पूजन के दौरान उनके पैर धोए व प्रसाद में सब्जी, पूरी व हलवा का भोजन करवाया। सभी के माथे पर तिलक लगाया व हाथ में कलावा भी बांधा। साथ ही उनके परिजनों से आग्रह किया कि वह अपनी बालिकाओं को स्कूल भेजकर शिक्षा ग्रहण कराने की अपील की और आ रही दिक्कतों को दूर करने में साथ देने का आश्वासन दिया। प्रतिभा तिवारी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों का मकसद भारतीय संस्कृति और संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना है। इस अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक प्रतिभा तिवारी, संरक्षक जितेंद्र चौधरी व अभिषेक तिवारी, मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री अनीता शर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ हेमंत अत्री, सौरभ गर्ग, अमित शर्मा पूनम जग्गी, साक्षी शर्मा, शालिनी गुप्ता, मनीषा सिंगला, उमाशंकर गुप्ता, अंजली शर्मा लोकेश आदि।

## महानगर भाजपा के प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन

# खजुराहो लोकसभा के सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने किया कार्यकर्ताओं को संबंधोति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने फरीदाबाद महानगर के चावला कॉलोनी मंडल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत मुख्य वक्ता के रूप में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी के इतिहास, संगठन के विस्तार और उसके वैचारिक मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की वास्तविक शक्ति उसके प्रशिक्षित और सक्रिय कार्यकर्ता होते हैं। कार्यक्रम में चावला कॉलोनी मंडल के 120 कार्यकर्ताओं का ऑनलाइन पंजीकरण किया गया, जो अभियान के प्रति कार्यकर्ताओं के उत्साह को दर्शाता है। जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह, विधायक मूलचंद शर्मा, मंडल अध्यक्ष गौरव विरमानी, जिला महामंत्री अनुराग गर्ग, मंडल पर्यवेक्षक संजय अरोड़ा, मार्किट कमेटी के चेयरमैन संजीव बैंसला सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने में एआई की भूमिका अहम

# इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए उद्योग, शिक्षा जगत सरकार के बीच मजबूत सहयोग जरूरी: राकेश संगराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका अहम है। इसी उद्देश्य के साथ पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) की तरफ से एआई इन एक्शन इंडिया समिट का आयोजन किया गया।

समिट में उद्योग जगत के जाने-माने लीडर्स, नीति-निर्माता, टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स और इनोवेटर्स एक साथ आए। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तेजी से बदलते परिदृश्य और व्यापार, शासन तथा समाज पर इसके प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर पीएचडीसीसीआई के निदेशक राकेश संगराई ने इनोवेशन और विस्तार को बढ़ावा देने के लिए उद्योग, शिक्षा जगत और सरकार के बीच मजबूत सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।

पीएचडीसीसीआई हरियाणा स्टेट चैप्टर के चेयरमैन सतीश देव जैन ने औद्योगिक और तकनीकी केंद्र के रूप में हरियाणा के बढ़ते महत्व पर अपनी बात रखते हुए एआई-आधारित विकास के अवसरों को बढ़ावा देने पर अपना दृष्टिकोण पेश किया। सेरेब्रेंट ग्रुप के सीईओ एवं कार्यक्रम चेयरमैन हरजीत सिंह ने मार्केटिंग, एनालिटिक्स और कस्टमर इंगेजमेंट में एआई के व्यावहारिक क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि संगठनों को डेटा-केंद्रित रणनीतियों को अपनाना चाहिए।

निर्णय लेने की प्रक्रिया तथा कस्टमर अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए एआई टूल्स का प्रभावी ढंग से उपयोग करना चाहिए।

## पंचायत ने 10 कुरीतियों को बंद करने का लिया फैसला

# ब्राह्मण सभा का फैसला: शादी समारोहों में नहीं बजेगा डीजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



शादी समारोहों व अन्य आयोजनों में चली ऐसी रीतियों का जिनका आज के दौर में कोई प्रासिंगगता नहीं बची है उनको बंद करने को लेकर रविवार को जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा ने अनाज मंडी बल्लभगढ़ स्थित ब्राह्मण भवन में एक पंचायत का आयोजन हुआ। इस पंचायत में जिलेभर से सभी गांवों व शहर की कॉलोनियों व सेक्टरों के मौजिज लोग मौजूद थे। इसके अलावा जिलेभर की सभी सामाजिक संस्थाओं के प्रधान और पदाधिकारी मौजूद रहे। मंच को संचालन एडवोकेट महेश शर्मा ने किया। पंचायत में जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा के प्रधान बृजमोहन बाति ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे समाज में कुछ रीतियां है जो वर्षो पूर्व समय और काल के अनुरूप शुरू की गई थी। लेकिन आज के मौजूदा समय में इन सभी रीतियों की या तो प्रासिंगता नहीं रही है या उनमे विसंगतियां गई हैं। इसके अलावा कुछ ऐसी भी परंपरा शुरू गई है जिनका समाज पर बुरा असर पड़ रहा है। बातिश ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि शादी समारोहों में डीजे रंग में भंग डालने का काम करता है। कई बार स्थिति बेहद गंभीर बन जाती है और डीजे की ध्वनि से सेहत पर भी बुरा असर पड़ता है, इसलिए शादी समारोहों में डीजे बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लगन सगाई में जो दहेज के सामान की लिस्ट पढ़ने की परंपरा है वह बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में लगन सगाई समारोह में सत्कार के तौर पर सीमित लोगों को चद्दर देने की परंपरा शुरू हुई है, वह बंद होनी चाहिए। शादी, भात और छूछक में आने वालों की संख्या सीमित रखी जाए। शादी, लगन, सगाई, भात व छूछक मे खर्चा लेने की प्रथा बंद हो। शादी समारोह में सभी को परोसा देने का चलन शुरू है। परोसा देने की परंपरा सिर्फ रिश्तेदारों तक ही सीमित होनी चाहिए। इसके अलावा स्वर्गवासी हो गए लोगों के उपर चद्दर डालने की प्रथा बंद होनी चाहिए। चद्दर की जगह सामग्री और घी लाने की परंपरा शुरू हो। शोक संतप्त परिवार के घर जो सूखा खाद्य सामग्री ले जाने की प्रथा है वह बंद हो। तेहरवीं से पहले मृतक परिवार के घर भोजन व जलपान का चलन बंद हो। बुर्जुगों की मृत्यु पर होने वाले काज, दिन यानी टेहले में भजन व धार्मिक का ही आयोजन होना चाहिए और मंच में नाचने जैसे आयोजन पूरी तरह से बंद होने चाहिए।

## उद्देश्य लोगों में पानी के प्रति जागरूकता पैदा करना: वीरेंद्र सिंह डंगवाल

# विश्व जल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद




आज विश्व जल दिवस है, हर वर्ष की तरह जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी कार्यालय के प्रांगण सेक्टर-11 में इस विषय को लेकर एक सभा आयोजित की गई। जिसमें जल के महत्व और उसके किफायती इस्तेमाल पर पूर्व राज्य प्रधान वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विश्व जल दिवस 1993 से हर साल 22 मार्च को मनाया जाता है।

यह संयुक्त राष्ट्र द्वारा समर्थित एक वैश्विक पहल है। जिसका उद्देश्य हमारे ग्रह के लिए ताजा पानी के महत्व और दुनिया भर में इसके संकट पर विचार करता है। यह एक वार्षिक आयोजन है। जो स्वच्छ पानी के फायदे पर केंद्रित है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों में पानी के संरक्षण पर जोर देना है। स्वच्छ जल के संसाधनों के सतत प्रबंधन की हमें पहल करनी चाहिए। हमें जल के संकट के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करनी चाहिए है और जल संरक्षण के टिकाऊ प्रबंधन के लिए लोगों को प्रेरित करना चाहिए। क्योंकि करोड़ों लोग अभी भी दूषित पानी पीने के लिए मजबूर हैं। गंदे पानी को उपचारित करके इसका उपयोग करना चाहिए। हमें अधिक पौधे लगाने चाहिए। क्योंकि पौधे पानी को अवशोषित करते हैं। पानी का उपयोग करते समय नल को बंद रखना चाहिए। पानी को व्यर्थ में नहीं बहने देना चाहिए।

**खबर संक्षेप**

## झारखंड के मेडिकल कॉलेजों में बढ़ेंगी सीटें



रांची। झारखंड सरकार ने प्रदेश में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को दूर करने मेडिकल कॉलेजों में स्नातक व स्नातकोत्तर सीट की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग को भेजा है। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य के तीन नए मेडिकल कॉलेजों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी भी की जा रही है। इस संबंध में विभिन्न विषयों में सीट की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

## जुलाई तक होंगे यूपी पंचायत चुनाव



लखनऊ। यूपी में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जुलाई माह तक हो जाएंगे। पिछले दिनों इलाहाबाद हाई कोर्ट का सख्त रुख सामने आने के बाद पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने ऐसा दावा किया था। यह संभावना जताई जा रही है कि प्रदेश में ग्राम प्रधान, बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष इत्यादि के चुनाव जुलाई तक हो सकते हैं। भावी प्रत्याशियों ने तैयारी शुरू कर दी है।

### यूपी में 'नमामि गंगे' की 10 गुना रफ्तार

# वर्ष 2017 से पहले थे सिर्फ 5 एसटीपी, योगी सरकार में 50 से अधिक किए गए इंस्टॉल

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में नदियों की निर्मलता और गंदे पानी के शोधन के काम में योगी सरकार ने नौ वर्षों में रफ्तार कई गुना बढ़ा दी है। 2017 से पहले जहां नमामि गंगे के तहत सिर्फ 5 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट इंस्टॉल हो पाए थे, वहीं 2017 के बाद पिछले 9 साल में ऐसे 50 से अधिक एसटीपी इंस्टॉल किए गए हैं, यानी इस अवधि में क्षमता लगभग 10 गुना बढ़ी है।

प्रदेश में करीब 160 एसटीपी इंस्टॉल किए गए हैं, जिनके माध्यम से प्रतिदिन लगभग पांच हजार मिलियन लीटर वेस्ट वाटर को शुद्ध कर नदियों में जाने से रोका जा रहा है। पूर्व की सरकारों की तुलना में मौजूदा सरकार में सीवर शोधन ढांचे के विस्तार की रफ्तार करीब दस गुना तक बढ़ी है।

**नमामि गंगे : 9 साल में 10 गुना बढ़े एसटीपी**



*नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों की संरचना तैयार की जा रही है। 2017 से पहले जहां नमामि गंगे के अंतर्गत केवल 5 एसटीपी इंस्टॉल हो सके थे, वहीं योगी सरकार में 50 से अधिक नए एसटीपी इंस्टॉल किए गए*

### लखनऊ में 9 संचालित एसटीपी, 624.50 एमएलडी की क्षमता

राजधानी लखनऊ में इस समय कुल 09 सीवेज शोधन संयंत्र संचालित हैं, जिनकी कुल शोधन क्षमता 624.50 एमएलडी है। इन संयंत्रों के जरिए गोमती एवं उसकी सहायक नदियों में गिरने वाले पानी को पहले ही शुद्ध किया जा रहा है। संचालित एसटीपी भरवारा, दौलतगंज (शहरी), दौलतगंज (ग्रामीण), हाथी पार्क, जीएच कैनाल, वृंदावन, यूपी आवास विकास परिषद क्षेत्र और सीजी सिटी आदि स्थानों पर स्थापित हैं। इन प्लांटों से निकला ट्रीटेड वॉटर एक ओर नदियों को स्वच्छ रखने में मदद कर रहा है, वहीं चरणबद्ध तरीके से इसके पुनः उपयोग (रीयूज) की योजना भी तैयार की जा रही है।

### लखनऊ में 3 निर्माणाधीन और 4 प्रस्तावित एसटीपी

लखनऊ में नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत राज्य स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा कुल 3 एसटीपी निर्माणाधीन हैं, जिनकी संयुक्त क्षमता 153.50 एमएलडी होगी। ये प्लांट बारिकल, लोनियांपुरवा और बिजनौर क्षेत्रों में बनाए जा रहे हैं।

### सीवेज शोधन क्षमता 1000 एमएलडी

*इसके अलावा लखनऊ में 4 नए एसटीपी बसंत कुंज, वजीरगंज, जियामऊ और मस्तेमऊ के निर्माण का प्रस्ताव है, जिनकी कुल क्षमता 342 एमएलडी होगी। इन संयंत्रों के तैयार हो जाने के बाद राजधानी में सीवेज शोधन क्षमता 1000 एमएलडी से अधिक पहुंचने का अनुमान है।*

### 2017 से पहले कागजों तक सीमित रही निर्मलता

2017 से पहले नदियों की निर्मलता की योजनाएं कागजों तक सीमित रहीं और एसटीपी निर्माण की रफ्तार बेहद सुस्त थी। वहीं, योगी सरकार में नए प्लांटों के साथ-साथ पुराने संयंत्रों के उन्नयन पर भी विशेष जोर दिया गया है।

**गाय ने दो मुंह,4 आंख वाले बछड़े को दिया जन्म:** मुंगेर। मुंगेर जिले में एक पशुपालक के घर में जिस बछड़े ने जन्म लिया है उसके मुंह दो मुंह व चार आंखे हैं।

### सीएम नीतीश कुमार ने भी दी बधाई

# बिहार दिवस पर पीएम मोदी ने नीतीश को लिखा पत्र, सुशासन और बदलाव का किया जिक्र

एजेंसी ▶▶ पटना

हर जगह बिहार दिवस की धूम है। एक तरफ जहां राज्य के सीएम नीतीश कुमार ने सभी बिहारवासियों को बिहार दिवस की बधाई दी है तो वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समेत कई बड़ी हस्तियों ने भी बिहार दिवस की शुभकामनाएं बिहार के लोगों को दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को तीन पन्ने का एक खत भी लिखा है। अपने तीन पन्ने के पत्र में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बिहार दिवस, बिहार के समृद्ध इतिहास, बिहार के समार्थ्य और बिहार की परंपराओं का उत्सव मनाने का दिन है। ये भारत की सशक्त पहचान में बिहार के अमूल्य योगदान को याद करने का अवसर है।



### पीएम ने नीतीश कुमार के नेतृत्व की प्रशंसा की

पीएम मोदी ने सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व की प्रशंसा भी की है। पीएम ने अपने खत में यह कहा कि आपके नेतृत्व में बिहार एक बड़े परिवर्तन का साक्षी बना है। सुशासन के साथ समाज के सभी वर्गों के कल्याण के प्रति आपकी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता ने राज्य में विश्वास, स्थिरता और प्रगति की एक नई धारा शुरू की है। नीतीश कुमार ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया है। उन्होंने एक्स पर पीएम मोदी द्वारा लिखे गए खत को शेयर किया।

### आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध

हम राज्य के सर्वांगीण विकास, सामाजिक न्याय, सुशासन और आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं। केन्द्र सरकार का पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है। अब बिहार और अधिक विकसित होगा तथा देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो जाएगा और देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

**पेज एक का शेष**

### देश में ऊर्जा सप्लाई...

गए। अधिकारियों ने ऊर्जा सुरक्षा को लेकर उठाए जा रहे कदमों की जानकारी भी दी। उच्च स्तरीय बैठक में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, बंदरगाह और जहाजरानी मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर, खाद्य, उपभोक्ता मामले मंत्री प्रल्हाद जोशी और नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू भी शामिल हुए। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और प्रधानमंत्री के दो प्रधान सचिव पीके मिश्रा और शक्तिकांत दास ने भी इसमें शिरकत की।

**बैठक में क्या बड़े फैसले लिए गए?**

- आवश्यक वस्तुओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित हो
- राज्य सरकारों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर
- तेल, गैस और ऊर्जा सप्लाई को हर हाल में बनाए रखने का फैसला
- खाद्य, ईंधन और ऊर्जा सुरक्षा पर विशेष फोकस
- उर्वरक के वैकल्पिक आयात स्रोत तलाशने पर जोर
- कोयले के पर्याप्त भंडार से बिजली संकट नहीं होने का आश्वासन
- रसायन, फार्मा और पेट्रोकेमिकल सेक्टर के लिए आयात स्रोतों में विविधता लाने का निर्णय
- नए निर्यात बाजार विकसित करने की योजना
- शॉर्ट, मीडियम और लॉन्ग टर्म रणनीति तैयार होगा
- वैश्विक हालात पर लगातार नजर रखने और त्वरित प्रतिक्रिया की रणनीति
- ऊर्जा संकट से निपटने के लिए कूटनीतिक प्रयास तेज करने पर जोर
- समुद्री मार्गों और वैश्विक सप्लाई रूट्स की सुरक्षा पर ध्यान
- उद्योग और आम लोगों पर असर कम करने के लिए सक्रिय कदम उठाने का निर्देश

**बिजली की दिक्कत नहीं होगी :** बैठक में पीएम को जानकारी दी गई कि सभी विद्युत संयंत्रों में कोयले का पर्याप्त भंडार होने से भारत में बिजली की कोई कमी नहीं होगी। इसी तरह रसायन, फार्मास्यूटिकल्स, पेट्रोकेमिकल्स और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों द्वारा आवश्यक आयात के स्रोतों में विविधता लाने के लिए कई उपायों पर चर्चा की गई। यह भी तय किया गया कि भारतीय वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए निकट भविष्य में नए निर्यात गंतव्य विकसित किए जाएंगे।

**पीएम ने दी सरकार के प्रयासों की जानकारी :** बैठक में पीएम मोदी ने देश में ऊर्जा संकट दूर करने के लिए हो सरकार की ओर से हो रहे कूटनीतिक प्रयासों की जानकारी दी जिनमें कई शासनाध्यक्षों से हुई द्विपक्षीय वार्ता भी शामिल है। पीएम मोदी ने खाड़ी देशों, ईरान, इस्राइल, फ्रांस के राष्ट्राध्यक्षों से बात की है। पीएम ने बीते शनिवार को ईरानी राष्ट्रपति से एक सप्ताह में दूसरी बार बात की और युद्ध के दौरान दूसरे देशों के ऊर्जा भंडारों पर हो रहे हमले को अस्वीकार्य बताया।

**होर्मुज और वैश्विक असर पर चिंता ? :** बैठक में होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर भी चिंता जताई गई, जहां से दुनिया की बड़ी मात्रा में तेल और गैस सप्लाई गुजरती है। इस रास्ते में किसी भी तरह की रुकावट का सीधा असर वैश्विक बाजार और भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। सरकार ने साफ किया कि वह हालात पर लगातार नजर रख रही है और हर संभावित स्थिति के लिए तैयार है।

### पीएम मोदी देश....

गुजरात के मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड और अब लगातार करीब 12 साल से प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड शामिल है। राजनाथ सिंह, अमित शाह व सीएम डॉ. मोहन यादव ने पीएम मोदी को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

### केसी त्यागी रालोद...

मिलेगी। उन्होंने कहा कि वह खुद को चौधरी चरण सिंह जैसा नहीं मानते, लेकिन उन्हें अपना आदर्श जरूर मानते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी में कई नए चेहरे जुड़े हैं, जिससे संगठन को और मजबूती मिलेगी।

### हवाई यात्रा होगी हवा...

मंत्रालय ने तब कहा था कि यह सीमा किराए स्थिर होने या आगे की समीक्षा तक लागू रहेगी। हालांकि इंडिगो के परिचालन स्थिर हो गए और संकट कुछ दिनों में कम हो गया, लेकिन कैप जारी रहा। अब मंत्रालय ने आदेश जारी कर कहा है कि स्थिति की समीक्षा के बाद कैप हटाया जा रहा है। हालांकि, एयरलाइंस को कीमतों में अनुशासन बरतने, जिम्मेदारी से काम करने और किराए को उचित, पारदर्शी तथा बाजार स्थितियों के अनुरूप रखने की सलाह दी गई है। यात्रियों के हितों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, यह सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### पश्चिम एशिया युद्ध...

की थी, क्योंकि यह कैप एयरलाइंस की राजस्व क्षमता को प्रभावित कर रहा था, खासकर उच्च मांग वाली घरेलू रूटों पर। लंबी दूरी वाली एयरलाइंस जैसे एयर इंडिया और इंडिगो को परिचालन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय एयरलाइंस घरेलू बाजार में बाजार-आधारित किराया निर्धारण पर निर्भर हैं, लेकिन सरकार महामारी जैसी स्थितियों में हस्तक्षेप कर सकती है। यात्रियों के लिए यह फैसला मिश्रित हो सकता है। एयरलाइंस कंपनियों को राहत मिलेगी, लेकिन बढ़ती लागत के कारण टिकटें महंगी हो सकती हैं।





# हमारी एजेंसी छोड़ने वालों के लिए अच्छा ही चाहूंगा : करण

**मुंबई।** करण जौहर प्रोड्यूस कई फिल्मों में जान्हवी कपूर ने अभिनय किया है। लगता है कि अब वह अलग रास्ते पर चलना चाहती हैं कि यही वजह है कि हाल ही में वह करण जौहर की टैलेंट एजेंसी से अलग हो गई। हाल ही में एक बातचीत में करण जौहर कहते हैं, 'कुछ टैलेंट ऐसे होंगे जो हमारे पास आएंगे और चले जाएंगे। तीन बड़ी एजेंसियों के बीच हमेशा पासिंग द पार्सल जैसा खेल चलता रहता है।' करण जौहर ने यह भी बताया कि उनकी टैलेंट एजेंसी सबसे ज्यादा बिजनेस करती है। करण जौहर बातचीत में आगे कहते हैं, 'जिस किसी ने भी हमारी एजेंसी छोड़ी है, मैं हमेशा उनके लिए अच्छा ही चाहूंगा, उनके साथ काम भी करूंगा।

लाइफ Style

# परवीर

## कम स्क्रीन टाइम के बावजूद जीता सबका दिल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

धुरंधर 2 में एक छोटा सा सीन आता है, जहां जसकीरत सिंह रंगी और उनकी छोटी बहन जसलीन से मिलता है। वो सीन काफी इमोशनल होता है। परवीर कौर पंधेर फिल्म में जसलीन कौर रंगी का किरदार निभाती हैं।

परवीर पंजाबी सिनेमा की उभरती हुई एक्ट्रेस और सिंगर हैं और इस फिल्म के साथ उनका बॉलीवुड में डेब्यू था। पंजाब की रहने वाली परवीर कौर पंधेर ने पंजाबी म्यूजिक वीडियोज, गानों और फिल्मों के जरिए मजबूत फैनबेस बनाया है। इंस्टाग्राम पर उनके 8.5 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, जहां वह अपने सिंगर से एक्टर बनने के सफर को शेयर करती रहती हैं। भले ही परवीर कौर पंधेर का स्क्रीन टाइम कम था, लेकिन जसकीरत सिंह रंगी और जसलीन के सीन ने सबके दिलों में जगह बना ली। 'धुरंधर 2' में जसकीरत सिंह रंगी की छोटी बहन जसलीन सिंह किडनैप हो जाती है, जिसे बचाने के लिए जसकीरत एक विधायक के घर में घुसकर अपने पिता और बड़ी बहन की मौत का बदला लेने के लिए 12 लोगों को मार देता है। इसके बाद जसकीरत को उसकी बहन जसलीन एक झोपड़ी में काफी बुरी हालत में मिलती है। इसके बाद भाई-बहन के मिलने वाला इमोशनल सीन, सबके दिल में जगह बना लेता है। इसे 'धुरंधरः द रिवेंज' का सबसे इमोशनल सीन भी कहा जा रहा है। हाल ही में परवीर कौर पंधेर ने इंस्टाग्राम पर अपने सीन से जुड़ी पोस्ट शेयर की और अपने अनुभव को शेयर किया।



## हॉलीवुड मसाला



# कैंसर के आगे नहीं मानी हार

**लॉस एंजिल्स।** अमांडा पीट ने हाल ही में अपनी ब्रेस्ट कैंसर ट्रीटमेंट को लेकर एक आर्टिकल लिखा है। इसमें वह कैंसर पता चलने के झटके और उसके बाद के सफर के बारे में बात करती हैं। इस दौरान वह काफी दुख और कष्ट से गुजरी हैं। 'समथिंग्स गोटा गिव' और 'योर फ्रेंड्स एंड नेबर्स जैसी हॉलीवुड फिल्मों के लिए मशहूर अमांडा पीट ने एक लेख अपनी कैंसर जर्नी के बारे में लिखा है। वह इसमें बताते हैं कि साल में दो बार ब्रेस्ट चेकअप कराती थीं। पिछले साल लेबर डे से पहले एक रूटीन स्कैन उन्होंने कराया, जिसके बाद ब्रेस्ट कैंसर का पता चला।



# वे ऑफ द ड्रैगन जैसी एक्शन फिल्मों में किया काम...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता चक नॉरिस का निधन हो गया। चक ने 86 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। चक नॉरिस ने द डेल्टा फोर्स, लोन वुल्फ मैकक्वेड, कोड ऑफ साइलेंस, ब्रूस ली के साथ 'वे ऑफ द ड्रैगन', चक की सेहत थी नाजुक जैसी कई एक्शन फिल्मों में अभिनय किया। चक नॉरिस के परिवार ने उनके निधन पर इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, 'बहुत दुख के साथ, हमारे परिवार ने प्यारे चक नॉरिस के अचानक निधन की खबर साझा की है। हम इस बात को निजी रखना चाहते हैं, लेकिन इतना जान लीजिए कि वे परिवार के साथ थे और शांति से चले गए।' 'दुनिया के लिए वे एक महान मार्शल आर्टिस्ट, अभिनेता और ताकत का प्रतीक थे। हमारे लिए वे एक बहुत अच्छे पति, प्यार करने वाले पिता और दादा, बेहतरीन भाई और हमारे परिवार का दिल थे।



# त्रिमुखी फल के बारे में बताई दिलचस्प बात

**मुंबई।** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी बहुत सख्त फिटनेस रूटीन फॉलो करती हैं। वह कड़ी एक्सरसाइज और बैलेंस्ड डाइट लेती हैं। लेकिन, कभी-कभी वह अपना मनपसंद खाना खाकर मजा भी करती हैं। रविवार को अपने चीट डे पर शिल्पा ने एक मजेदार वीडियो इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया। इसमें वह स्वादिष्ट समोसे खाती दिख रही हैं। इसके साथ ही अलग-अलग तरह की चटनी और जलेबी भी खाती नजर आ रही हैं। उनका यह वीडियो फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में मजाकिया आवाज सुनाई दे रही है, जिसमें समोसे को 'त्रिमुखी फल' कहा जा रहा है। आवाज में कहा गया, 'यह फल पूरे साल मिलता है और दिन में कभी भी खाया जा सकता है। इसे खाने वाले को तीनों लोकों में सुख मिलता है।



# दिखाई वीर सावरकर की खास झलक

**मुंबई।** रणदीप हुड्डा की फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' ने रविवार को रिलीज के पूरे 2 साल पूरे कर लिए हैं। यह फिल्म 22 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रविवार को रणदीप ने इस फिल्म का एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने बताया कि उनकी इस फिल्म ने उनकी सभी सीमाओं की परीक्षा ली। रणदीप की पत्नी लिन ने भी एक खास कमेंट कर अपनी राय पेश की है। यह वीडियो विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर आधारित फिल्म के बारे में हैं। इसके साथ रणदीप ने कैप्शन में लिखा कि यह प्रोजेक्ट उनके लिए बहुत मुश्किल था। उन्होंने अभिनय और निर्देशन दोनों किए थे। यह फिल्म उनकी हर सीमा को परखने वाली थी। उन्होंने लिखा, 'मैंने इसे जिया, इसका सामना किया और महसूस किया। यह सफर हमेशा याद रहेगा।'

## टीवी मसाला



# नागिन 7 में अक्षय महानाग बन कर प्रियंका की करेंगे मदद

**नई दिल्ली।** एकता कपूर के सीरियल 'नागिन 7' में अब अक्षय कुमार नजर आएंगे। हाल ही उन्होंने एक खास सीक्वेंस शूट किया। वह 'नागिन 7' में महानाग का रोल प्ले करेंगे और नागरानी अनंता की मदद करेंगे। अक्षय 'भूत बंगला' प्रमोट करने के लिए 'नागिन 7' का हिस्सा बने हैं। एकता 'भूत बंगला' की भी प्रोड्यूसर हैं। अक्षय कुमार हाल ही 'नागिन 7' के सेट पर नजर आए, जहां साथ में राजपाल यादव, एकता कपूर, प्रियंका चाहर चौधरी और कनिका मान भी थीं। अक्षय और राजपाल यादव का 'नागिन 7' के सेट पर जोरदार अंदाज में स्वागत किया गया, जिसका वीडियो भी सामने आया है और चर्चा में है। 'नागिन 7' और 'भूत बंगला' के इस क्रॉसओवर ने फैंस को एक्साइटेड कर दिया है और वो इस नए ट्रैक का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीवी सीरियल 'नागिन 7' में फिलहाल दिखाया जा रहा है कि चंगिस्तान के लोग भारत देश को नुकसान पहुंचाने के लिए हर संभव साजिश रच रहे हैं। वो नागमणि के अलावा आर्यमन सूरी के उस सीक्रेट लॉकर को पाना चाहते हैं, जिसमें उसके महान वैज्ञानिक पिता ने देश की सुरक्षा से जुड़ी कुछ चीजें सहेजकर रखी थीं। आहना (नागरानी अनंता) को कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है कि वह देश के दुश्मनों का मुकाबला कैसे करे और किस तरह आर्यमन को भी दुश्मनों से बचाए। वहीं, 'भूत बंगला' की बात करें, तो इसे प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है।

## 'तारक मेहता' ने टॉप-5 में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते की तरह इस बार भी टीवी टीआरपी की रिपोर्ट आ गई है और इस बार के शोज की लिस्ट में काफी उलट-फेर हुई है। स्टार प्लस के दो शोज तो हमेशा की तरह टॉप- 2 में बने हुए हैं। नंबर 1 पर एकता कपूर का सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' और दूसरे पर राजन शाही का 'अनुपमा' बना हुआ है। हालांकि, इसके बाद के नंबर्स में बड़ी हलचल है। हालांकि, सबका चहेता 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' ने सबको चौंकाते हुए टॉप-5 में अपनी जगह बनाई है। लंबे समय से लोकप्रिय इस सिटकॉम की दर्शकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है और यह टॉप 5 में शामिल होकर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। इस अचानक हुई वृद्धि से हिंट मिलता है कि मौजूदा कहानी लोगों को पसंद आ रही है। इसकी टीआरपी 1.8 और पहुंच 2.9 है।



# तमन्ना-शनाया की रैंप वॉक का जलवा
## फैंस पर चलाया हुस्न का जादू

**मुंबई।** मुंबई में इन दिनों एक चर्चित फैशन वीक चल रहा है। कई बॉलीवुड एक्ट्रेस रैंप वॉक कर रही हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया और शनाया कपूर ने भी रैंप वॉक की। दोनों के लुक, ड्रेस ने फैंस का दिल जीत लिया। तमन्ना भाटिया ने अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है, वह इन दिनों बहुत फिट नजर आती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने डिजाइनर भूमिका शर्मा के लिए रैंप वॉक की। वहीं, शनाया कपूर डिजाइनर रितिका मिराचंदानी के फैशन शो की शो स्टॉपर बनीं। दोनों एक्ट्रेस के लिए काफी चर्चा में रहे हैं। मुंबई के नामी फैशन वीक में तमन्ना भाटिया ने डिजाइनर भूमिका शर्मा की बनाई ड्रेस पहनकर रैंप वॉक की। उन्होंने एक गाउन पैटर्न ड्रेस पहनी थी। गहरे लाल रंग की इस ड्रेस पर सिल्वर कलर से फूलों और पत्तियों के डिजाइन बने थे, इस पर बारीक कढ़ाई भी की गई थी। इस ड्रेस के साथ उन्होंने ग्रीन कलर वाली ज्वेलरी को टीमअप किया था। इस फैशन वीक में शनाया कपूर ने भी शिरकत की है। वह डिजाइनर रितिका मिराचंदानी के लिए शो स्टॉपर बनीं। शनाया कपूर ने कॉकटेल साड़ी पहनी थी। इस साड़ी पर खूबसूरत कारीगरी की गई थी। शनाया कपूर ने काफी कॉन्फिडेंस से रैंप वॉक की। तमन्ना भाटिया की जल्द ही एक फिल्म 'वन' रिलीज होगी। शनाया कपूर की बात करें तो पिछले दिनों वह एक फिल्म 'तू या मैं' नजर आईं। फिल्म को दर्शकों से कुछ खास रेस्पॉन्स नहीं मिला है।



# दर्द को हौसला का ईंधन चाहिए... धुरंधर 2 के सात दमदार डायलॉग, रटते ही समा जाएगी देशभक्ति

**नई दिल्ली।** आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' की दुनियाभर में तारीफ हो रही है। फिल्म की कहानी से लेकर कास्ट और डायलॉग्स तक की हर कोई बात कर रहा है। अब इन्हीं में से आपको सात दमदार डायलॉग बताते हैं जो हमेशा याद रहेंगे।

**बदला लेना आसान नहीं होता** : 'बदला लेना आसान नहीं होता, दर्द को हौसला का ईंधन चाहिए होता है और वो ईंधन हर किसी के पास नहीं होता है।' खैर, यह डायलॉग बहुत ही जोरदार और उत्तेजक है।

**देश को संभाल लूंगा** : 'इस जन्म में फैमिली फर्स्ट यारा, अगले जन्म में देश को भी संभाल लूंगा।' यह डायलॉग एक व्यक्ति की अपने देश के प्रति मंशा और प्रेम को दिखाता है।

**हिंदुस्तानी काफिर का सर** : 'हिंदुस्तानी काफिर का सर कटकर मुशर्रफ के दस्तरख्वान पर रखा था मेजर इकबाल ने, खुदा कसम, अब एक और हिंदुस्तानी का सर कटकर मुरीदके के मीनार से लटकाऊंगा।' - यह डायलॉग निश्चित तौर पर हमें घुसपैठियों के खिलाफ चार्ज देगा।

**हम मर्द हैं जसकीरत** : 'हम मर्द हैं जसकीरत; पैदा होने से मरने तक हमारा फर्ज है लड़ना।' - यह डायलॉग हीरो को देश के प्रति उसकी जिम्मेदारी का अहसास कराता है।

**इस दुनिया में हर किसी की कीमत होती है** : 'इस दुनिया में हर किसी की कीमत होती है; वफादार की थोड़ी ज्यादा।' - धुरंधर 2 का ये डायलॉग दुनिया की हकीकत बताता है।

**जिंदा रखके तड़पने में** : 'जिंदा रखके तड़पाने में जो मजा है वो मौत में कहां।' - यह डायलॉग दिखाता है कि जब एक एजेंट देश की रक्षा के लिए ड्यूटी पर होता है तो उसे दुश्मन के प्रति किस तरह क्रूर होना पड़ता है।

**अब पाकिस्तान का मुस्तखबिल** : 'अब पाकिस्तान का मुस्तखबिल हिंदुस्तान तय करेगा।' - यह डायलॉग दिखाता है कि खुफिया टीम की रणनीतियों की मदद से देश अब पड़ोसी राष्ट्र पर शासन करने के लिए तैयार है।

## श्रद्धा, विश्वास और भावनाओं का सुंदर संगम हैं ये बॉलीवुड सॉन्ग्स

# ओ शेरोंवाली... इन गानों के बिना अधूरी है नवरात्रि का उत्सव

*नई दिल्ली। नवरात्रि का समय आते ही बॉलीवुड के कई भक्ति गीत अपने आप याद आ जाते हैं। नवरात्रि के दौरान जब पूरे देश में माता रानी की भक्ति का माहौल बनता है, तब बॉलीवुड के कुछ खास भजन अपने आप हर पंडाल, मंदिर और जागरण में सुनाई देने लगते हैं। ये गाने सिर्फ म्यूजिक नहीं, बल्कि श्रद्धा, विश्वास और भावनाओं का एक सुंदर संगम होते हैं।*

### ओ शेरोंवाली

फिल्म सुहाग का यह भजन नवरात्रि का खास गाना बन चुका है। इस गाने में माता रानी की शक्ति और उनके आशीर्वाद का गुणगान किया गया है। इसकी धुन इतनी जोशीली है कि यह भजन अक्सर जागरण और पंडालों में माहौल को भक्तिमय बना देता है।

### चलो बुलावा आया है

अवतार फिल्म का यह भजन माता के दरबार जाने की आस्था को बहुत खूबसूरती से दर्शाता है। 'बुलावा' शब्द ही इस गाने की जान है, जो यह भावना देता है कि जब माता रानी बुलाती हैं, तभी भक्त उनके दरबार तक पहुंचता है।



**मां शेरावालिये तेरा शेर आ गया** : अक्षय कुमार, रवीना टंडन और रेखा की फिल्म 'खिलाड़ियों का खिलाड़ी' का गाना 'मां शेरावालिये तेरा शेर आ गया' काफी पॉपुलर है। नवरात्रि के टाइम पर किसी पंडाल में ये गाना ना चले, ऐसा हो ही नहीं सकता।

### तूने मुझे बुलाया शेरांवालिये

फिल्म आशा का यह भजन भक्त और माता के बीच गहरे संबंध को दर्शाता है। ये गाना नवरात्रि के टाइम पर काफी सुना जाता है।

### जय अम्बे जगदम्बे मां

फिल्म क्रांतिवीर से नाना पाटेकर और डिंपल कपाड़िया का 'जय अम्बे जगदम्बे मां' सबसे चर्चित गानों में से एक है। यह भी नवरात्रि में काफी सुना जाता है।

### दुर्गा है मेरी मां

फिल्म क्रांति का 'दुर्गा है मेरी मां' भजन लगभग सभी को याद होगा। इसके बिना नवरात्रि अधूरी सी लगती है।



# उत्तर भारत की खापों ने सिंधु परिवार को पहनाई पगड़ी, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु बोले -मेरे मन में पहले दिन से किसी के प्रति शिकवा नहीं था, न अब है और न रहेगा

- आगजनी के मामले में 57 युवकों के रिहा होने पर खापों ने किया सिंधु परिवार को सम्मानित
- जींद में हुई महापंचायत में उत्तर भारत की 165 खापों के चौधरी पहुंचे
- कैप्टन अभिमन्यु बोले, खापों की सरदारी करना बहुत बड़ी तपस्या

सतेंद्र पंडित ▶▶ जींद

रोहतक चौरासी खाप के आह्वान पर रविवार उत्तर भारत सर्वखाप भाईचारा खाप का आयोजन जाट धर्मशाला में किया गया। जिसकी अध्यक्षता सतरोल खाप के अध्यक्ष संदीप खर्ब ने की। सर्वखाप पंचायत ने आगजनी के मामले में 57 युवकों के रिहा होने पर पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु, उनके बड़े भाई वीरसेन सिंधु, व्रतपाल सिंधु और छोटे भाई मेजर सत्यपाल सिंधु को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। वहीं, इस समझौते में अहम भूमिका निभाने वाले सतरोल खाप के प्रधान संदीप खर्ब, पूर्व प्रधान रामनिवास लोहान, रोहतक चौरासी के प्रधान हरदीप अहलावत, पूर्व विधायक सोमबीर सांगवान को भी पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया। सर्वजातीय खाप महापंचायत में उत्तर भारत की 165 खापों के चौधरियों ने भाग लिया। खाप चौधरियों ने साफ कहा कि सिंधु परिवार ने खाप पंचायतों का मान-सम्मान रखकर इतिहास रच दिया है, जिन्होंने 57 परिवारों के चमन उजड़ने से बचा लिए। वहीं पंचायत में मंच का संचालन सतरोल खाप के फूल कंवार पेटवाड़ ने किया। महापंचायत आयोजित करवाने में सतरोल खाप के प्रधान संदीप खर्ब व रोहतक चौरासी खाप के प्रधान हरदीप अहलावत ने अहम भूमिका निभाई।


जींद। महापंचायत में लोगों का अभिवादन करते हुए पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु।


जींद। महापंचायत में पूर्व वित्तमंत्री के बड़े भाई वीरसेन सिंधु को खाप प्रतिनिधियों ने पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

## पंचायत में मौजूद लोग राम का रूप : कैप्टन

इस मौके पर कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि पंचायत को गाम राम कहा जाता है। खाप पंचायत में मौजूद लोग उनके लिए राम का रूप हैं। हम पूरे परिवार की तरफ से सिर झुकाकर और हाथ जोड़कर सबका दिल से आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे मन में पहले दिन से ही कोई गिला शिकवा नहीं था, न अब है और न ही आगे रहेगा। खाप पंचायतों ने जो फैसला किया है, हम उसका दिल की गहराइयों से मान-सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे बड़े भाई वीरसेन सिंधु, वृतपाल सिंधु, छोटे भाई मेजर सतपाल सिंधु पंचायत में मौजूद हैं। वहीं, बड़े भाई कैप्टन रुद्रसेन सिंधु ने भी संदेश भेजा है। उन्होंने कहा कि समाज में खापों की सरदारी करना बड़ी तपस्या है। जो अपने घर परिवार से समय निकालकर लोगों के सुख-दुःख में हाजिर होते हैं। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि सभी प्रेम से मिल जुलकर रहें।


जींद। खाप प्रतिनिधियों के पैर छूकर आशीर्वाद लेते पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु।


जींद। खाप पंचायत में हिस्सा लेते उत्तर भारत के चौधरी व साथ मौजूद कैप्टन अभिमन्यु।

## खापों के ये चौधरी मौजूद रहे

कंडेला खाप के ओमप्रकाश कंडेला, हुड्डा खाप के धर्मपाल हुड्डा, राठी खाप के रणबीर राठी, बलजीत कटवाल, दहिया खाप के सुरेंद्र दहिया, खत्री खाप के सुरेंद्र सिंह, कालीरमणा खाप के कर्मबीर, पूर्व सरपंच योगानंद, मोर खाप के दलबीर, 52 खाप के अरूण जैलदार, नौगामा खाप के प्रधान डॉ. दलबीर सिंह बीबीपुर, खेड़ा खाप के लीलाराम, किसान नेता कृष्ण किरमारा, श्योराण खाप यूपी के प्रमिंद्र, सिरोहा खाप के रणधीर सिंह, नरवाल खाप के भल्ले राम नरवाल, सुबेर सिंह जैलदार, नांदल खाप के पूर्व महासचिव अशोक नांदल, गठवाला खाप से दादा बलजीत सिंह, नैन खाप से ईश्वर नैन, सतरोल खाप के सचिव बिजेंद्र नान्हा, सर्वखाप के प्रवक्ता कैप्टन जगबीर मलिक, सर्वजातीय नरवाना खाप के किताब सिंह मोर, बारह खाप सर्वजातीय से संदीप भारती, झज्जर से राजेश धनखड़ समेत हरियाणा और अन्य प्रदेशों से खाप पंचायतों के प्रधान और प्रतिनिधि शामिल हुए।

## सिंधु परिवार की मेहरबानी से हुए युवा रिहा : सोमबीर सांगवान

दादरी के पूर्व विधायक सोमबीर सांगवान ने कहा कि यह सब सतरोल खाप और सिंधु परिवार के प्रयासों से मुमकिन हो पाया है। सिंधु परिवार ने अपना फैसला सतरोल खाप और समाज पर छोड़कर बड़ा दिल दिखाया। इसके बाद समाज के 57 युवा रिहा हुए थे। महापंचायत में सांगवान ने चिंता जताई कि युवा नशे और अपराध की तरफ जा रहे हैं। इन्हें बचाना होगा। समाज को आगे ले जाना है तो एक-दूसरे की टांग खिंचाई बंद करनी होगी।

## कैप्टन अभिमन्यु ने फैसला खाप व समाज पर छोड़ा : रामनिवास लोहान

सतरोल खाप के पूर्व प्रधान रामनिवास लोहान ने कहा कि रोहतक चौरासी के खाप प्रधान हरदीप अहलावत ने बच्चों को लेकर बात रखी, पूर्व विधायक सोमबीर सांगवान ने बात को आगे बढ़ाते हुए सतरोल खाप से बातचीत की। कैप्टन अभिमन्यु ने पूरा मामला अपनी खाप तथा समाज पर छोड़ दिया। निर्णय सकारात्मक रहा, सिंधु परिवार को सम्मान किया जाना भी समाज की जिम्मेदारी बनती है।

## कैप्टन अभिमन्यु और सतरोल खाप का आभार : हरदीप अहलावत

रोहतक चौरासी के प्रधान हरदीप अहलावत ने कहा कि परिस्थितियां बिल्कुल उलट थी। सोमबीर सांगवान और सतरोल खाप ने आस जगाई। कैप्टन अभिमन्यु परिवार ने सभी आरोपितों को माफ कर दिया था और फैसला सतरोल खाप तथा समाज पर छोड़ दिया था। उन्होंने 57 युवकों के रिहा होने पर सिंधु परिवार, सतरोल खाप तथा सोमबीर सांगवान का आभार जताया। वहीं, चौहान खाप 52 के प्रधान ज्ञान चंद चौहान ने कहा कि सिंधु परिवार ने युवकों को माफ कर उन्हें जीवनदान दिया है। समाज सिंधु परिवार का आभारी है।

## सिंधु परिवार सम्मान का हकदार : राय बहादुर

दादा घासी मलिक के पोते राय बहादुर ने कहा कि स्वामी दयानंद को जहर दिया गया था। फिर भी उन्होंने जहर देने वाले को माफ कर दिया था। सिंधु परिवार द्वारा युवकों को माफ किए जाने पर आभार जताया। सिंधु परिवार सम्मान का हकदार है और वह समाज ने उन्हें दिया है।

## सिंधु परिवार ने दिखाई दरियादिली : रघुबीर नैन

बिनैण खाप के प्रधान रघुबीर नैन ने कहा कि वह बाबा नफे नैन के साथ कैप्टन अभिमन्यु के आवास पर पहुंचे थे। उस दौरान कोठी के हालात देख कर कहा था कि यह कार्य माफी लायक नहीं है। फिर भी कैप्टन अभिमन्यु ने साफ कहा था कि जो समाज फैसला लेगा मैं उस पर खरा उतरुंगा। घटना से कैप्टन को काफी अर्थिक तथा राजनीतिक नुकसान हुआ। फिर भी सिंधु परिवार ने बड़ी दरियादिली दिखाई है।

## सिंधु परिवार प्रशंसा का पात्र : टेकराम कंडेला

सर्वजात सर्वखाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक टेकराम कंडेला ने कहा कि सिंधु परिवार हमेशा समाज उत्थान में सक्रिय रहा है। सिंधु परिवार ने उन युवकों को नया जीवनदान दिया है। इसके लिए जितनी प्रशंसा सिंधु परिवार की कि जाए उतनी कम है। उन्होंने सिधु परिवार का अभार जताया।

# हिरणों पर कुत्तों का हमला 15 की मौत, 5 कर्मी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

संजय वन वाटिका में 24 घंटे के भीतर 15 हिरणों की मौत होने से वन अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। वन अधिकारी हिरणों की मौत कुत्तों के हमले से होने की बात कह रहे हैं। मामले में सीसीएफ एवं डीएफओ ने एक उपवन क्षेत्रपाल सहित पांच वनकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर में रामानुजगंज मार्ग पर दशकों से संजय वन वाटिका का संचालन किया जा रहा है। वर्ष 1980 में सूखा राहत मद से वाटिका का निर्माण किया गया था। प्रारंभ में वाटिका में सजावटी, फूलदार एवं औषधीय पौधे लगाए गए थे। बाद में राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण वाटिका उपेक्षित हो गई थी। लोगों की लगातार मांग के बाद अधिकारी अन्य मदों की राशि से इसकी देखरेख करा रहे थे। वाटिका की देखरेख में कोई समस्या न हो इसके लिए वन अधिकारियों ने प्रारंभ में ट्वाय ट्रेन, झूला एवं मनोरंजन के अन्य साधनों को विकसित किया। लोगों की भारी भीड़ उमड़ने पर जंगल से भटककर आबादी क्षेत्र में पहुंचने वाले वन्य जीवों एवं पक्षियों को भी रखा जाने लगा तथा पर्यटकों की भीड़ बढ़ने पर वाटिका के संचालन की जिम्मेदारी वन प्रबंधन समिति शंकरघाट को सौंप दी गई।



### रेंजर को भेजा नोटिस

वन अधिकारियों के अनुसार मामले की प्राथमिक जांच में वनकर्मियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। डीएफओ ने अपने प्रतिवेदन में वाटिका में पदस्थ सभी वनकर्मियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा की है डीएफओ के प्रतिवेदन पर सीसीएफ ने उपवन क्षेत्रपाल अशोक सिन्हा, वनपाल श्रीमती ममता परते, श्रीमती प्रतिमा लकड़ा एवं श्रीमती विंद्धु सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

## एआई आधारित तकनीक से नागरिक सेवाओं को मिलेगी अधिक गति



**भोपाल** । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में सुशासन एवं विकास को नई गति देने और शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से शीघ्र ही मध्यप्रदेश स्टेट एआई मिशन प्रारंभ किया जाएगा। यह मिशन सेवाओं के संचालन और आर्थिक अवसरों के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्टेट एआई मिशन राज्य के एआई विजन एंड एक्शन फ्रेमवर्क पर आधारित होगा, जिसके माध्यम से व्यवस्था को प्रेडिक्टिव, प्रोएक्टिव एवं डेटा-ड्रिवन बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एआई तकनीकों का उपयोग मानवीय निगरानी (ह्यूमन-इन-द-लूप) के साथ किया जाएगा, जिससे सुरक्षा, पारदर्शिता एवं नागरिकों का विश्वास सुनिश्चित किया जा सकेगा। एआई मिशन के क्रियान्वयन से नागरिकों, विशेषकर किसानों, ग्रामीण समुदायों, युवाओं एवं वंचित वर्गों को तेज, स्मार्ट और व्यक्तिगत सेवाएँ उपलब्ध होंगी।

## कलेक्टर रेट बढ़ाकर लोगों पर बोझ डालने की तैयारी में सरकार

**चंडीगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव और सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भाजपा की नायब सिंह सैनी सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा है कि 1 अप्रैल 2026 से कलेक्टर रेट बढ़ाकर सरकार लोगों पर भार डालने की तैयारी कर रही है। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सरकार पिछले 9 महीने में ही प्रॉपर्टी खरीद-फरोख्त, रजिस्ट्री और स्टांप ड्यूटी से 13,099 करोड़ की उगाही कर चुकी है। अब 1 अप्रैल से कलेक्टर रेट में 5% या उससे ज्यादा बढ़ोतरी के साथ 10,000 करोड़ की और वसूली की तैयारी है। यानी प्लॉट, फ्लैट या छोटा सा मकान बनाने का सपना देखने वाले हर हरियाणवी से कुल 23,000 करोड़ की लूट की जा रही है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर बढ़ने से प्रदेश के आम आदमी की जेब पर सीधा असर पड़ेगा।



## धर्म के नाम पर लोगों को बांट रही भाजपा : सैलजा

### पंचकूला में पूर्व सीएम की प्रतिमा का अनावरण

पंचकूला। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सिरसा सांसद सैलजा ने कहा भाजपा ने धर्म के नाम पर लोगों को बांट रही है। सिरसा सांसद रविवार को पंचकूला सेक्टर-15 स्थित बिश्नोई भवन में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। सांसद सैलजा ने चौधरी भजनलाल को एक दूरदर्शी एवं कुशल राजनीतिज्ञ बताते हुए कहा कि हरियाणा के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है।



### पूर्व सीएम को याद किया

उन्होंने कहा कि चौधरी भजनलाल सामाजिक एकता, भाईचारे और सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक थे, यही कारण है कि आज भी सभी वर्गों के लोग उन्हें सम्मानपूर्वक याद करते हैं।

## डीजीपी सिंघल ने माता मनसा देवी मंदिर में की पूजा- अर्चना

**चंडीगढ़।** पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने अपनी सीमा सिंघल के साथ पंचकूला स्थित विश्व प्रसिद्ध माता मनसा देवी मंदिर में श्रद्धा भाव से माथा टेककर विधि-विधान के साथ विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की शांति, कानून-व्यवस्था की मजबूती और जनकल्याण के लिए मां भगवती से आशीर्वाद मांगा। मंदिर पहुंचने पर डीजीपी अजय सिंघल एवं उनकी पत्नी का मंदिर प्रशासन द्वारा पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। इसके बाद विधिवत हवन का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने पूर्ण श्रद्धा के साथ आहुति दी। पूजा-अर्चना के पश्चात उन्होंने मां मनसा देवी के दरबार में विशेष प्रार्थना करते हुए प्रदेश में शांति, सामाजिक सौहार्द की भी कामना की।

### रोपवे में सवार थे 17 श्रद्धालु, 6 अन्य घायल, सीएम ने दिए सख्त जांच के निर्देश

# खल्लारी माता मंदिर में दर्दनाक हादसा, रोपवे टूटने से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पर्यटन और धार्मिक स्थल खल्लारी माता मंदिर में रविवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं का रोपवे टूट गया। इस हादसे में रायपुर निवासी एक महिला की मौत हो गई है, जबकि 6 अन्य लोग घायल हुए हैं। घटना के समय दोनों ओर के रोपवे में कुल 17 लोग सवार थे।

200 से 300 फीट की ऊंचाई से गिरा ट्राली

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करीब 4 हजार फीट ऊंची पहाड़ी पर स्थित माता के मंदिर से दर्शन कर श्रद्धालु नीचे लौट रहे थे।

जमीन से करीब 200 से 300 फीट की ऊंचाई पर पहुंचने के बाद अचानक रोपवे का तार टूट गया, जिससे ट्रॉली अनियंत्रित होकर गिर गई। इस हादसे में रायपुर की आयुषी सातकर (28 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय लौटने वाले रोपवे में 7 लोग सवार थे, जबकि ऊपर जा रहे दूसरे रोपवे में 10 श्रद्धालु मौजूद थे। घायलों में 4 लोगों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया गया है। घटना में आयुषी सातकर (रायपुर) की मौत हो गई जबकि रायपुर निवासी ऋषभ धावरे (रायपुर), छायांश धावरे (रायपुर), महासमुंद निवासी गोविंद स्वामी, नमिता स्वामी, कुश्मिता स्वामी, मांशवी गोडारिया इस घटना में घायल हुए हैं।



### दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई: सीएम साय

खल्लारी माता मंदिर के पहाड़ी पर हुए रोपवे हादसा मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि, यह बहुत ही दर्दनाक घटना है। दोषियों को बख्सा नहीं जाएगा। जो भी मामले में दोषी पाए जाएंगे उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे ने रोपवे के मेंटेनेंस और सुरक्षा मानकों पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि इस रोपवे का संचालन डिजर्ट प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता द्वारा किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन अब इस बात की जांच कर रहा है कि क्या समय पर सुरक्षा ऑडिट और मशीनी जांच की गई थी। हादसे की जानकारी मिलते ही खल्लारी पुलिस और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। वर्तमान में नीति आयोग की बैठक के लिए दिल्ली प्रवास पर मौजूद महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दिल्ली से ही अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता घायलों का बेहतर उपचार सुनिश्चित करना है।

### पुलिस टीम ने मारा छापा, बंजारी मंदिर के पास की घटना

# सिलेंडर की जमाखोरी का पर्दाफाश, पुलिस ने बरामद किए 16 सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अवैध रूप से गैस सिलिंडर जमा कर रखने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। खमतराई थाना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 16 घरेलू गैस सिलिंडर बरामद किए गए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि बंजारी मंदिर के पास एक व्यक्ति भारी मात्रा में घरेलू गैस सिलिंडर अवैध रूप से जमा कर रखा हुआ है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी और संदेही को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी से सिलिंडरों के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका।



### जब्त माल की कीमत करीब 64 हजार

इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 16 इंडियन घरेलू गैस सिलिंडर जब्त कर लिए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 64 हजार रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजय साव (30) के रूप में हुई है, जो ट्रांसपोर्ट नगर इलाके का निवासी है। पुलिस ने उसके खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 106 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## चिंतन

# एआई सहयोगी होना चाहिए, मालिक नहीं

तकनीक का हर नया दौर अपने साथ संभावनाओं का उजाला और आशंकाओं की छाया दोनों लेकर आता है। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उसी मोड़ पर खड़ा है, जहां उससे हमारी उम्मीदें भी बहुत बड़ी हैं और सावधानियां भी उतनी ही जरूरी। हाल ही में जस्टिस सूर्यकांत ने जो बात कही, वह सिर्फ न्यायपालिका ही नहीं, पूरे समाज के लिए एक दिशा-सूचक सिद्धांत है यानी एआई सहयोगी होना चाहिए, मालिक नहीं। बेंगलुरु में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय सम्मेलन-2026 में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विवादों की रोकथाम और समाधान' विषय पर सीजेआई ने स्पष्ट किया कि एआई को न्यायिक प्रणाली में इस तरह शामिल किया जाना चाहिए, जिससे वह व्यवस्था को मजबूत करे, न कि उसकी मूल आत्मा को कमजोर कर दे। यह कथन केवल एक चेतावनी नहीं, बल्कि भविष्य की न्याय व्यवस्था का खाका भी है। आज अदालतों में लंबित मामलों का अंबार है। वर्षों तक चलने वाली सुनवाई, दस्तावेजों का भारी बोझ और जटिल प्रक्रियाएं, ये सब न्याय की गति को धीमा कर देते हैं। ऐसे में एआई का उपयोग बड़े पैमाने पर डेटा संभालने, पैटर्न पहचानने और प्रक्रियागत देरी को कम करने में बेहद उपयोगी हो सकता है, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या एआई को फैसले सुनाने का अधिकार मिलना चाहिए? यहीं पर सीजेआई की बात सबसे अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। न्याय केवल तथ्यों का गणित नहीं है, यह मानवीय संवेदनाओं, नैतिकता और परिस्थितियों की गहराई से जुड़ा हुआ है। एक जज अपने अनुभव, विवेक और तर्कशक्ति के आधार पर निर्णय लेता है। एआई, चाहे कितना भी उन्नत क्यों न हो, इन मानवीय गुणों की बराबरी नहीं कर सकता। एआई के निर्णय पूरी तरह उसके प्रशिक्षण डेटा पर आधारित होते हैं। यदि उस डेटा में कोई पक्षपात या कमी है तो उसका असर फैसलों पर भी पड़ सकता है। इससे न्याय की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो सकते हैं। यही कारण है कि एआई को केवल एक सहायक उपकरण के रूप में सीमित रखना ही बुद्धिमानी है। इसके अलावा, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और पारदर्शिता भी दांव पर लग सकती है। यदि फैसले एआई पर निर्भर होने लगें तो जवाबदेही किसकी होगी। मशीन की या उसे बनाने वाले प्रोग्रामर की? यह एक जटिल नैतिक और कानूनी प्रश्न है, जिसका अभी स्पष्ट उत्तर नहीं है। इसलिए जरूरी है कि अंतिम निर्णय का अधिकार हमेशा इंसानों के पास ही रहे। दरअसल, एआई का सही उपयोग वहीं है, जहां वह इंसानी क्षमता को बढ़ाए, न कि उसे प्रतिस्थापित करे। जैसे एक अच्छा सहायक अपने मालिक के काम को आसान बनाता है, वैसे ही एआई को भी न्यायाधीशों और वकीलों के लिए एक सहायक की भूमिका निभानी चाहिए। दिशा तय करने का अधिकार हमेशा इंसानी बुद्धि और विवेक के पास ही रहना चाहिए। आज जब दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है, तब यह संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है। तकनीक को अपनाना समय की मांग है, लेकिन आंख मूंदकर उस पर निर्भर हो जाना खतरनाक हो सकता है। एआई के बढ़ते प्रभाव के बीच हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि न्याय, अंततः इंसानों के लिए और इंसानों द्वारा ही किया जाने वाला कार्य है। यह कहना गलत नहीं होगा कि एआई एक शक्तिशाली साधन है, लेकिन उसकी शक्ति का सही उपयोग ही उसे वरदान या अभिशाप बनाता है। जस्टिस सूर्यकांत का यह संदेश हमें याद दिलाता है कि तकनीक को अपने नियंत्रण में रखना ही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

# पश्चिम एशिया संघर्ष से बढ़ती दुश्वारियां



दृष्टिकोण
अखिलेश आर्येन्दु

जैसे-जैसे पश्चिम एशिया में संघर्ष तेज होता जा रहा है, वैसे-वैसे दुनिया के अधिकांश देशों में तमाम तरह की समस्याएं और संकट बढ़ता जा रहा है। इसका असर आर्थिक क्षेत्र में पड़ ही रहा है, साथ ही होटल, पर्यटन उद्योग, चिकित्सा पर्यटन, पर्यावरण, जहाजरानी, एयरलाइंस (उड़ानों), ऊर्जा सुरक्षा, धर्मशाला पर्यटन, गैस संकट, उद्योग धंधों और शेयर बाजार पर गहराई से पड़ा है। अभी कहना मुश्किल है कि कब तक यह संघर्ष चलेगा और कितनी गंभीर समस्याएं और बढ़ेंगी। हैरान करने वाली बात यह है कि यह संघर्ष अब घोर प्रतिक्रियावादी दिशा की तरफ जाता दिखाई दे रहा है। अभी जितना विनाश हुआ है, दुनिया भर में उससे अभी और कितना विनाश होगा, कहना मुश्किल है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद्, ब्रिक्स, नाटो जितने भी कूटनीतिक और रणनीतिक समूह हैं, वे भी मिलकर इस संघर्ष को रुकवाने में सफल नहीं होते दिखाई दे रहे हैं।

> हैरान करने वाली बात यह है कि यह संघर्ष अब घोर प्रतिक्रियावादी दिशा की तरफ जाता दिखाई दे रहा है। अभी जितना विनाश हुआ है, दुनिया भर में उससे अभी और कितना विनाश होगा, कहना मुश्किल है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद्, ब्रिक्स, नाटो जितने भी कूटनीतिक और रणनीतिक समूह हैं, वे भी मिलकर इस संघर्ष को रुकवाने में सफल नहीं होते दिखाई दे रहे हैं। जरूरत है युद्ध संकट के दौर में राजनेता, विपक्षी दल, व्यापारी, शासन के अधिकारी और जनता देशहित में एक साथ मिलकर देश को किसी भी तरह के संकट से बचाने के लिए आगे आएं। इससे देश में किसी भी तरह का कृत्रिम संकट पैदा नहीं होगा।

संघर्ष के 20 दिन गुजर गए हैं। इन बीते दिनों में पश्चिम एशिया के देशों के संघर्ष के दौरान मिसाइलों, ड्रोन, बमों और दूसरे हथियारों के इस्तेमाल से सबसे ज्यादा विनाश हुआ है तो वह है पर्यावरण का। संघर्ष से महज वायु प्रदूषित नहीं हुई है बल्कि जल, भूमि और पारिस्थितिक तंत्र की अपूरणीय क्षति हुई है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि संघर्ष की वजह से भारी तादाद में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन हो रहा है जिससे 33.2 से ज्यादा मिलियन मीट्रिक टन कार्बनडाइआक्साइड के बराबर जहरीली गैसों का उत्सर्जन हुआ है, जो जार्डन जैसे देश के कुल वार्षिक उत्सर्जन के बराबर है। वहीं पर तेल रिफाइनरियों और गैस प्लांटों पर हमले से काली बारिश जैसे मंजर दिखाई देने लगे हैं। इससे इजराइल, ईरान, कुवैत, अरब अमीरात जैसे देशों में ही वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या पैदा हुई है, बल्कि पश्चिम एशिया के तमाम देशों तक इसका गंभीर असर दिखाई देने लगा है। बेतहाशा बमबारी की वजह से तमाम शहरों में मलबों का अंबार लग गया है और खतरनाक रसायन मिट्टी और भूजल में मिल रहे हैं। इससे समुद्र, नदी, पाताल सभी जगह का पानी जहरीला होता जा रहा है। तमाम इलाकों में पीने वाले पानी की ही किल्लत पैदा नहीं हुई है, बल्कि सिंचाई व घरेलू इस्तेमाल में आने वाले पानी की किल्लत हो गई है। बमबारी और मिसाइलों से तहस-नहस हुए इलाकों का डरावना मंजर देखकर युद्ध की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। समाचार एजेंसियों के मुताबिक मलबा इतना ज्यादा है कि युद्ध रुकने के बाद भी ऐसे इलाकों में रहना मुमकिन नहीं होगा, क्योंकि बमों से निकले जहरीले रसायनों और गैसों से महीनों तक वातावरण पूरी तरह जहरीला बना रहेगा। बहुत बड़ी तादाद में होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल के जहाज तैर ही नहीं रहे हैं, बल्कि समुद्र में बहुत बड़ी तादाद में तेल फैल रहा है। इससे समुद्री पारिस्थितिक तंत्र को बहुत नुकसान पहुंच रहा है। इस नुकसान की भरपाई कर पाना नामुमकिन बताया जा रहा है। जाहिर तौर पर पहले से ही पानी की कमी से जूझ रहे खाड़ी क्षेत्र के देशों के लिए पानी की बढ़ती किल्लत से जल संकट बढ़ रहा है, जिससे हालात और भी ज्यादा गंभीर होते जा रहे हैं। जितनी समस्याएं, संकट और दुश्वारियां बढ़ रही हैं, वे बढ़ते संघर्ष का नतीजा है। इसलिए युद्ध रुकवाना सबसे जरूरी है। संघर्ष रुकवाने की जितनी कोशिशें अभी तक हुईं हैं, वे नाकाम साबित हुई है। इसका असर लोगों में



दहशत, पलायन और भुखमरी के रूप में सामने आया है।

जानकारों के मुताबिक संघर्ष की वजह से 2026 में मध्य-पूर्व में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की तादाद में 11 से 27 प्रतिशत तक की कमी आने की उम्मीद है। इससे पर्यटन क्षेत्र में 34 से 56 मिलियन डालर का नुकसान होने की उम्मीद है। भारत सहित कई देशों की अंतरराष्ट्रीय उड़ानें आए दिन रद्द हो रही हैं। इससे पर्यटकों की तादाद में भारी कमी देखी जा रही है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास संघर्ष की वजह से पर्यटकों की आवाजाही पर प्रतिकूल असर देखा जा रहा है। होटलों, धर्मशालाओं की बुकिंग में भारी कमी आई है। वहीं, उद्योग धंधों पर भी असर पड़ा है। पिछले 20 दिनों से जारी संघर्ष का असर भारत सहित एशिया के देशों पर पड़ा है। उद्योग जगत पर इसका सीधा असर देखा जा रहा है। गैस संकट की वजह से भारत में उन उद्योगों पर गहरा असर दिखाई दे रहा है, जहां गैस की खपत ज्यादा होती थी। सर्वेक्षण के मुताबिक भारतीय उद्योग धंधों में 30 प्रतिशत से अधिक की उत्पादन में कमी आई है। बड़ी विनिर्माण कंपनियों से लेकर सूक्ष्म, लघु और मझोले उपक्रमों तक तमाम कंपनियां उत्पादन के मामले में बहुत अधिक संघर्ष कर रही हैं। कच्चा माल और पर्याप्त ईंधन न मिलने की वजह से भी उत्पादन में भारी गिरावट आई है। स्टील, पेंट, आयरन उत्पादन, बड़े उत्पादन क्षेत्रों में कार्यरत रसोई, मशीन निर्माण सहित तमाम क्षेत्रों पर गैस की कमी की बात कही जा रही है। भारतीय होटलों, ढाबों, रेस्तरांओं और कैंटीनों में भी गैस की समस्या की बात कही जा रही है। भारत में यह बड़े स्तर पर नहीं है, लेकिन जानकारों का कहना है कि यदि संघर्ष का दौर आगे बढ़ता जाएगा तो समस्या आनी तय है। वैज्ञानिकों का कहना है कि बमबारी और मिसाइलों के हमलों से निकल रही जहरीली गैसें उन देशों तक पहुंच सकती हैं जो देश इस संघर्ष में किसी भी तरह शामिल नहीं हैं। यही नहीं, संघर्ष पर नजदीक से नजर रखने वाले पर्यटक और पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि पश्चिम के तमाम मुल्कों में युद्ध में विस्थापित लोगों के पुनर्वास की समस्या विकराल हो सकती है, जिससे देशों के सीमा से सटे देश में सुरक्षा की बहुत बड़ी समस्या पैदा होने की आशंका बढ़ गई है। गौरतलब है पिछले दो सालों में रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान यूक्रेन से हजारों की तादाद में लोग को अपना पुश्तैनी निवास छोड़कर उन जगहों पर शरण लेनी पड़ी, जहां उनके योग-क्षेम की व्यवस्था बहुत कम थी। युद्ध विस्थापकों की समस्या दुनिया की तमाम विस्थापित समस्याओं में बहुत गंभीर देखी गई है। ईरान और दूसरे देशों से विस्थापित लोग उस तरफ रुख कर रहे हैं, जहां वे अपने लिए सुरक्षित समझ रहे हैं। इनकी मदद की अपील दुनिया के तमाम मानवाधिकार पर कार्य करने वाली संस्थाएं कर रही हैं, लेकिन अभी वैसी मदद इन्हें नहीं मिल रही है, जिसकी इन्हें जरूरत है। प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान दुनिया में हाहाकार मचा था। जापान सहित दुनिया के तमाम देशों के हालात बेहद नाजुक हो गए थे। इस संघर्ष को लेकर भी कहा जाने लगा है कि यदि समझदारी और संवाद के जरिए युद्ध खत्म करने पर रजामंदी नहीं हुई तो, एक बार फिर दुनिया एक नए विश्व युद्ध के दायरे में आ सकती है।

भारत अपनी कूटनीति और रणनीति के जरिए पूरी कोशिश में है कि जितनी जल्द हो सके, संघर्ष विराम के लिए तीनों देश रजामंदी कर लें। भारत कहता रहा है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। इससे सभी देशों में संकट और समस्याएं बढ़ेंगी। जरूरत है युद्ध संकट के दौर में राजनेता, विपक्षी दल, व्यापारी, शासन के अधिकारी और जनता देशहित में एक साथ मिलकर देश को किसी भी तरह के संकट से बचाने के लिए आगे आएं। इससे देश में किसी भी तरह का कृत्रिम संकट पैदा नहीं होगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## शहीदी दिवस

डॉ. घनश्याम बादल



# स्वाधीनता की दहाड़ और इंकलाब की अनुगूंज

आज है 23 मार्च। एक ऐसी शख्सियत को उनकी पुण्यतिथि पर याद करने का दिन। 28 सितंबर 1907 को वर्तमान पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लायलपुर में जन्मे, अपनी जवानी को मातृभूमि पर चढ़ाने वाले उस जोशीले नौजवान का नाम था भगत सिंह, जिसे उसकी दादी 'भागोंवाला' कहा करती थी। शायद उसका जन्म ही आजादी दिलवाने के लिए हुआ था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के विराट आख्यान में भगत सिंह का नाम केवल एक क्रांतिकारी के रूप में नहीं, बल्कि एक विचार, एक चेतना और एक सतत प्रतिरोध की परंपरा रूप में दर्ज है। अंग्रेजी सत्ता के मन में उनका कितना भय था, यह इसी से पता चलता है कि उनकी फांसी की तारीख 24 मार्च तय हुई थी, लेकिन 23 मार्च को ही सुबह 7:30 बजे उन्हें राजगुरु और सुखदेव के साथ फांसी पर चढ़ा दिया गया था। 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में उन्हें फांसी दी गई, तब वे महज 23 वर्ष के थे, किंतु उनकी वैचारिक परिपक्वता, वैचारिक निर्भीकता और राजनीतिक स्पष्टता ने उन्हें अपने समय से कहीं आगे खड़ा कर दिया। उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करना केवल एक औपचारिक श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि उस असहज प्रश्न से सामना करना भी है कि क्या हमने उस भारत का निर्माण किया, जिसकी कल्पना उन्होंने की थी। भगत सिंह का जीवन एक साधारण देशभक्त युवक से एक प्रखर वैचारिक



क्रांतिकारी बनने की यात्रा है। जलियांवाला बाग हत्याकांड ने उनके मन पर जो अमिट छाप छोड़ी, उसने उनके भीतर अंग्रेजी सत्ता के प्रति गहरा आक्रोश पैदा किया। किशोर अवस्था में ही उन्होंने खेतों में खून से सनी मिट्टी को बोतल में भरकर अपने साथ रखा। यह प्रतीक था उस प्रतिज्ञा का, जो उन्होंने अन्याय के विरुद्ध ली थी। आगे चलकर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़कर उन्होंने क्रांतिकारी गतिविधियों को संगठित रूप दिया। कार्ल मार्क्स, लेनिन और अन्य समाजवादी चिंतकों के साहित्य ने उनके दृष्टिकोण को व्यापक बनाया। उनकी प्रसिद्ध उक्ति "क्रांति की तलवार विचारों की सान पर तेज होती है" इस बात का प्रमाण है कि वे विचारों की शक्ति को सर्वोपरि मानते थे। उनकी शायरी और लेखन में भी यह वैचारिक ताप स्पष्ट दिखाई देता है-चाहे वह "सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है" जैसी पंक्तियों के प्रति उनका अनुराग हो या जेल में लिखे गए उनके लेख, जिनमें एक स्वतंत्र, समतामूलक और वैज्ञानिक दृष्टि वाले समाज की परिकल्पना झलकती है। सांडर्स हत्याकांड और केंद्रीय विधानसभा बम कांड में उनकी भूमिका ने ब्रिटिश सरकार को उन्हें एक ख़तरनाक क्रांतिकारी के रूप में स्थापित करने का अवसर दिया। किंतु यह भी उतना ही सच है कि असेंबली में फेंका गया बम जान लेने के लिए नहीं, बल्कि "बहरों को सुनाने" के लिए था। उन्होंने स्वयं गिरफ्तारी दी ताकि अदालत को अपने विचारों के प्रचार का मंच बना सकें। यह एक असाधारण राजनीतिक रणनीति थी, जिसने उन्हें एक सच्चा सरदार और जननायक बना दिया। जेल में उनके संस्मरण और लेखन उनकी वैचारिक ऊंचाई को और स्पष्ट करते हैं। "मैं नास्तिक क्यों हूं" जैसे लेख में उन्होंने धार्मिक आस्थाओं पर प्रश्न उठाते हुए तर्क और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का समर्थन किया। उनके द्वारा की गई लंबी भूख हड़ताल, जिसमें उन्होंने भारतीय कैदियों के साथ हो रहे भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई, उनके मानवीय और नैतिक पक्ष को उजागर करती है। आज के संदर्भ में भगत सिंह की प्रासंगिकता केवल एक क्रांतिकारी प्रतीक के रूप में नहीं, बल्कि एक वैचारिक मार्गदर्शक के रूप में अधिक महत्वपूर्ण है। उनकी शहादत हमें यह भी सिखाती है कि राष्ट्रभक्ति केवल भावनात्मक आवेग नहीं, बल्कि एक विवेकपूर्ण और जिम्मेदार प्रतिबद्धता है। उन्होंने अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक अध्ययन जारी रखा, विचार किया और अपने समय की राजनीतिक परिस्थितियों का विश्लेषण किया। यह बौद्धिक ईमानदारी ही उन्हें अन्य क्रांतिकारियों से अलग करती है। आज जब हम उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हैं तो यह आवश्यक है कि हम उन्हें केवल नारों और प्रतीकों तक सीमित न करके रह जाएं। भगत सिंह का असली सम्मान तभी होगा जब हम उनके विचारों-वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सामाजिक न्याय और निर्भीक अभिव्यक्ति-को अपने जीवन और समाज में आत्मसात करें। उनकी शहादत एक ऐतिहासिक घटना भर नहीं, बल्कि एक सतत प्रेरणा है, जो हर पीढ़ी से यह प्रश्न पूछती है कि क्या हम उस आजादी के योग्य हैं, जिसके लिए उन्होंने अपना जीवन न्योछावर कर दिया।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हृदय का करें अनुसरण



संकलित
**दर्शन**

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

# सेवा का समर्पण भाव



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### याद रखना हमेशा, वन हैं तो हम हैं

21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। दुनिया भर में इस उपलक्ष्य में प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 28 नवंबर, 2012 को हर वर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। तब से हर वर्ष की 21 मार्च को यह दिवस मनाया जाता रहा है। वन हैं तो हम हैं। जो वृक्ष हमें फल नहीं देते हैं, वो भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि यह हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन बिना किसी मूल्य के देते हैं। लेकिन बहुत अफसोस है कि अब वनों की संभाल के लिए लापरवाही बरती जा रही है। वनों की रक्षा के लिए सरकार, नागरिकों तथा संस्थाओं को मिल कर काम करना होगा।

*- जगमोहन साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### नए युग को आकार



मोदी जी की दशकों की सेवा ने एक नए युग को आकार दिया है। चाहे गरीबों को उनके अधिकार दिलाना हो, विकास में नए मुकाम हासिल करना हो या वैश्विक मंचों पर राष्ट्र का गौरव बढ़ाना हो, मोदी युग ने भारत को पूरी तरह से बदल दिया है।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### आयुष्मान भारत योजना



हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट कैबिनेट बैठक में आयुष्मान भारत योजना लागू करने का निर्णय लिया ताकि जरूरतमंद परिवारों को 10 लाख तक के मुफ्त इलाज का सहारा मिल सके। आज 7 लाख से ज्यादा परिवारों के पास आयुष्मान भारत योजना का सुरक्षा कवच है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### हवाई यात्रा का किराया



हवाई यात्रा का किराया मध्यम वर्ग की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। मोदी सरकार हवाई किराए पर लगी सीमा को हटा रही है, जिससे टिकटों की कीमतों में भारी मुद्रास्फीति हो सकती है। सरकार को हवाई किराए को अधिक प्रभावी ढंग से विनियमित करने पर काम करना चाहिए।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### चाटुकारिता की दुकानें



गैस ने 'चाट' की दुकाने बंद कर दी हैं और जनता का विरोध देखकर 'चाटुकारिता' की भी दुकानें जल्दी ही बंद हो जाएंगी... उनके शटर गिरना तो शुरू ही हो चुके हैं...बस ताला लगना बाक़ी है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# 'बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस' जानलेवा है: नया अध्ययन



'बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस' (जीवाणु जनित मस्तिष्क ज्वर) एक बार फिर दुनियाभर में सुर्खियों में है। इस बीमारी के हाल में सामने आए मामले न्यूजीलैंड के ओटागो विश्वविद्यालय और इंग्लैंड के केंट विश्वविद्यालय से जुड़े हैं। 'बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस' को एक गंभीर और जानलेवा बीमारी माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का अनुमान है कि इससे संक्रमित लगभग हर छह में से एक व्यक्ति की मौत हो जाती है, भले ही उसे तुरंत चिकित्सकीय देखभाल और एंटीबायोटिक उपचार मिला हो। यह आंकड़ा भयावह है जिस पर अकसर बात होती है लेकिन इस बारे में अधिक बात नहीं की जाती कि इस अत्यधिक संक्रामक रोग से बच जाने वाले लोगों के साथ भविष्य में क्या होता है। 'बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस' संबंधी अधिकतर शोध का रुख लगभग एक जैसा रहा है और उनमें मुख्य रूप से उस गंभीर चरण पर ध्यान केंद्रित किया गया है जब लोग अस्पताल में भर्ती होते हैं और उनका उपचार चल रहा होता है लेकिन इससे इस धारणा को भी बल मिलता है कि 'बैक्टीरियल मेनिन्जाइटिस' एक अल्पकालिक बीमारी है जबकि ऐसा नहीं है। अंतरराष्ट्रीय साक्ष्य बताते हैं कि अधिकतर मरीजों को इलाज के काफी बाद तक भी शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक स्तर पर इसके असर झेलने पड़ते है।

## ऑफ बीट

# खुद सब्जियां उगाने वाले कम भोजन करते हैं बर्बाद



जीवन यापन के बढ़ते खर्च से लोगों, विशेष रूप से कम आय वाले के लिए स्वस्थ आहार का खर्च उठा पाना कठिन होता जा रहा है। इसके बावजूद, ब्रिटेन में घरों में हर साल आश्चर्यजनक मात्रा में भोजन बर्बाद होता है। इसमें लगभग 68 किलोग्राम फल और सब्जियां भी शामिल है। खाने की बर्बादी न केवल आपकी जेब पर भारी पड़ती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। वैश्विक स्तर पर, हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है, जिससे दुनिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आठ प्रतिशत उत्पन्न होता है। ये उत्सर्जन खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के सभी चरणों में अप्रयुक्त भोजन से उत्पन्न होता है। हमारे हालिया अध्ययन से हालांकि पता चला है कि जो लोग बगीचों और आवंटित जमीनों में फसल और सब्जियां स्वयं उगाते हैं, वे औसतन केवल 3.4 किलोग्राम फल और सब्जियां बर्बाद करते हैं – जो ब्रिटेन के औसत से 95 प्रतिशत कम है। इन परिवारों ने भोजन की बर्बादी को कम करने के लिए विभिन्न प्रथाओं को अपनाया, जिसमें अपनी अतिरिक्त उपज को संरक्षित करना या किसी अन्य को दे देना भी शामिल है। हाल के वर्षों में ब्रिटेन और अन्य जगहों पर बगीचों, सामुदायिक उद्यानों और आवंटित भूमि पर ताजा फसल एवं सब्जियां उगाने में दिलचस्पी फिर से बढ़ी है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

मथुरा में बाबा की हत्या पर आक्रोश बढ़ा

# सीमा पार से बुना गया बाबा चंद्रशेखर की मौत का ताना-बाना, उठे सवाल

एजेंसी ⏭ मथुरा

ईद पर तड़के गो तस्करों की तलाश में निकले गो भक्त बाबा की मौत के बाद बवाल नहीं होता, लेकिन राजनीति और सीमा पार से आए कुछ लोगों ने बवाल को बढ़ाने में हवा दी। जांच में सामने आया है कि हरियाणा और अलवर के कुछ लोग घटनास्थल पर लोगों को उकसाया। अधिकारियों के समझाने पर लोग समर्थक जाम खोलने पर सहमत हो गए थे, लेकिन चंद स्थानीय लोगों ने राजनीति चमकाने के लिए लोगों को उकसा कर जाम नहीं खुलने दिया। जांच में सामने आया है कि इसी दरमियान अलवर और हरियाणा से कथित गोसेवक वहां पहुंच गए थे।

### सख्त कार्रवाई करेगी पुलिस

उन्होंने पुलिस को लाठियां फटकराने का आदेश दिया तब पुलिसकर्मियों ने हंगामा करने वालों को खदेड़ा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह का कहना है कि कोसी में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी। हादसा खराब मौसम और कोहरे के कारण हुआ। कुछ लोगों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। जांच के बाद ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जांच में खुलासा: मामले को हवा देने में लगे थे बाहरी



### हाईवे किनारे लावारिस मिलीं कई बाइकें

बाबा की मृत्यु के बाद उपजे जनाक्रोश ने शनिवार को हिंसक रूप ले लिया। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प और पथराव के बाद पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें हाईवे किनारे लावारिस हालत में मिलीं बाइकों को जब्त कर लिया। वाहनों को छाता कोतवाली परिसर में खड़ा करवा दिया है। पुलिस अब इन वाहनों के नंबरों के आधार पर उनके मालिकों की पहचान कर रही है।

### दो प्राथमिकी होंगी दर्ज शिनाख्त शुरू

बवाल के मामले में देर रात तक पुलिस उन प्रदर्शनकारियों को चिह्नित किया, जिन्होंने पुलिस पर पथराव किया। बाबा की सड़क हादसे में मौत की प्राथमिकी ट्रक चालक के विरुद्ध दर्ज की जाएगी। दूसरी प्राथमिकी हाईवे पर बवाल करने वालों के विरुद्ध पुलिस की ओर से दर्ज करेगी। इसके लिए पुलिस हंगामे के दौरान पथराव व गाड़ियों में तोड़फोड़ करने वालों को चिह्नित कर रही है।

### 24 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया

हंगामे और पथराव के मामले में पुलिस ने कड़ा रुख अपना लिया है। घेराबंदी के आधार पर पत्थरबाजी में शामिल कई लोगों को चिह्नित कर हिरासत में ले लिया है। गोसेवक दक्ष चौधरी समेत 24लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सरकारी कार्य में बाधा डालने और अफवाह फैलाने की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने सभी को थाने लेकर पहुंचे। एसएसपी श्लोक कुमार ने लोगों ने अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वाली पोस्ट शेयर न करें।

## फरसा वाले बाबा के हत्यारों को बीच चौराहे फांसी दी जाए: बागेश्वर बाबा

**छतरपुर।** फरसा वाले बाबा उर्फ चंद्रशेखर की कुचलकर हत्या के मामले ने अब सियासी और धार्मिक



मोड़ ले लिया है। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए दोषियों को फांसी देने की मांग की है। महाराज ने मंच से स्पष्ट किया कि सनातन के लिए आवाज उठाने वालों को दबाने की कोशिश हो रही है।

### प्रशासन सो रहा..., सनातन को खत्म किया जा रहा: देवकीनंदन



प्रखर आध्यात्मिक गुरू और कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने इस वारदात पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए इसे 'साजिश' करार दिया। प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल उठाए हैं। सनातन को खत्म किया जा रहा। पुलिस और खुफिया तंत्र को इस तरह की खबर क्यों नहीं मिलती।

## खबर संक्षेप

### 19 राज्यों में आंधी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग ने देश के कई हिस्सों में आने वाले दिनों में गरज-चमक के साथ



बारिश, बिजली गिरने, तेज हवाओं और ओलावृष्टि की संभावना जताते हुए व्यापक अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ और कई चक्रवाती सिस्टम के प्रभाव से मौसम में यह बड़ा बदलाव आया है। मणिपुर, मिजोरम त्रिपुरा में व्यापक बारिश की संभावना है।

### पहली बार एक मेज पर आए सरकार और कुकी

**इंफाल।** मणिपुर से एक बड़ी खबर है। करीब 3 वर्ष से जारी जातीय संघर्ष के बीच सीएम युमनाम



खेमचंद सिंह ने शनिवार शाम गुवाहाटी में कुकी-जो काउंसिल के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ घंटों तक बैठक की। बंद कमरे में चली बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। पौने दो घंटे तक चली इस बातचीत ने अशांति की जमी हुई बर्फ को पिघलाने का काम किया है।

### मौत को छूकर लौटे कांग्रेस विधायक

**चित्रकोंडा।** ओडिशा के चित्रकोंडा से कांग्रेस विधायक मंगू खिल्ल एक बड़े हादसे का शिकार होने से



बाल-बाल बच गए। शनिवार को भुवनेश्वर से मलकानगिरी जा रही एक निजी बस का पिछला टायर आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले के पास अचानक फट गया, जिससे वाहन में भीषण आग लग गई। हादसे के वक्त बस में विधायक समेत 37 यात्री नींद में थे।

### रायपुर में सफाई के लिए गए 3 की मौत

**रायपुर।** रायपुर में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के अंदर सेप्टिक टैंक की सफाई होनी थी। इसके लिए 10



लोगों के एक ग्रुप ने 7 हजार में ठीका लिया था। इस काम के लिए सेप्टिक टैंक में गए तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में प्रशांत कुमार, गोविंद संेंद्रे और 32 वर्षीय अनमोल माचखंड शामिल थे। ये सभी नगर पालिका के साथ कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले कर्मचारी थे।

### अंतिम मतदाता सूची से पहले बंगाल में अलर्ट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने



के लिए खास निर्देश दिए हैं। 23 मार्च को राज्य में पूरक मतदात सूची जारी होनी है। इस दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए सावधानी बरतने को कहा गया है। गृह और पर्वतीय मामलों के विभाग ने यह आदेश जारी किया है।

## बिहार दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य सरकार को लिखा पत्र

देश की पहचान में दिया अमूल्य योगदान

# बिहार ने आध्यात्मिकता के साथ नैतिक मूल्यों से समाज को समृद्ध- सुखी किया

बिहार दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री नीतीश को पत्र लिखकर उन्हें और बिहार के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पीएम ने कहा बिहार दिवस, राज्य के समृद्ध इतिहास, सामर्थ्य और परंपराओं का उत्सव मनाने का दिन है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली पटना

बिहार दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर उन्हें और बिहार के सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सीएम नीतीश को लिखे पत्र में पीएम ने कहा कि बिहार दिवस, राज्य के समृद्ध इतिहास, सामर्थ्य और परंपराओं का उत्सव मनाने का दिन है। यह भारत की सशक्त पहचान में बिहार के अमूल्य योगदान को याद करने का अवसर भी है।प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार की धरती ने प्राचीन काल से ही ज्ञान, आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों के माध्यम से समाज को समृद्ध किया है। इस धरा पर दिए गए गौतम बुद्ध के विचार आज भी वैश्विक चेतना का हिस्सा हैं और मानवता को मार्ग दिखा रहे हैं। इस भूमि ने चाणक्य जैसे महान कूटनीतिज्ञ का प्रभाव देखा, जिन्होंने सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के साथ मिलकर एक सशक्त और संगठित भारत की नींव रखी। यह विरासत आज भी भारत की सोच और दिशा को प्रेरित करती है।

पीएम मोदी ने कहा बिहार के उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने ठोस कदम उठाए गए हैं। मखाना जैसे उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए नेशनल मखाना बोर्ड का गठन किया गया है। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय को बिहार की ऐतिहासिक धरोहर बताते हुए कहा कि इसे नई पहचान देने का प्रयास किया गया है।

## नीतीश ने आभार जताया,राज्य के विकास व सांस्कृतिक गौरव का संदेश दिया

### बिहारियों की वैश्विक पहचान

पीएम ने कहा कि बिहारवासियों ने देश और दुनियाभर में अपनी मेहनत, ईमानदारी और प्रतिभा से एक अलग पहचान बनाई है। समाज सेवा, उद्योग, शिक्षा, कला और संगीतहर क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने करीब से देखा है कि बिहार के लोग गुजरात की प्रगति में योगदान दे रहे थे।



### स्वतंत्रता संग्राम और लोकतांत्रिक योगदान की चर्चा

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार कई महान विभूतियों की जन्मभूमि और कर्मभूमि रहा है, जिन्होंने भारत की लोकतांत्रिक और बौद्धिक परंपराओं को आकार दिया। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान बिहार ने देश को नई दिशा दी। सत्याग्रह का उल्लेख भी किया।

### विकास योजनाओं और उपलब्धियों का किया उल्लेख

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में केंद्र सरकार का फोकस बिहार में इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी और समावेशी विकास पर रहा है। राज्य ने कई काम किए।

### किसानों और महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर

पीएम मोदी ने कहा कि किसान इस बदलाव के केंद्र में हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत बिहार के किसानों को 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके खातों में दी गई है।

### कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार

प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार में रेल और हवाई संपर्क का तेजी से विस्तार हुआ है। पटना हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल का निर्माण, दरभंगा की बेहतर हवाई कनेक्टिविटी और पूर्णिया में नए टर्मिनल भवन का निर्माण उपलब्धियां हैं। उन्होंने औंटा-सिमरिया पुल परियोजना के उद्घाटन के दौरान लोगों के उत्साह को भी याद किया और कहा कि आने वाले समय में बिहार के विकास की गति और तेज होगी।

### नीतीश के नेतृत्व की सराहना की

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री नीतीश के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके सुशासन और सभी वर्गों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता ने राज्य में विश्वास, स्थिरता और प्रगति की नई धारा शुरू की है। बिहार अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर अग्रसर है।

### सीएम नीतीश ने जताया आभार

नीतीश ने एक्स पर लिखा, मैं प्रधानमंत्री को बिहार दिवस के



अवसर पर राज्य के प्रति स्नेहपूर्ण संदेश के लिए बिहारवासियों की ओर से हार्दिक धन्यवाद एवं आभार प्रकट करता हूं। हमें गर्व है आपने बिहार की समृद्ध विरासत, संस्कृति और प्रगति के प्रयासों की सराहना की है।

## सरकार ने कंपनियों को निर्देश दिया

## होटल, रेस्तरां और प्रतिष्ठानों को पीएनजी लेने में प्राथमिकता दें

एलपीजी पर भी व्यापक कदम उठाए जा रहे



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत में गैस संकट की आशंका गहराने लगी थी। लेकिन अब केंद्र सरकार ने हालात संभालने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। सरकार का कहना है कि देश में ईंधन की सप्लाई को स्थिर रखने और आम लोगों पर असर कम करने के लिए व्यापक रणनीति लागू की जा रही है। सरकार ने सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे होटल, रेस्तरां और कैंटीन जैसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पीएनजी कनेक्शन देने को प्राथमिकता दें। इसका मकसद कमर्शियल एलपीजी पर दबाव कम करना है, ताकि गैस की उपलब्धता बनी रहे और बाजार में संतुलन कायम रहे।सरकार ने गैस इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े सभी लंबित कामों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। केंद्र और राज्य सरकारों को मंजूरी प्रक्रिया तेज करने को कहा गया है।

### एलपीजी सप्लाई में बड़ा इजाफा

कमर्शियल जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने एलपीजी सिलिंडर का आवंटन बढ़ा दिया है। राज्यों को अतिरिक्त 20 प्रतिशत एलपीजी दिया गया है। इससे कुल आवंटन 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इस अतिरिक्त गैस को होटल, ढाबा, इंडसट्रियल कैंटीन और सामुदायिक रसोई जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता से दिया जाएगा।

### कालाबाजारी पर सख्ती और निगरानी बढ़ाई

सरकार ने गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए सख्ती बढ़ा दी है। कई राज्यों में 3500 से ज्यादा छापेमारी की गई है और करीब 1400 सिलिंडर जब्त किए गए हैं। इससे साफ है कि सरकार सप्लाई चेन को लेकर कोई लापरवाही नहीं बरतना चाहती।

### पेट्रोल, डीजल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता

सरकार ने भरोसा दिलाया है कि देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। सभी रिफाइनरी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कहीं भी ईंधन की कमी नहीं है। लोगों से अपील की गई है कि वे घबराकर खरीदारी न करें।

पश्चिम बंगाल में दोनों दलों में टकराव चरम पर जा पहुंचा

# भाजपा का समर्थन करेंगे मुसलमान टीएमसी का नहीं, हम समान न्याय के लिए लड़ रहे

## बंगाल चुनाव से पहले सुवेंदु अधिकारी ने किया बड़ा दावा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार में जुटे राज्य के विपक्ष के नेता और भावानीपुर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी का कहना है, मुसलमान भाजपा का समर्थन करेंगे, टीएमसी का नहीं।

सुवेंदु ने कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद कहा कि बंगाल की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान बचाना जरूरी है। तृणमूल पर तुष्टीकरण की राजनीति का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सभी के लिए समान न्याय की बात करती है।



### चुनावी के बीच भिड़े भाजपा- टीएमसी

बंगाल में बढ़ती राजनीतिक सरगर्मियों के बीच उत्तरी 24 परगना में भाजपा-टीएमसी के समर्थकों के बीच झड़प की खबर है। बारानगर में घटना के बाद हालात पर काबू पाने सुरक्षा बलों को तैनात किया गया। झड़प पर बारानगर के असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ़ पुलिस सिद्धार्थ सिंह डांगी ने बताया, हालात सामान्य हैं।

### पुडुचेरी में एआईएडीएम को 2 सीटें

एनडीए के घटक दल- एआईएडीएमके ने आगामी विधानसभा चुनावों में 2सीटों पर ताल ठोकने की घोषणा की है। एआईएडीएमके सचिव अनबझगन ने बताया कि पार्टी उप्पलम और ओरलियनपेट से लड़ेगी। एनडीए पुडुचेरी में सत्ता बरकरार रखेगा।

### असम विधानसभा चुनाव: भाजपा प्रवक्ताओं को कमर कसने के निर्देश

भाजपा ने असम में चुनाव प्रचार को गति देने के लिए पार्टी के प्रवक्ताओं को निर्देश दिए हैं। केंद्र के साथ-साथ असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के कार्यकाल में हुए काम का प्रचार करने के लिए राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने असम के पार्टी प्रवक्ताओं को जरूरी निर्देश दिए।

## एक ही परिवार के 5 लोग गए ते माता का दर्शन करने

# खल्लारी मंदिर का रोप-वे टूटा, खाई में गिरी ट्राली, महिला की मौत और 17 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नवरात्रि पर्व पर माता दर्शन कर लौट रहा परिवार हादसे का शिकार हो गया। एक ही परिवार के 5 लोग इष्ट मित्रों के साथ माता दर्शन के लिए खल्लारी पहुंचे थे। पहले उन्होंने नीचे खल्लारी माता के दर्शन किए और रोप-वे से ही ऊपर पहुंचे, जहां दर्शन के बाद जैसे ही रोपवे में बैठे ट्रॉली के कुछ दूर जाते ही केबल टूट गया और पूरी ट्रॉली लुढ़कती हुई नीचे के मैदानी क्षेत्र तक जा पहुंची। दोनों ट्रॉलियां एक दूसरे से अटैच थीं। नीचे वाली ट्रॉली के ऊपर जाने



के साथ ही ऊपर वाली ट्रॉली नीचे की ओर आती है। ऊपर की ओर जा रही दूसरी ट्रॉली पहली ट्रॉली के केबल टूटने के कारण रिवर्स हो गई। इस ट्रॉली में 7 लोग सवार थे। अपनी बारी का इंतजार कर रहे 5 अन्य भी घायल हो गए। रायपुर निवासी युवती आयुषी की मौत हो गई।4 लोगों को रायपुर रिफर किया है।

### सीएम बोले- यह दु:खद और पीड़ादायक

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि महासमुंद जिले के खल्लारी माता मंदिर में हुई रोप-वे दुर्घटना की सूचना अत्यंत दु:खद एवं पीड़ादायक है। दुर्घटना में एक श्रद्धालु के निधन के समाचार से मन व्यथित है। मेरी गहरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें। संबंधित अधिकारियों को घायलों के बेहतर उपचार के लिए आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं।*

## भारत खनिज और ऊर्जा आत्मनिर्भरता में उठा रहा बड़ा कदम

# आज से शुरू होगा 19 ब्लॉकों की नीलामी का 7वां चरण

## भारत सरकार ने बोली लगाने वाली कंपनियों को दिया न्योता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत अपनी खनिज और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। केंद्र सोमवार को देश के खनिजों की नीलामी का 7



वां चरण लॉन्च करने के को तैयार है। इस बार 19 खनिज ब्लॉक्स की बोली लगाई जाएगी। ये ब्लॉक्स अलग-अलग राज्यों में हैं। सरकार ने बोली लगाने वाली कंपनियों को न्योता दे दिया है। नीलामी के साथ सरकार समावेशी विकास पर भी जोर दे रही है। मंत्रालय सोमवार और मंगलवार को 'नेशनल डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन समिट' का आयोजन भी कर रहा है।

### 46 ब्लॉक्स पर दांव

खनन मंत्रालय के अनुसार सरकार अब तक खनिजों की नीलामी के छह सफल दौर पूरे कर चुकी है। इन चरणों में अब तक कुल 46 क्रिटिकल खनिज ब्लॉक बेचे जा चुके हैं। रफ्तार को बरकरार रखते हुए 7वें चरण में 19 ब्लॉक्स को माइनिंग लीज पर देने की तैयारी है।

खनन मंत्रालय का मेगा प्लान



### नीलामी की कमान दिग्गजों के हाथ होगी

नीलामी के दौरान केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे मौजूद रहेंगे। मंत्रालय का मानना है कि इन खनिजों की उपलब्धता भारत को न केवल तकनीक के क्षेत्र में आगे ले जाएगी,बल्कि रणनीतिक क्षेत्रों में भी देश को मजबूत करेगी।

### दुनिया क्लीन एनर्जी,एडवांस टेक्नोलॉजी की ओर भाग रही

पूरी दुनिया अब क्लीन एनर्जी और एडवांस टेक्नोलॉजी की ओर भाग रही है। वैश्विक सप्लाई में उथल-पुथल को देखते हुए भारत ने कमर कस ली है। नीलामी का मुख्य उद्देश्य लिथियम, ग्रेफाइट, दुर्लभ पृथ्वी तत्व, टंगस्टन, वैनेडियम और टाइटेनियम जैसे खनिजों के लिए आयात पर निर्भरता कम करना है। ये स्मार्टफोन की बैटरी से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक में 'बैकबोन' का काम करते हैं।

केंद्रीय मंत्री खट्टर ने किया ऐलान

# 4 माह में भारत शुरू करेगा घरेलू कार्बन ट्रेडिंग का कार्य

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत अगले चार महीनों में घरेलू कार्बन बाजार में औपचारिक ट्रेडिंग



शुरू करेगा। यह घोषणा शनिवार को केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने की। यह कदम देश के कार्बन उत्सर्जन को कम करने और जलवायु संबंधी कार्यों के लिए आर्थिक ढांचा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण होगा। भारत बिजली शिखर सम्मेलन 2026 के दौरान मंत्री ने कहा कि अगले चार महीने में देश में कार्बन बाजार में औपचारिक ट्रेडिंग शुरू होगी। उन्होंने कहा कि इस योजना में भाग लेने के लिए सभी संबंधित पक्षों को पहले पंजीकरण कराना होगा। कार्बन बाजार उत्सर्जन को संतुलित करने का एक तंत्र होगा। जिन कंपनियों के पास कार्बन प्रमाणपत्र होंगे वो उन्हें बेच सकेंगे। जिनके पास नहीं होंगे वो खरीद सकेंगे, ताकि वे अपने दायित्वों को पूरा कर सकें। मंत्री ने यह भी कहा कि वैश्विक तापमान में वृद्धि को देखते हुए जलवायु परिवर्तन पर तत्काल कदम उठाना आवश्यक है।

# 1 अप्रैल से बदल जाएंगे 'पैन कार्ड' के नियम, अब नहीं होगा 'आधार' से काम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पैन कार्ड बनवाने की प्रक्रिया में जल्द ही कुछ अहम बदलाव लागू होने वाले हैं। जिसका सीधा असर नए पैन कार्ड बनवाने वाले आवेदकों पर पड़ने वाला है। ये नए नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे।

■ पहले आधार से हो जाता था काम, अब ज्यादा डाक्यूमेंट देने पड़ेंगे

इसलिए अगर आप आने वाले समय में पैन कार्ड के लिए आवेदन करने की सोच रहे हैं, तो पहले इन बदलावों की जानकारी लेना जरूरी है। ताकि आगे परेशानी नहीं उठाने पड़े। अभी तक 31 मार्च 2026 तक पैन कार्ड के लिए आवेदन करना काफी आसान है, जहां केवल आधार कार्ड के जरिए भी काम हो जाता है। ज्यादा डॉक्यूमेंट देने की जरूरत नहीं पड़ती। लेकिन 1 अप्रैल 2026 से यह प्रक्रिया थोड़ी सख्त होने जा रही है।

## अप्रैल से पैन कार्ड बनाना पहले से अधिक कठिन होगा

### आधार के साथ इन दस्तावेजों की होगी जरूरत

नए नियम लागू होने के बाद पैन कार्ड के लिए आवेदन करते समय केवल आधार कार्ड पर्याप्त नहीं रहने वाला है। आवेदकों को पहचान व जन्म से जुड़े अतिरिक्त दस्तावेज देने पड़ सकते हैं। इसमें जन्म प्रमाण पत्र, वोटर आईडी, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, 10वीं का सर्टिफिकेट या अन्य सरकारी दस्तावेज शामिल हो सकते हैं। जिससे पैन कार्ड पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित हो जाएगा।




### आधार से मेल खानी चाहिए सारी जानकारी

नए नियमों के तहत पैन कार्ड में दर्ज जानकारी आधार से पूरी तरह मेल खानी चाहिए। इसलिए आवेदन करने से पहले आधार में नाम, जन्म तिथि और अन्य डिटेल्स सही और अपडेट होना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही सरकार नए आवेदन फॉर्म भी लागू करने जा रही है, जो 1 अप्रैल 2026 के बाद अनिवार्य होंगे। पुराने फॉर्म मान्य नहीं रहेंगे, इसलिए पैन से जुड़ा कोई भी काम अब नए फॉर्म के माध्यम से ही किया जा सकेगा।

### प्रक्रिया पहले के मुकाबले लंबी होगी

नए नियम लागू होने के बाद सिर्फ आधार के बेसिस पर पैन कार्ड बनवाना संभव नहीं होगा। बल्कि आवेदकों को अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने होंगे और पूरी प्रक्रिया पहले के मुकाबले ज्याद लंबी हो सकती है। जिससे पैन कार्ड बनवाना पहले से ज्यादा कठिन हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### रुपए में गिरावट से सभी तेल की कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में युद्ध के माहौल के कारण बढ़ती आपूर्ति चिंताओं तथा डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने के साथ-साथ आवक घटने से देश के तेल-तिलहन की कीमतों में मजबूती का रुख रहा। सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल की कीमतें मजबूती दर्शाती बंद हुईं।

### सेबी की निपटान नियमों में ढील के लिए आज बैठक




**नई दिल्ली।** शेयर बाजार नियामक सेबी का निदेशक मंडल सोमवार को एक व्यापक एजेंडा पर चर्चा करने के लिए बैठक करने वाला है। मामले से परिचित लोगों के अनुसार, इसमें विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए कोष निपटान नियमों को आसान बनाने और बाजार मध्यस्थों के लिए नियामकीय ढांचे में बदलाव के प्रस्ताव शामिल हैं।

### विप्रो ने एआई-डेटा सेंटर समाधान किया पेश




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी विप्रो ने उद्यम स्तर पर एआई को तेजी से अपनाने के लिए अपना एआई-डाटा सेंटर समाधान पेश करने की घोषणा की। यह समाधान मुख्य डाटा सेंटर ढांचे और ग्राहक अनुभव परिचालन को आधुनिक बनाने में भी मदद करेगा। एआई आधारित सेवाओं और बदलाव लाने वाले समाधानों का एकीकृत समूह उपलब्ध कराया जा सके।

# जेएसडब्ल्यू एमजी का ईवी विंडसर की बिक्री बढ़ाने गैर-महानगरों पर ध्यान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ मॉडल विंडसर की बिक्री में 70 फीसदी योगदान

■ एमजी विंडसर को अक्टूबर, 2024 में पेश किया गया था

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के सबसे ज़्यादा बिकने वाले इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मॉडल विंडसर की बिक्री में 70 प्रतिशत योगदान गैर-महानगरों का है। ऐसे में कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है इसी का लाभ उठाकर और जागरूकता बढ़ाकर जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर अपनी बिक्री बढ़ाने का प्रयास कर ही है।

एमजी विंडसर को अक्टूबर, 2024 में पेश किया गया था। तब से अब तक इस मॉडल की कुल बिक्री लगभग 65,000 इकाई रही है। इस मॉडल की कुल बिक्री में से, चार महानगरों- दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई का हिस्सा 30 प्रतिशत रहा है। शेष भारत ने इसमें 70 प्रतिशत का योगदान दिया है। इस रुख पर जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विनय रैना ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन की बिक्री शुरू में महानगरों में ही थी, जिसका मुख्य कारण कम जागरूकता और ऐसे उत्पाद की कमी थी जो सच में आम लोगों को पसंद आते।

रैना ने दावा किया, ''एमजी विंडसर के आने से यह माहौल बदल गया और यह मॉडल गैर-महानगर शहरों में ईवी की स्वीकार्यता बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह सही समय पर पेश किया गया सही उत्पाद था।

### एमजी के पास कॉमेट और जेडएस ईवी मॉडल भारत में

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के पास कॉमेट और जेडएस ईवी जैसे अन्य इलेक्ट्रिक मॉडल हैं। अक्टूबर, 2024 से फरवरी, 2026 तक कंपनी ने भारत में इलेक्ट्रिक वाहन की कुल एक लाख इकाइयां बेची हैं। वर्ष 2025 में कंपनी ने परंपरागत इंजन वाली गाड़ियों सहित कुल बिक्री में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की और उसकी बिक्री 70,554 इकाई रही।

## अपरिहार्य स्थिति की घोषणा से आधी क्षमता पर परिचालन

# पश्चिम एशिया संकट से गैस आपूर्ति बाधित आधी क्षमता पर चल रहे हैं भारत के यूरिया संयंत्र

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के बीच 'अपरिहार्य स्थिति' की घोषणा के चलते तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति बाधित होने की वजह से देश के यूरिया संयंत्र अपनी आधी क्षमता पर परिचालन कर रहे हैं। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि देश की सबसे बड़ा एलएनजी प्राप्त करने वाला टर्मिनल चलाने वाली पेट्रोनेट एलएनजी लि. ने अपरिहार्य स्थिति की घोषणा की है। आपूर्तिकर्ताओं ने जलडमरूमध्य व्यवधान की वजह से कंपनी को अनुबंधित मात्रा में गैस की आपूर्ति करने में असमर्थता जताई है।

### कंपनियां उर्वरक इकाइयों को गैस आपूर्त करती है

इस कदम से सरकारी गैस वितरक कंपनियों गेल (इंडिया) लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसी) और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) ने आपूर्ति में कटौती शुरू कर दी है। ये कंपनियां रासगैस अनुबंध के तहत उर्वरक इकाइयों को गैस की आपूर्ति करती हैं।

### भारत दुनिया का सबसे बड़ा यूरिया उपभोक्ता




विश्लेषकों का कहना है कि भारत दुनिया के सबसे बड़े यूरिया उपभोक्ताओं में से एक है, और लगातार घरेलू कमी आने वाले खरीफ बुवाई सत्र से पहले उर्वरक की उपलब्धता पर असर डाल सकती है। 19 मार्च तक, भारत के पास कुल 61.14 लाख टन यूरिया का भंडार था, जो एक साल पहले इसी अवधि के 55.22 लाख टन से ज्यादा है।

**पेट्रोनेट एलएनजी ने भी अपरिहार्य स्थिति की घोषणा की**

**जलडमरूमध्य व्यवधान से कंपनियों को आपूर्ति में व्यवधान**

**गेल, आईओसी और बीपीसीएल ने आपूर्ति में की कटौती**

### परिचालन में समन्वय टूट गया

इन हालात में काम करने का मतलब है कि आप कम उर्वरक बनाने के लिए ज़्यादा ऊर्जा खर्च कर रहे हैं, और यह सीधे तौर पर वित्तीय नुकसान है। उर्वरक कंपनियों के अधिकारियों का कहना है कि परिचालन में समन्वय भी टूट गया है, जिससे स्थिति और खराब हो गई है। उद्योग के एक अन्य सूत्र ने कहा कि इस तरह के अचानक लोड में बदलाव बड़ी ट्रेन-आधारित अमोनिया-यूरिया संयंत्रों के लिए व्यावहारिक रूप से मुमकिन नहीं हैं।

### गैस की आपूर्ति घटाकर 60 से 65 फीसदी की

*उद्योग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, गैस आपूर्ति सामान्य स्तर से घटाकर 60-65 प्रतिशत तक कर कर दी गई है। उन्होंने कहा कि कुछ इकाइयों के लिए प्रभावी आपूर्ति 50 प्रतिशत से नीचे आ गई है। इस वजह से, जिन संयंत्रों पर असर पड़ा है, वहां यूरिया का उत्पादन लगभग 50 प्रतिशत कम हो गया है।*

### ऊर्जा की खपत 40 फीसदी तक बढ़ी

*संयंत्र अधिकारियों के मुताबिक, वहीं इसके उलट इन जगहों पर ऊर्जा की खपत की खपत 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है, क्योंकि कम लोड पर चलने वाली बड़ी अमोनिया-यूरिया ट्रेन की तापीय दक्षता में भारी गिरावट आई है। एक संयंत्र के परिचालन प्रबंधक ने कहा, ''इस पैमाने के संयंत्र अपनी मर्जी से उत्पादन बढ़ाने या घटाने के लिए डिजाइन नहीं किए गए हैं।''*

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सरकार ने निर्यात ऋण के लिए किया संशोधन



**नई दिल्ली।** सरकार ने 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रोत्साहन मिशन के तहत खेप भेजने से पहले और खेप भेजने के बाद निर्यात ऋण के लिए ब्याज सहायता योजना के दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। इन बदलावों के अनुसार जिस तारीख से ऋण खाते को गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा, उस तारीख से कोई सहायता लाभ नहीं दिया जाएगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक नोटिस में कहा कि ब्याज सहायता योजना केवल दो जनवरी या उसके बाद जारी किए गए निर्यात ऋण के संबंध में लागू होगी।

# ज़ाइडस ने भारत में लॉन्च किया सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन

■ ज़ाइडस ने एक नया और अलग तरह का दोबारा इस्तेमाल होने वाला मल्टी-डोज़ पेन पेश किया है।

**नई दिल्ली।** नवाचार पर आधारित एक वैश्विक लाइफसाइंसेज़ कंपनी ज़ाइडस लाइफसाइंसेज़ लिमिटेड (अपनी सहायक कंपनियों सहित, आगे 'ज़ाइडस' कहा जाएगा), ने भारत में पेटेंट खत्म होने के बाद सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन को सेमाग्लिन टीएम, माशेमा टीएम और अल्टरमे टीएम ब्रांड नामों से लॉन्च किया है। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने पहले ही टाइप 2 डायबिटीज मेलिटस और मोटापे के इलाज के लिए इस इंजेक्शन की मैन्युफैक्चरिंग और मार्केटिंग की मंजूरी दे दी थी। मौजूदा इलाज के तरीकों में मरीजों को अक्सर डोज़ धीरे-धीरे बढ़ाने के साथ कई सिंगल-डोज़ पेन खरीदने पड़ते हैं, लेकिन ज़ाइडस ने एक नया और अलग तरह का दोबारा इस्तेमाल होने वाला मल्टी-डोज़ पेन पेश किया है। इस पेन की मदद से डॉक्टर और मरीज एक ही पेन से अलग-अलग डोज़ आसानी से चुनकर ले सकेंगे। इससे इलाज को जारी रखना आसान होगा, सुविधा बढ़ेगी और कुल खर्च भी काफी कम हो जाएगा। ज़ाइडस का सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन 15 मिलीग्राम/3 मिलीलीटर कार्ट्रिज में उपलब्ध होगा और इसकी मैन्युफैक्चरिंग अहमदाबाद स्थित ज़ाइडस बायोटेक पार्क में किया जाएगा।

# कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल



■ पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से निवेशकों की धारणा प्रभावित

■ रामनवमी पर गुरुवार को शेयर बाजार रहेगा बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से जुड़े घटनाक्रमों और कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी। विशेषज्ञों ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि वैश्विक बाजारों के रुझान, विदेशी निवेशकों के रुख और रुपये-डॉलर की चाल भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेगी।

'राम नवमी' के उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे।'मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच इस सप्ताह बाजार आंकड़ों के प्रति संवेदनशील रह सकता है। पश्चिम एशिया संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव प्रमुख बाहरी कारक बने रहेंगे और निकट अवधि में बाजार रुझान को तय करेंगे। मिश्रा ने आगे कहा, ''घरेलू मोर्चे पर निवेशक विनिर्माण, सेवाओं और कंपोजिट श्रेणियों के लिए एचएसबीसी के पीएमआई के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे, जो व्यावसायिक गतिविधियों के रुझानों का शुरुआती संकेत देगा।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कमजोर होते रुपये और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का भारत की वृद्धि और कॉरपोरेट आय पर पड़ने वाले प्रभाव की चिंताओं के कारण, विदेशी निवेशकों ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 88,180 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं।

### पिछले सप्ताह सेंसेक्स में 31 अंक की गिरावट

कच्चे तेल की कीमतों में कमी या तनाव कम होने के किसी भी संकेत से तेजी आ सकती है, जबकि तनाव बढ़ने से बाजार पर और दबाव पड़ सकता है। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 30.96 अंक (0.04 प्रतिशत) और एनएसई निफ्टी में 36.6 अंक (0.15 प्रतिशत) की गिरावट दर्ज की गई थी।

## राशिफल

**मेष** मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

# भारत एक दीर्घकालिक निवेश बाजार : अमेजन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




■ ई-कॉमर्स में वृद्धि की जबर्दस्त गुंजाइश

अमेजन भारत को एक दीर्घकालिक निवेश बाजार के रूप में देखती है, जहां ई-कॉमर्स अभी भी अपने शुरुआती चरण में है। कंपनी के एक वरिष्ठ कार्यकारी ने कहा कि मजबूत व्यापक आर्थिक आधार और सकारात्मक उपभोक्ता धारणा के दम पर यहां वृद्धि की पर्याप्त गुंजाइश है। अमेजन के भारत और ऑस्ट्रेलिया के परिचालन उपाध्यक्ष अभिनव सिंह ने कहा कि कंपनी ने हाल में 12.5 करोड़ उत्पादों पर 'शून्य रेफरल शुल्क' का विस्तार किया है, जिस पर विक्रेताओं से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने कहा, ''विक्रेता न केवल शुल्क कटौती से उत्साहित हैं, बल्कि वे इन लाभ को ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए भी उत्सुक हैं। इससे बाजार में बेहतर कीमतें मिल सकेंगी। साथ ही, वे अपना मार्जिन भी सुधार पा रहे हैं। सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि भारत के लिए कंपनी का नजरिया बेहद मजबूत है। उन्होंने कहा, ''हमारा मानना है कि भारत में ई-कॉमर्स अभी बस शुरू ही हुआ है।

*35 अरब डॉलर निवेश की घोषणा : अमेजन ने हाल ही में 2030 तक भारत में अपने व्यवसायों में 35 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की घोषणा की है, जो इस बाजार में पहले से निवेश किए गए करीब 40 अरब डॉलर के अतिरिक्त होगा। दिसंबरख 2025 की घोषणा के अनुसार, यह निवेश एआई-संचालित डिजिटलीकरण, निर्यात वृद्धि और रोजगार सृजन जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित होगा।*

## आरबीआई ने एचएसबीसी पर लगाया 31 लाख का जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने हांगकांग एंड शंघाई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एचएसबीसी) पर 31.8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। बैंक पर निष्क्रिय खातों और बिना दावे वाली जमा राशि से जुड़े कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने का आरोप है। आरबीआई ने बयान में कहा कि बैंक की निगरानी संबंधी जांच उसके 31 मार्च, 2025 तक के वित्तीय हालात के आधार पर की गई थी। जांच में आरबीआई के निर्देशों के पालन में कमी मिलने के आधार पर बैंक को नोटिस जारी किया गया।

## शब्द पहेली - 6173



**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

### शब्द पहेली- 6172 का हल







## कभी-कभी स्कोरबोर्ड मायने रखता है: सिनर

*जीत के बाद सिनर ने कहा, मुझे लगता है कि कभी-कभी स्कोरबोर्ड मायने रखता है। मेरे लिए, मैं एक खिलाड़ी के तौर पर बेहतर होने की कोशिश करता हूं और खुद को ज्यादा से ज्यादा मैच खेलने की स्थिति में रखता हूं। मैं हमेशा हर विरोधी के साथ एक जैसा बर्ताव करता हूं, कोर्ट पर आकर अच्छे रवैये के साथ अपना बेस्ट देने की कोशिश करता हूं और इसके लिए पूरी कोशिश करता हूं।*

### मियामी ओपन: यानिक ने दामिर जुमहुर को 6-3, 6-3 से हराया

# सिनर ने की जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी

एजेंसी ▸▸ मियामी

यानिक सिनर ने हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए मियामी ओपन के पहले राउंड के मुकाबले नें दामिर जुमहुर को 6-3, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ सिनर ने दिग्गज नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। सिनर मैच में अपनी डिलीवरी से सिर्फ आठ अंक पीछे रह गए। नवंबर में पेरिस मास्टर्स और इंडियन वेल्स में अपने खिताबी जीत के बाद अब एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट्स में लगातार 24 सेट जीत कर नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। उनके पास 30वीं सीड कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ अपने तीसरे राउंड के मुकाबले का पहला सेट जीतकर जोकोविच से आगे निकलने का मौका होगा, जिन्होंने टॉमस माचाक को 6-0, 1-6, 6-4 से हराया था।

## 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाले खिलाड़ी बनने की कोशिश

सिनर मियामी में अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व में 2024 में वह चैंपियन रहे थे। सिनर के पास साउथ फ्लोरिडा में डिफेंड करने के लिए कोई एटीपी रैंकिंग पॉइंट नहीं है, जिससे उन्हें विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के साथ अपनी लड़ाई में और मोमेंटम बनाने का मौका मिल रहा है। इंडियन वेल्स में 2026 के लिए अपनी पहली ट्रॉफी उठाने के बाद, इटालियन खिलाड़ी 2017 में रोजर फेडरर के बाद मशहूर 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाले पहले खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे हैं।



## ज्वेरेव ने की जीत के साथ शुरुआत

इंडियन वेल्स के सेमी-फाइनलिस्ट ज्वेरेव ने मियामी ओपन में अपने कैंपेन की शुरुआत जीत के साथ की है। जर्मन खिलाड़ी ने वाइल्डकार्ड मार्टिन डैम को 6-2, 6-4 से आसानी से हराकर अपना पहला मुकाबला आसानी से जीता। इस जीत ने इस दशक में एटीपी मास्टर्स 1000 लेवल पर ज्वेरेव के शानदार रिकॉर्ड को और मजबूत किया, जिससे उनकी जीत की संख्या 103 हो गई। इसने टॉप 100 से बाहर रैंक वाले खिलाड़ियों के खिलाफ उनके दबदबे को भी बढ़ाया और हाल के सीजन में बाएं हाथ के खिलाड़ियों के खिलाफ अपनी जीत की लय बरकरार रखी। ज्वेरेव अब अनुभवी खिलाड़ी मारिन सिलिक से भिड़ेंगे। क्रोएशियाई खिलाड़ी ने तीन सेट के कड़े मुकाबले में ब्रैंडन नाकाशिमा को हराकर जीत हासिल की, और जीत के रास्ते में एक मैच अंक बचाया।

## शेवचेंको ने की जबरदस्त वापसी, पहुंचें तीसरे राउंड में

एलेक्जेंडर शेवचेंको ने जबरदस्त वापसी करते हुए अपने पसंदीदा बेन शेल्टन को नॉक आउट कर दिया, जबकि तीसरी सीड वाले ज्वेरेव रविवार को मियामी ओपन में आराम से तीसरे राउंड में पहुंच गए। शेवचेंको ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरे राउंड के मैच में शेल्टन पर 6-7(3), 7-6(3), 6-3 से जीत हासिल की, जिससे अमेरिकी खिलाड़ी अपने होम स्टेट फ्लोरिडा के सबसे बड़े टूर्नामेंट में से एक में एक बार फिर जल्दी बाहर हो गए। यह जीत वर्ल्ड नंबर 84 के टॉप 10 अपोनेंट पर करियर की तीसरी जीत थी और इससे उन्हें चौथी बार एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के तीसरे राउंड में पहुंचने में मदद मिली। कजाकिस्तान का यह खिलाड़ी दूसरा सेट लगभग हार ही गया था, लेकिन टाई-ब्रेक में उसने अपना लेवल बढ़ाकर निर्णायक सेट करा दिया। फिर उसने तीसरे सेट में आक्रामक टेनिस खेला, और शेल्टन पर दबाव डालने के लिए जल्दी निर्णायक ब्रेक हासिल किया।



## खबर संक्षेप



### पीएसएल को झटका, राजस्थान रॉयल्स से जुड़ेंगे शनाका

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान सुपर लीग को एक और करारा झटका लगा जब श्रीलंका के कप्तान और हरफनमौला दासुन शनाका ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग में चोटिल सैम कुरेन की जगह राजस्थान रॉयल्स से जुड़ने का फैसला किया। इससे पहले जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी ने मुस्ताफिजूर रहमान की जगह कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के लिए इस्लामाबाद युनाइटेड के साथ करार तोड़ा था। टीम के एक सूत्र ने बताया,' पीएसएल के साथ औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दासुन आईपीएल करार पर हस्ताक्षर करेंगे।

### 26 मार्च से दर्शकों के बिना होगा पीएसएल

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि ईरान-अमेरिका-इस्राइल युद्ध के कारण क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पाकिस्तान सुपर लीग का पहला चरण दर्शकों के बिना होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने कहा कि पीएसएल का यह सत्र कराची और लाहौर में ही खेला जाएगा। उन्होंने कहा,' पीएसएल अंतरराष्ट्रीय ब्रांड और हमारा गौरव है। यह लीग 26 मार्च से ही होगी लेकिन दर्शकों को अनुमति नहीं रहेगी। 'नकवी ने कहा, 'क्षेत्र के हालात को देखते हुए मितव्ययिता की दृष्टि से यह कदम उठाया गया है।




### सही दिशा में आगे बढ़ रही है पंजाब किंग्स टीम: इरफान

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का कहना है कि नीलामी में समझदारी भरे और साहसिक फैसले लेने के बाद पंजाब किंग्स अब ' सही दिशा में आगे बढ़ रही है', जिससे इंडियन प्रीमियर लीग खिताब के लिए उसका लंबा इंतजार खत्म होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। पठान ने कहा कि नेतृत्व में स्पष्टता और अच्छी टीम का चयन करने से पंजाब बेहतर प्रदर्शन करने लग गया है। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली यह टीम पिछले साल उपविजेता रही थी।



### न्यूजीलैंड पर भारी पड़े अफ्रीकी स्पिनर्स 145 रन पर किया ढेर

# दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को दी पटखनी, सीरीज में 2-2 की बराबरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

साउथ अफ्रीका के स्पिनर्स ने कमाल का खेल दिखाया, जिसका नतीजा ये रहा कि साउथ अफ्रीका ने चौथे टी20 पर कब्जा कर लिया है। अफ्रीकी टीम ने न्यूजीलैंड को 19 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ सीरीज फिलहाल दो-दो की बराबरी पर है और आखिरी और 5वां टी20 25 मार्च को खेला जाएगा।

## न्यूजीलैंड की बैटिंग रही फ्लॉप

न्यूजीलैंड के लिए चौथा टी20 मुकाबला आसान हो सकता था। टीम ने अफ्रीकी टीम को 5 विकेट पर 164 रन पर रोक लिया था। न्यूजीलैंड की टीम जब लक्ष्य का पीछा करने उतरी तब 10 ओवरों में टीम ने 3 विकेट गंवा 88 रन बना लिए थे। टीम सेशन में लगातार विकेट गंवाती रही और 18.5 ओवरों में पूरी टीम 145 रन पर ढेर हो गई। मैच उस वक्त साउथ अफ्रीका के पाले में चला गया जब टीम के फेवरेट स्पिनर केशव महाराज और प्रेनेलन सुब्रयन ने मिडिल ओवरों में न्यूजीलैंड टीम पर पूरा दबाव बना दिया था।



### न्यूजीलैंड के रॉबिन्सन ने खेली शानदार पारी

न्यूजीलैंड की बैटिंग की बात करें तो टीम के ओपनर टीम रॉबिन्सन ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। उनके अलावा और कोई बैटर कुछ खास नहीं कर पाया। डेन क्लेवर ने 26, निक केली ने 19, कोल मैकॉन्ची ने 10 और जोश क्लार्कसन ने 10 रन बटोरे।

# आईपीएल 2026: एलएसजी के लिए बैटिंग पोजिशन में बदलाव करेंगे पंत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत की टी20 टीम में वापसी करने की कवायद में लगे ऋषभ पंत 28 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान के रूप में पंत के लिए यह सत्र निर्णायक साबित हो सकता है। उनके लिए काफी कुछ दांव पर लगा है क्योंकि फ्रेंचाइजी ने 2025 की मेगा नीलामी में उन्हें रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में अपनी टीम से जोड़ा था। पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अगर पंत इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो वह भविष्य में भारत की टी20 योजनाओं का हिस्सा बन सकते हैं।



### ऋषभ का पिछले प्रदर्शन निराशाजनक

आईपीएल सूत्रों के अनुसार, 'टीम प्रबंधन और पंत दोनों इस बात से सहमत हैं कि उनके लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना उपयुक्त होगा। इस साल उनके शीर्ष क्रम में एडन मार्क्रम, मिचेल मार्श और पंत शामिल होंगे।'

### पंत के लिए आगामी सत्र महत्वपूर्ण

पंत के लिए आईपीएल का आगामी सत्र काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें वह अपनी कीमत को जायज ठहराने के अलावा खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने की भी कोशिश करेंगे। पंत ने पिछले सत्र में अधिकतर समय चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की थी लेकिन तब वह आखिर के कुछ मैचों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे। उस समय तक हालांकि लखनऊ की वापसी की संभावना समाप्त हो गई थी। पंत के तीसरे नंबर पर उतरने का मतलब होगा कि निकोलस पूरन को बल्लेबाजी क्रम में नीचे आना पड़ेगा। एलएसजी की टीम अभी लखनऊ में अपने घरेलू मैदान पर अभ्यास कर रही है।

## ऑस्ट्रेलिया का घरेलू इंटरनेशनल सीरीज का शेड्यूल जारी, भारत के खिलाफ पांच टेस्ट

एजेंसी ▸▸ मेलबर्न

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपना 2026-27 का अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर जारी किया, जिसमें उसका कार्यक्रम काफी व्यस्त है और इसलिए उसे जनवरी से मार्च तक भारत में होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला की प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले तैयारी के लिए बहुत कम समय मिलेगा। अगले साल भारत के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला पैट कमिंस की उम्रदराज टीम के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। उसको इसके लिए तैयारी का बहुत कम समय मिलेगा क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को दिसंबर और मार्च के बीच 14 सप्ताह के अंदर 10 टेस्ट मैच खेलने हैं।




## डुप्लांटिस ने चौथी बार जीता विश्व इंडोर पोल वॉल्ट खिताब

एजेंसी ▸▸ टोरुन




आर्मंड डुप्लांटिस ने यूनान के एम्मानौइल करालिस से कड़ी टक्कर मिलने के बावजूद अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए पोल वॉल्ट में एक और विश्व खिताब जीता। डुप्लांटिस ने 6.25 मीटर की कूद लगाकर लगातार चौथी बार विश्व इंडोर चैंपियनशिप जीती, जो कि एक साल पहले नानजिंग में उनके पिछले रिकॉर्ड से 10 सेंटीमीटर अधिक है। इन दोनों के अलावा अन्य खिलाड़ी 6.05 मीटर तक ही पहुंच पाए। डुप्लांटिस ने 6.10, 6.15 और फिर 6.25 मीटर कूद लगाई। करालिस ने 6.10 और 6.15 मीटर की लंबाई सफलतापूर्वक पार की, लेकिन 6.25 पर अपने प्रयास में चूक गए, और लगातार दूसरे वर्ष उपविजेता रहे। डुप्लांटिस ने अपना पोल एक तरफ रख दिया और अपने 6.31 मीटर के उस विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास नहीं किया, जो उन्होंने पिछले सप्ताह स्वीडन में उनके नाम पर आयोजित मोंडो क्लासिक प्रतियोगिता में बनाया था।

## प्रमोद को दो स्वर्ण और एक रजत, भारत का स्पेनिश पैरा बैडमिंटन में उम्दा प्रदर्शन

**विटोरिया (एजेंसी)।** पैरालम्पिक चैम्पियन प्रमोद भगत ने स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2026 में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता । भगत ने पुरूष एकल एसएल3 में भारत के ही नितेश कुमार को 21 . 17, 10 . 21, 21 . 18 से हराया । मिश्रित युगल में उन्होंने मनीषा रामदास के साथ स्वर्ण पदक जीता । भारतीय जोड़ी ने ब्राजील के रोजेरियो जूनियर जेवियर डि ओलिवियरा और एडवर्डो डि ओलिवियरा डायस को 13 . 21, 21 . 12, 21 . 19 से मात दी । भगत ने पुरूष युगल एसएल3 और एसयू5 श्रेणी में सुकांत कदम के साथ रजत पदक जीता । सुकांत ने पुरूष एकल एसएल4 फाइनल में कोरिया के चो नदान को 21 . 16, 21 . 17 से हराया । नितेश ने पुरूष एकल एसएल3 में रजत और जगदीश ने कांस्य पदक जीता । नीरज ने महिला एकल एसएल3 में कांस्य पदक हासिल किया । पुरूष युगल एसएल3 और एसयू 5 में दीप रंजन बिसोइ और कुलदीप एम ने कांस्य पदक जीता । मिश्रित युगल एसएल3 और एसयू 5 में शिवम यादव और नीरज, नितेश कुमार और टी मुरूगेसन ने कांस्य पदक जीता ।

### बुंडेसलीगा फुटबॉल टूर्नामेंट

# खिताब के करीब बायर्न म्यूनिख केन ने दागा शानदार गोल



एजेंसी ▸▸ बर्लिन

इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने एक बार फिर गोल किया, जिससे बायर्न म्यूनिख ने यूनियन बर्लिन को 4-0 से हराकर 14 वर्षों में अपना 13वां बुंडेसलीगा फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीतने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाया। केन ने हाफ टाइम के बाद जर्मनी की इस लीग के वर्तमान सत्र में अपना 31वां गोल दागा। अभी इस लीग में सात दौर का खेल होना बाकी है और ऐसे में केन के पास रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के एक सत्र में सर्वाधिक 41 गोल करने का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। बायर्न की तरफ से सर्गे ग्नाब्री ने दो गोल किए और माइकल ओलिस ने भी एक गोल दागा। इस तरह से उसके इस सत्र में 97 गोल हो गए हैं और वह 1971-72 में बनाए गए 101 गोल के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गया है। बायर्न के इस जीत से 27 मैच में 70 अंक हो गए हैं और वह दूसरे नंबर पर काबिज डॉर्टमंड से नौ अंक आगे हो गया है।

### न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3-1 की बढ़त

# न्यूजीलैंड ने टी20 सीरीज पर जमाया कब्जा

एजेंसी ▸▸ वेलिंगटन

साउथ अफ्रीका की महिला टीम को न्यूजीलैंड ने अपने घर पर खेली जाने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के चौथे मैच में भी हराया दिया। न्यूजीलैंड के लिए जेस केर ने तीन विकेट चटकाए, जबकि साउथ अफ्रीका ने 159 रन का टोटल बनाया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की धाकड़ बल्लेबाज सोफी डिवाइन ने 34 गेंद में छह चौके और चार छक्के की मदद से 64 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिससे उनकी टीम ने आसानी से 18.3 ओवर में चार विकेट पर 160 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की टी20 सीरीज पर 3-1 से कब्जा जमा लिया है।

- साउथ अफ्रीका ने 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन बनाए



### न्यूजीलैंड के लिए जेस केर ने लिए तीन विकेट

वेलिंगटन के मैदान में साउथ अफ्रीका की महिला टीम पहले बैटिंग करने उतरी। नंबर चार पर आने वाली एनेरी डर्कसेन ने 32 गेंद में आठ चौके और एक छक्का लगाकर 55 रन की नाबाद पारी खेली, जिससे साउथ अफ्रीका ने 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन का टोटल खड़ा किया। न्यूजीलैंड के लिए सबसे अधिक तीन विकेट जेस केर ने चार ओवर में सिर्फ 16 रन देकर लिए।

### सोफी ने खेली तूफानी पारी

160 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 57 रन के स्कोर तक दो विकेट खो चुकी थी। तभी नंबर चार पर आने वाली सोफी डिवाइन ने मोर्चा संभाला और कप्तान ऐमिलिया केर ने उनका साथ निभाया। ऐमिलिया केर ने 29 गेंद में चार चौके लगाकर 31 रन बनाए, जबकि सोफी डिवाइन ने 34 गेंद में छह चौके और चार छक्के की मदद से 64 रन की पारी खेली। इसके चलते न्यूजीलैंड की महिला टीम ने 18.3 ओवर में चार विकेट पर 160 रन बनाकर छह विकेट से जीत दर्ज की।

## चेन्नई सुपर किंग्स ने सुरेश रैना, मैथ्यू हेडन को पहले हाफ आफ फेम में शामिल किया

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को भारत के पूर्व हरफनमौला सुरेश रैना और आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को टीम के पहले 'हाल आफ फेम' में शामिल किया । यह घोषणा एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर टीम के प्रशंसकों के लिये विशेष कार्यक्रम ' रोअर 26' के दौरान की गई । रैना 2008 से 2021 तक चेन्नई टीम का हिस्सा थे ।वह चार बार आईपीएल में चेन्नई की विजेता टीम (2010, 2011, 2018 और 2021)के सदस्य रहे । प्रशंसकों के बीच 'चिन्ना थाला' के नाम से मशहूर रैना 2010 और 2014 में चैम्पियंस लीग जीतने वाली चेन्नई टीम में भी थे और 2014 में 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' रहे थे । चेन्नई के लिये उन्होंने सर्वाधिक 5529 रन बनाये हैं । हेडन 2008 से 2010 तक चेन्नई टीम में थे ।




# ट्रंप बोले- 48 घंटे के भीतर होर्मुज मार्ग खोले ईरान, नहीं तो मचा देंगे तबाही, तेहरान ने कहा- दुश्मनों को छोड़कर सभी के लिए खुला



**ट्रंप की धमकी के बाद ईरान ने इजराइल पर 4 मिसाइलें दागीं, 300 लोग घायल**

एआई इमेज



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की नाक में दम करने वाला ईरान किसी भी सूरत में झुकने को तैयार नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी देते हुए कहा कि 48 घंटे के भीतर होर्मुज मार्ग को ईरान खोल दे, वरना तबाही मचा देंगे। ट्रंप का इतना कहना ही था कि ईरान ने सीधे तौर पर कहा कि यह मार्ग दुश्मनों को छोड़कर सभी के लिए खुला। धमकी के बदले ईरान के जवाब को चार घंटे भी नहीं हुए और रविवार को 4 मिसाइलें इजराइल पर दाग दीं, इस हमले में 300 लोग घायल हो गए। इजराइली विदेश मंत्रालय और स्वास्थ्य सेवाओं के अनुसार, घायलों में बच्चे भी शामिल हैं। इससे पहले ईरान ने शनिवार रात भी इजराइल के डिमोना और अराद शहरों पर हमला किया था। यहां इजराइल का बड़ा न्यूक्लियर प्लांट है। ईरान की ओर से यह हमले ट्रंप की धमकी के बाद बढ़े हैं। दरअसल, ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर धमकी देते हुए लिखा- अगर 48 घंटे के भीतर होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह नहीं खोला गया, तो अमेरिका ईरान के पावर प्लांट पर हमला करेगा। शुरुआत सबसे बड़े प्लांट से होगी। वहीं, ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर उसके पावर प्लांट को निशाना बनाया गया, तो वह मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इजराइल से जुड़े सभी ऊर्जा ढांचों पर हमला करेगा। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खोलने को लेकर ईरान के एक अधिकारी ने उपरोक्त बातें संयुक्त राष्ट्र की समुद्री संस्था से कही।

## ब्रिटेन ने परमाणु सबमरीन को किया तैनात

ब्रिटिश मीडिया ने सैन्य सूत्रों के हवाले से बताया कि एक न्यूक्लियर पावर वाली रॉयल नेवी सबमरीन अरब सागर में पहुंच गई है, जो ईरान पर क्रूज मिसाइल से हमला करने में सक्षम है। सबमरीन, एचएमएस एनसन में टॉमहॉक ब्लॉक लैंड-अटैक मिसाइलें और स्पीयरफिश हेवीवेट टॉरपीडो लगे हैं, और माना जा रहा है कि यह उत्तरी अरब सागर के गहरे पानी में है। इसका मतलब है कि अगर लड़ाई बढ़ती है तो ब्रिटिश सेना के पास ईरान पर हमला करने की क्षमता है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, अगर प्रधानमंत्री से इजाजत मिलती है, तो एचएमएस एनसन को फायर करने का आदेश दिया जाएगा और यह सतह के करीब जाकर चार मिसाइलें दागेगा। डाउनिंग स्ट्रीट के एक बयान के मुताबिक, शुक्रवार को ब्रिटेन ने अमेरिका को ब्रिटिश बेस का इस्तेमाल करने की इजाजत देने पर सहमति जताई थी, ताकि ईरान की ओर से होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों पर हमला करने के लिए इस्तेमाल की जा रही मिसाइल साइट्स और क्षमताओं को नष्ट किया जा सके। जारी बयान में कहा गया कि ब्रिटेन होर्मुज स्ट्रेट में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग को सुरक्षित रखने के लिए योजना बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ काम कर रहा है। इस कदम के बावजूद बयान में जोर दिया गया कि ब्रिटेन बड़े झगड़े में नहीं पड़ना चाहता है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने अपने ब्रिटिश समकक्ष यवेट कूपर को ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल के हमले में कोई भी मदद न करने की चेतावनी दी और कहा कि इस तरह की मदद से तनाव और बढ़ेगा।

## ईरान युद्ध में अमेरिका के लड़ाकू विमान गिरे, खुली पोल



खुद को दुनिया का सबसे बड़ा सैन्य रणनीतिकार बताने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय गहरे सदमे में हैं। साल 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय विमानों के गिराये जाने पर बड़े-बड़े दावे करने वाले डोनाल्ड ट्रंप अब अपने ही विमानों के गिरने पर खामोश हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान-इजराइल युद्ध के शुरुआती 21 दिनों में ही अमेरिका ने कुल 16 मिलिट्री एयरक्राफ्ट खो दिए हैं, जिनमें एफ-35 सहित 4 लड़ाकू विमान और 12 एमक्यू-9 रीपर ड्रोन शामिल हैं। खास बात यह है कि अमेरिका ने इन मिलिट्री एयरक्राफ्ट में ही तकरीबन 5000 करोड़ रुपए का नुकसान अबी तक उठाया है। इस रकम में ईरान द्वारा मिडिल-ईस्ट के देशों में अमेरिकी बेस पर हुए हमले का नुकसान का जिक्र नहीं है। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे की पोल खुल गई है, जो उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान साल 2025 में किया था। हैरानी की बात यह है कि एक तरफ अमेरिका कह रहा है कि ईरान की मिसाइल ताकत खत्म हो रही है, वहीं दूसरी ओर उसे अब तक 5000 करोड़ रुपए से ज्यादा का आर्थिक फटका लग चुका है। एक केसी-135 टैंकर की कीमत 800 करोड़ और एक एफ-15 की कीमत 900 करोड़ रुपये है. अमेरिका इन नुकसानों को 'हादसा' बताकर छिपाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि ईरान ने कतर से लेकर यूएई तक फैले अमेरिकी रडार नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है।

### स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बिछी बारूदी सुरंग...

## जहाजों के लिए मौत की घंटी, जापान ने ईरान के सामने रखा सुरंगें हटाने का प्रस्ताव

मिडिल ईस्ट में छिड़ी जंग के केंद्र में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज आ गया है। ये वो रास्ता है, जहां से दुनियाभर में तेल और गैस की सप्लाई प्रभावित हो गई है। ईरान ने इस जलमार्ग में बारूदी सुरंग बनाई हुई है, जिससे जहाजों पर हमला करके उन्हें पूरी तरह तबाह किया जा सकता है। ईरान की बनाई इस बारूदी सुरंग से दुनिया के सभी देशों को खतरा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्ग है। इसके बाधित होने से दुनिया में तेल की सप्लाई पर प्रभाव पड़ा है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज वैश्विक तेल आपूर्ति का करीब 20-25 फीसद हिस्सा संभालता है। यह ऊर्जा सुरक्षा के लिए बेहद अहम है और ईरान ने अब इस जलमार्ग को बंद करके दुनिया के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इस जलमार्ग में बिछी बारूदी सुरंग से यहां से आने-जाने वाले जहाजों पर हर वक्त बम विस्फोट का खतरा बना रहता है, क्योंकि इस सुरंग का रिमोट कंट्रोल ईरान के हाथ में है। मिडिल ईस्ट में ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच चल रहे इस युद्ध का आज 23वां दिन है। जापान ने इस होर्मुज जलडमरूमध्य की बारूदी सुरंग को नेस्तनाबूद करने के लिए प्रस्ताव रखा है। इस जंग के बीच आज रविवार को जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने प्रस्ताव रखा कि अगर मिडिल ईस्ट में सीजफायर हो जाता है तो जापान माइनस्वीपर जहाजों के जरिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बिछे बारूद के जाल को हटा सकता है।

**वैश्विक तेल आपूर्ति का 20-25% हिस्सा प्रभावित**

### माइंस को निष्क्रिय करते हैं माइनस्वीपर जहाज

जापान के पास ऐसे विशेष माइनस्वीपर जहाज हैं, जो समुद्र में बिछी संभावित माइंस को निष्क्रिय करने की ताकत रखते हैं और जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग देते हैं। जापान के पास समुद्र में बिछी मांइस का खात्मा करने वाला सबसे सक्षम संगठन मैरीटाइम सेल्फ-डिफेंस फोर्स है, जो कि आधुनिक तकनीकों से लैस है। जापान के पास मौजूद माइनस्वीपर जहाजों में 'आवाजी क्लास' जैसी आधुनिक तकनीक है। इसमें खास बात यह है कि इन जहाजों को फाइबर-रीइन्फोर्स्ड प्लास्टिक से बनाया जाता है, जिसे इन जहाजों पर माइंस का चुबंकीय असर नहीं होता और ये जहाज माइंस के खतरे से बच जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### सऊदी ने ईरान के सैन्य अटैची को हटाया



**दुबई।** सऊदी अरब ने अपने क्षेत्र पर बार-बार होने वाले हमलों का हवाला देते हुए ईरानी सैन्य अधिकारियों और दूतावास के कर्मचारियों को निष्कासित कर दिया। कतर ने तेहरान पर आक्रामकता और अपनी संप्रभुता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए ईरानी अधिकारियों को निष्कासित कर दिया था। सऊदी अरब ने ईरान के सैन्य अटैची, उनके सहायकों को देश छोड़ने का कहा है।

### इजराइलियों ने वेस्ट बैंक में फलस्तीनियों की कारें तोड़ी



**तेलअवीव।** इजराइली बस्तियों में रहने वाले लोगों ने शनिवार की रात और रविवार की सुबह तक फलस्तीनी गांवों में जमकर उत्पात मचाया, गाड़ियां तोड़ीं, आगजनी की और कई लोगों को घायल कर दिया। इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में हिंसा की यह एक नई घटना है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार रविवार को कम से कम छह बस्तियों में हुए हमलों की सूचना दी।

### युद्ध में ईरान में मृतक संख्या 1,500 के पार पहुंची



**तेहरान।** अमेरिका और इजराइल द्वारा हमले शुरू किए जाने के बाद से ईरान में युद्ध के दौरान 1,500 से अधिक लोग मारे गए हैं। सरकारी प्रसारणकर्ता ने स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी। इस बीच, स्थानीय निवासियों ने कहा कि रमजान समाप्त होने के दौरान ईरान की राजधानी में भारी हवाई हमले हुए।

### अमेरिका अपनी समृद्धि बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार

# अमेरिका विश्व ऊर्जा बाजार पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है: रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव

### यूरोपीय नेता रूसी ऊर्जा संसाधन ठुकरा रहे हैं

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रूसी मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि अमेरिका ग्लोबल एनर्जी मार्केट में अपना दबदबा बनाने की नीति अपना रहा है। विदेश मंत्री लावरोव ने शनिवार को कहा, अमेरिका को सिर्फ अपने हितों की फिक्र है। वह अपनी समृद्धि बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहता है, चाहे वह तख्तापलट हो, अपहरण हो या उन देशों के नेताओं को निशाना बनाना हो जिनके पास वाशिंगटन के लिए अहम प्राकृतिक संसाधन हैं। यह पूरा मुद्दा तेल से जुड़ा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, लावरोव ने आगे कहा कि अमेरिका इस उसूल को मानता है कि उसके फायदे हमेशा अंतरराष्ट्रीय समझौतों से पहले आते हैं। अमेरिका ने पहले भी यूरोपीय एनर्जी बाजार में रूस को अलग-थलग किए जाने का स्वागत किया और करता रहेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रूस के साथ सहयोग करने के लिए अमेरिका को पहले रूस के पक्ष की इज्जत करनी होगी। इससे पहले शुक्रवार को रूसी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि यूरोपीय नेता रूसी ऊर्जा संसाधनों को लगातार ठुकराकर जानबूझकर अपने देशों को संकट और ऊर्जा की कमी की स्थिति में धकेल रहे हैं। मारिया जखारोवा ने अपने एक पोस्ट में कहा, यह कोई तकनीकी आपदा या कोई प्राकृतिक आपदा नहीं है जो यूरोपीय यूनियन में वैश्विक संकट पैदा कर रही है, बल्कि यह उसके अपने नेताओं के फैसले हैं, जो बस हालात बदल रहे हैं। यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने ईयू के निश्चित रुख की पुष्टि की। यह मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच, यूरोप में गंभीर एनर्जी संकट की स्थिति में भी सदस्य देशों को रूसी प्राकृतिक गैस खरीदने से साफ तौर पर रोकता है। हालांकि ईयू के इस रुख का कुछ सदस्य देशों ने विरोध किया था, जो रूस की एनर्जी सप्लाई पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने इस महीने की शुरुआत में ईयू से रूसी एनर्जी पर लगे बैन को रोकने की अपील की थी और चेतावनी दी कि तेल की बढ़ती कीमतें और सप्लाई में रुकावटें इलाके की ऊर्जा सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती हैं।

**अपने हितों के लिए तख्ता पलट अपहरण जैसे काम भी कर रहा है**



एआई इमेज

### ईयू के रुख का कई सदस्य देशों ने किया विरोध

*यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने ईयू के निश्चित रुख की पुष्टि की। यह मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच, यूरोप में गंभीर एनर्जी संकट की स्थिति में भी सदस्य देशों को रूसी प्राकृतिक गैस खरीदने से साफ तौर पर रोकता है। हालांकि ईयू के इस रुख का कुछ सदस्य देशों ने विरोध किया था, जो रूस की एनर्जी सप्लाई पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने इस महीने की शुरुआत में ईयू से रूसी एनर्जी पर लगे बैन को रोकने की अपील की थी और चेतावनी दी कि तेल की बढ़ती कीमतें और सप्लाई में रुकावटें इलाके की ऊर्जा सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती हैं।*

### चेतावनी के बाद छोड़े गए

## कोस्ट गार्ड मुख्यालय के पास उड़ा रहे थे ड्रोन, 2 अमेरिकी पर्यटकों पर केस दर्ज

एजेंसी ▶▶ कोच्चि



केरल के कोच्चि में दो अमेरिकी नागरिकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दोनों अमेरिकी नागरिकों पर प्रतिबंधित इलाके में ड्रोन उड़ाकर वीडियो रिकॉर्ड करने का आरोप है। उन पर एयरक्राफ्ट एक्ट और ड्रोन नियमों के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल उन्हें चेतावनी देकर छोड़ा गया है। केरल के कोच्चि से एक अहम मामला सामने आया है, जहां सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने पर दो अमेरिकी पर्यटकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दरअसल, फोर्ट कोच्चि इलाके में स्थित कोस्ट गार्ड मुख्यालय के पास ड्रोन उड़ाना सख्त मना है, क्योंकि यह इलाका 'रेड जोन में आता है और यहां नौसेना व तटरक्षक बल की महत्वपूर्ण गतिविधियां होती हैं। पुलिस के मुताबिक, अमेरिका के कैलिफोर्निया से आए दो पर्यटक, केटी मिशेल फेल्प्स और क्रिस्टोफर रॉस हार्वे, शनिवार सुबह इस प्रतिबंधित इलाके में ड्रोन उड़ाकर वीडियो रिकॉर्ड कर रहे थे। इसी दौरान वहां मौजूद टूरिज्म पुलिस की नजर उन पर पड़ी और दोनों को तुरंत हिरासत में ले लिया गया। जांच में सामने आया कि दोनों पर्यटक के तौर पर घूमने आए थे और संभवतः उन्हें इस इलाके में ड्रोन उड़ाने पर लगे प्रतिबंध की जानकारी नहीं थी। हालांकि, सुरक्षा के लिहाज से ऐसे मामलों को गंभीरता से लिया जाता है। पुलिस ने उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, एयरक्राफ्ट एक्ट और ड्रोन नियमों के तहत मामला दर्ज किया है। साथ ही उनका ड्रोन और लैपटॉप भी जब्त कर लिया गया है। फिलहाल, दोनों को नोटिस देकर छोड़ दिया गया है, लेकिन उन्हें आगे की जांच के लिए पुलिस के सामने पेश होना होगा। गौरतलब है कि फोर्ट कोच्चि एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है, जहां कई बार पर्यटक अनजाने में नियम तोड़ देते हैं।

### कतर में हेलिकॉप्टर हादसा

## समुद्र में गिरा हेलिकॉप्टर, 6 की मौत, एक लापता, तलाश जारी

एजेंसी ▶▶ दोहा



फाइल फोटो

कतर के समुद्री क्षेत्र में एक बड़ा हादसा सामने आया है, जहां एक हेलिकॉप्टर के क्रैश होने से 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति अब भी लापता है। इस दुर्घटना ने पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है और बचाव दल लगातार सातवें व्यक्ति की तलाश में जुटे हुए हैं। रविवार को सामने आई जानकारी के मुताबिक, ये हेलिकॉप्टर एक नियमित ऑपरेशन पर था, तभी अचानक तकनीकी खराबी आ गई। खराबी के चलते हेलिकॉप्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह कतर के समुद्री इलाके में गिर गया। हादसा इतना गंभीर था कि उसमें सवार ज्यादातर लोगों को बचाया नहीं जा सका। कतर के गृह मंत्रालय ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हेलिकॉप्टर में कुल सात लोग सवार थे। 6 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं और उनकी मौत की पुष्टि भी कर दी गई है। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि खोज और बचाव अभियान के दौरान छह लोगों को ढूंढ लिया गया।

### अमेरिकी सांसदों ने एकजुटता के साथ प्रस्ताव पास किया, कहा

## बंगाली हिंदुओं के खिलाफ पाकिस्तान के अत्याचारों को नरसंहार घोषित किया जाए

**विदेश मामलों की समिति को भेजा जाएगा प्रस्ताव**

**अभियान में नेताओं, बुद्धिजीवियों पेशेवरों और छात्रों को मारा गया**

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



फाइल फोटो

अमेरिकी सांसद ग्रेग लैंड्समैन ने प्रतिनिधि सभा में एक प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें मांग की गई है कि पाकिस्तानी सेना और उसके सहयोगी संगठन जमात-ए-इस्लामी द्वारा 25 मार्च 1971 को बंगाली हिंदुओं के खिलाफ किए गए अत्याचारों को युद्ध अपराध और नरसंहार माना जाए। ओहायो से डेमोक्रेट सांसद लैंड्समैन ने यह प्रस्ताव पेश किया, जिसे अब विदेश मामलों की समिति को भेज दिया गया है। प्रस्ताव में कहा गया है कि 25 मार्च 1971 की रात पाकिस्तान सरकार ने शेख मुजीबुर रहमान को गिरफ्तार कर लिया और उसकी सेना ने जमात-ए-इस्लामी की विचारधारा से प्रेरित उग्र इस्लामी समूहों के साथ मिलकर पूर्वी पाकिस्तान में ऑपरेशन सर्चलाइट नाम से एक व्यापक दमन अभियान शुरू किया, जिसमें नागरिकों का बड़े पैमाने पर नरसंहार किया गया। इसमें यह भी कहा गया है कि 28 मार्च 1971 को ढाका में अमेरिका के महावाणिज्य दूत आर्चर ब्लड ने वाशिंगटन को चुनिंदा नरसंहार शीर्षक से एक टेलीग्राम भेजा था, जिसमें उन्होंने लिखा था, पाकिस्तानी सेना के समर्थन से गैर-बंगाली मुसलमान गरीब बस्तियों पर संगठित हमले कर रहे हैं और बंगालियों तथा हिंदुओं की हत्या कर रहे हैं।लैंड्समैन ने बताया कि छह अप्रैल 1971 को आर्चर ब्लड ने अमेरिकी सरकार की चुप्पी पर आपत्ति जताते हुए एक संदेश भेजा था, जिस पर ढाका वाणिज्य दूतावास के 20 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे। इसे बाद में ब्लड टेलीग्राम के नाम से जाना गया। उस टेलीग्राम में कहा गया था, लेकिन हमने इस आधार पर हस्तक्षेप न करने का फैसला किया है कि अवामी संघर्ष, जिसमें दुर्भाग्यवश नरसंहार शब्द लागू होता है, एक संप्रभु देश का आंतरिक मामला है। लैंड्समैन द्वारा लाए गए प्रस्ताव में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा से आग्रह किया गया है कि वह 25 मार्च 1971 को बांग्लादेश के लोगों के खिलाफ पाकिस्तानी सशस्त्र बलों द्वारा किए गए अत्याचारों की निंदा करे। प्रस्ताव में कहा गया है कि पाकिस्तानी सेना और उसके इस्लामी सहयोगियों ने धर्म और लिंग की परवाह किए बिना जातीय बंगालियों की हत्या की, उनके नेताओं, बुद्धिजीवियों, पेशेवरों और छात्रों को मार डाला और हजारों महिलाओं को यौन दासता के लिए मजबूर किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109